


कान्हा में लौटेंगे जंगली भैंसें, काजीरंगा से

▶▶ 11

# स्वतंत्र मत


स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 930135969 पर कॉल करें।





सूर्योदय - 5.39 | सूर्यास्त - 6.36



तीखा विरोधः रेल अधिकारियों को ज्ञापन ▶▶ 5



आखिर दुनिया का थानेदार ट्रंप और उनका ▶▶ 6



आज के समय में सेल्फ-डिफेंस की शिक्षा बेहद जरूरी ▶▶ 7

# दुश्मन सेना के दांत खट्टे करेंगे तीन थिएटर कमांड

नई दिल्ली

भारत की सेना में सबसे बड़ा बदलाव अब बहुत करीब आ गया है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड्स बनाने का औपचारिक प्रस्ताव सौंप दिया है। यह प्रस्ताव कई महीनों की चर्चा के बाद तैयार किया गया है। आर्मी, नेवी और एयर फोर्स के चीफ्स और सीनियर अधिकारियों से विस्तार से बातचीत के बाद यह कदम उठाया गया है। थिएटर कमांड्स बनाना भारत का लंबे समय से लंबित सैन्य सुधार है। अगर यह मंजूर हो गया तो आजादी के बाद भारतीय सशस्त्र बलों में सबसे बड़ा पुनर्गठन होगा। इससे तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल, तेज फैसले और संसाधनों का सही इस्तेमाल होगा। थिएटर कमांड का मतलब है कि पूरे देश को कुछ बड़े क्षेत्रों में बांटकर हर क्षेत्र की जिम्मेदारी एक कमांडर को सौंप दी जाए। अभी तीनों सेनाएं अलग-अलग काम करती हैं। भारतीय थल सेना जमीन पर, भारतीय नौसेना समुद्र में और भारतीय वायु सेना हवा में। लेकिन दुश्मन से लड़ाई में तीनों को साथ मिलकर काम करना पड़ता है। थिएटर कमांड में एक ही चार स्टार अधिकारी तीनों सेनाओं के सैनिक, हथियार, टैंक, जहाज, हेलीकॉप्टर और एयरक्राफ्ट को संभालेगा। इससे फैसले तेज होंगे, कमांड और कंट्रोल एक जगह रहेगा। युद्ध में बेहतर समन्वय बनेगा। पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत ने इसी मॉडल का सुझाव दिया था।

## सेना ने राजनाथ सिंह को भेजा फाइनल प्लान



### सीडीएस के प्रस्ताव में क्या-क्या है?

प्रस्ताव में चार स्टार रैंक के थिएटर कमांडर्स बनाने की सिफारिश की गई है। ये कमांडर तीनों सेवा चीफ्स के बराबर स्तर के होंगे। हर थिएटर में तीनों सेनाओं के सैनिक और हथियार इनके अधीन काम करेंगे। साथ ही वाइस चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भी बनाए जाएंगे। हर थिएटर में डिप्टी कमांडर दूसरे सेवा से होंगे ताकि तीनों सेनाओं का पूरा प्रतिनिधित्व रहे। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि कुछ खास एयर फोर्स के सामरिक हथियार दिल्ली से ही नियंत्रित रहेंगे ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी थिएटर में तुरंत भेजे जा सकें। संसाधन बांटने और रैंकिंग के मुद्दे पर पिछले कई सालों से चर्चा चल रही थी। अब यह प्रस्ताव सभी मुद्दों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### कैसे होंगे तीन मुख्य थिएटर कमांड?

प्रस्ताव के अनुसार भारत में तीन बड़े थिएटर कमांड बनाए जा सकते हैं। पहला वेस्टर्न थिएटर कमांड जो पाकिस्तान की तरफ फोकस करेगा। इसे शायद एयर फोर्स अधिकारी संभालेगा। दूसरा नॉर्दर्न थिएटर कमांड जो चीन की सीमा पर रहेगा। इसे आर्मी अधिकारी के नेतृत्व में रखा जाएगा। तीसरा मैरीटाइम थिएटर कमांड समुद्री सुरक्षा के लिए होगा जिसे नेवी अधिकारी संभालेगा। इन तीनों कमांड में तीनों सेनाओं के सैनिक और हथियार मिलकर काम करेंगे। इससे पाकिस्तान और चीन दोनों मोर्चों पर तेज और एकीकृत जवाबी कार्रवाई संभव होगी। रक्षा मंत्रालय अब इस प्रस्ताव को मंजूरी देगा। फिर इसे कैबिनेट कमिटी ऑन सिक्योरिटी के पास भेजा जाएगा।

### ट्रैक्टर-टवेरा में टक्कर, 5 की मौत

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर आंचलखेड़ा के पास रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे टवेरा और अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली टकरा गई। हादसे में टवेरा सवार 5 लोगों की मौत हो गई। 7 लोग घायल हैं। सभी मृतक और घायल महेंद्रवाड़ी व माखननगर के रहने वाले थे। वे बुधनी में एक शादी समारोह से लौट रहे थे।

### सिविल एक्सपर्ट को भी अंतरिक्ष में भेजेगा इसरो

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने पहली बार अपने एस्ट्रोनॉट कैडर को आम नागरिकों के लिए खोलने का फैसला किया है। इसरो की एस्ट्रोनॉट सिलेक्शन कमेटी ने इसकी सिफारिश की है। हालांकि इसका क्राइटेरिया अभी जारी नहीं किया गया है। कमेटी की सिफारिश में कहा गया है कि गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के दूसरे बैच में वायुसेना के 6 पायलट के साथ 4 सिविलियन स्पेशलिस्ट शामिल किए जाएं। ये सिविलियन साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ बैकग्राउंड से होंगे।

### पराली के धुएं ने दो ट्रेनों को रोका

**ब्यावरा।** ब्यावरा में सोमवार को पराली जलाने की एक घटना ने रेलवे संचालन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। खेतों में लगी आग से उठे घने धुएं के कारण रेलवे ट्रैक पर विजिबिलिटी लगभग शून्य हो गई, जिसके चलते दो ट्रेनों को बीच रास्ते रोकना पड़ा और एक ट्रेन को सुरक्षित स्थान पर रिवर्स करना पड़ा। बीना से नागदा की ओर जा रही एक यात्री ट्रेन को ब्यावरा स्टेशन से लगभग 6 किलोमीटर पहले पीछे की ओर रिवर्स कर सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। इसके पीछे आ रही साबरमती एक्सप्रेस को भी ब्यावरा रेलवे स्टेशन पर रोकना पड़ा।

### तेजी से बढ़ रही एलपीजी की सप्लाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को कहा कि भले ही मिडिल ईस्ट तनाव ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर गहरा दबाव डाला है लेकिन देश में उर्वरकों और ईंधन की कोई कमी नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने ईंधन की उपलब्धता पर बात करते हुए बताया कि कमर्शियल एलपीजी का आवंटन 70 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। कुछ वितरक केंद्रों पर घबराहट में खरीदारी की घटनाएं आने के बावजूद सरकार के पास एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति है और किसी भी वितरक के पास कमी नहीं है। उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा शर्मा ने सोमवार को मंत्रिस्तरीय ब्रीफिंग में कहा, उर्वरकों की उपलब्धता भी मजबूत बनी हुई है।

मध्यप्रदेश विधानसभा में नारी शक्ति वंदन पर चर्चा

# ‘शेरनी’ से नहीं जीत पा रहे इसलिए बिल लाए : कांग्रेस

भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा का सोमवार को विशेष सत्र आयोजित किया गया। सदन में ‘नारी शक्ति वंदन’ विषय पर चर्चा के बीच हंगामा हुआ तो कांग्रेस विधायकों ने वॉकआउट कर दिया। इधर, कांग्रेस विधायक अभिजीत शाह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर विधानसभा जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने मंत्रालय के आगे बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया गया। शाह का कहना है कि उन्होंने ट्रैक्टर का पास बनवाया था, जबकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक्टर ले जाने की अनुमति नहीं है। इसी बात को लेकर पुलिस और विधायक के बीच जमकर बहस हुई और धक्का-मुक्की भी हुई। बाद में विधायक सदन में गेंहू का गठ्ठा लेकर चले गए। सदन पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह ने कहा कि यह लोग




महिला आरक्षण बिल इसलिए लाए क्योंकि बंगाल में चुनाव थे, लेकिन वे ममता बनर्जी से जीत नहीं पा रहे हैं। कांग्रेस विधायक नितेंद्र सिंह राठौर ने वॉकआउट को लेकर कहा कि बीजेपी महिलाओं की बात तो करती है, लेकिन जब आरक्षण लागू करने की बात आती है तो उसे परिसीमन के बाद लागू करने की बात कहती है। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को अधिकार देना ही है, तो परिसीमन का इंतजार क्यों किया जाए, इसे अभी से लागू किया जाना चाहिए। कांग्रेस पार्टी इसी मांग को रखती है। राठौर ने कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर दिखावा और नौटंकी नहीं होनी चाहिए, इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस विधायकों ने वॉकआउट किया। कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह ने कहा राम ने महिला सम्मान के लिए रावण का वध किया, लेकिन मोदी जी क्या कर रहे हैं और जसोदाबेन कहां हैं। इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने आपत्ति की। कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन करते हुए 2024 से ही संसद में 33 प्रतिशत महिला भागीदारी सुनिश्चित करने पर सहमति दी थी। केंद्र सरकार इस कानून को नए रूप में लागू करने के लिए लगातार दबाव बनाती रही। इसके राजनीतिक उपयोग की कोशिश करती रही।

### सरकार की कथनी और करनी में फर्क



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सदन में कहा कि महिला आरक्षण को लेकर सरकार स्पष्ट जवाब दे। आरक्षण कब होगा और परिसीमन कब होगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जवाब मिलता है, अगले साल होगा। इससे केंद्र की मंशा समझ आती है। सिंघार ने कहा कि सरकार 2029 और 2048 की बात करती है, लेकिन मध्यप्रदेश के मुद्दों पर ध्यान नहीं देती। उन्होंने ओबीसी आरक्षण का भी मुद्दा उठाया और कहा कि इस पर चर्चा क्यों नहीं होती। सिंघार ने कहा कि मध्यप्रदेश में 31 मंत्रियों में सिर्फ पांच महिलाएं हैं, तो फिर महिला आरक्षण की बात कैसे की जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की कथनी और करनी में फर्क है। अंत में उन्होंने कहा कि यदि सरकार में दम है तो बताए कि क्या मध्यप्रदेश से कोई महिला अगली मुख्यमंत्री बनेगी।

### विषय से भटकना ठीक नहीं: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में एक महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक चर्चा हो रही है और दोनों पक्ष अपने विचार रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि समझ नहीं आता कि बरैया जी की आत्मा में कौन सी बात है। कभी देवदासी प्रथा, तो कभी 2000 साल पुराने मुद्दों का उल्लेख किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले यह स्पष्ट होना चाहिए कि बात किस दिशा में की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में महिलाओं के अधिकारों के लिए समय-समय पर संघर्ष हुए हैं। राजा राममोहन राय ने सती प्रथा के खिलाफ आंदोलन किया, ज्योतिबा फुले ने महिला समानता के लिए काम किया और स्वामी विवेकानंद से लेकर वर्तमान समय तक कई प्रयास हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण लागू कर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विषय से भटकने के बजाय चर्चा को केंद्रित रखना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह इधर-उधर की बातें कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में ही कई निर्णय लिए गए, जिनमें विसंगतियां रहीं। 1928 में जो बातें उठाई गईं, बाद में उनमें बदलाव किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन सरकार ने लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया, लेकिन 42वें संविधान संशोधन के जरिए परिसीमन की प्रक्रिया को रोक दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि यह संशोधन किसने लाया था।

### फूल सिंह बरैया की टिप्पणी पर बवाल



कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने कहा कि बिल में यह प्रावधान जोड़ा गया है कि परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने सवाल उठाया कि इसकी जरूरत क्या थी। यदि सरकार की मंशा साफ है, तो इसे तत्काल लागू करने की घोषणा करनी चाहिए। उनके अनुसार, इससे यह संकेत मिलता है कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की वास्तविक इच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की स्थिति पर भी गंभीर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो डेढ़ सौ साल पुरानी है, जबकि महिलाएं 2000 सालों से पैरों की जूती बनी आ रही हैं।



# अब हम ‘आप’ के नहीं

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी को छोड़कर राघव चढ्डा के साथ ‘आप’ के 6 अन्य और सांसद भी बीजेपी में शामिल हो गए है। इसमें अशोक मित्तल, स्वाति मालीवाल और हरभजन सिंह का नाम शामिल है। इन सात सांसदों में से पंजाब से 6 और दिल्ली से एक स्वाति मालीवाल है। सोमवार को राज्य सभा सचिवालय ने आप के सातों बागी सांसदों को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि ये सभी अब बीजेपी के सांसद माने जाएंगे। इसी के साथ उच्च सदन में बीजेपी की संख्या 113 हो गई है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने बागी सांसदों के बीजेपी में विलय को स्वीकार कर लिया है। पोस्ट में कहा गया कि राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन जी ने 7 ‘आप’ सांसदों के बीजेपी में विलय को स्वीकार कर लिया है। अब, राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल जी, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजिंदर गुप्ता और विक्रमजीत सिंह साहनी बीजेपी संसदीय दल के सदस्य हैं। उधर आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन से उन सभी 7 राज्यसभा सांसदों को बर्खास्त करने की अपील की थी, जो पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। आप नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को मीडिया से बातचीत में इसकी जानकारी दी थी।

**राज्यसभा सभापति ने 7 बागी सांसदों की बीजेपी में एंट्री को मंजूरी दी**

### न्याय की उम्मीद नहीं, मैं कोर्ट नहीं जाऊंगा



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वह अब उनके समक्ष व्यक्तिगत रूप से या वकील के माध्यम से पेश नहीं होंगे। केजरीवाल ने अपने पत्र में न्याय मिलने की उम्मीद टूटने की बात कहते हुए महात्मा गांधी के सत्याग्रह के रास्ते पर चलने का निर्णय लिया है। अरविंद केजरीवाल ने अपने पत्र में लिखा, मेरी जस्टिस स्वर्ण कांता जी से न्याय मिलने की उम्मीद टूट गई है। इसलिए मैंने गांधी जी के सत्याग्रह के रास्ते पर चलने का फैसला लिया है। मैंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए फैसला किया है। जस्टिस स्वर्ण कांता के फैसले की अपील में सुप्रीम कोर्ट जाने का अधिकार रखूंगा। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कहा, मुझे एक झूठे केस में फंसाया गया और जेल भेज दिया गया। एक चुनी हुई सरकार को गलत तरीके से गिरा दिया गया। हमें कई महीने जेल में रखा लेकिन आखिरकार सच की जीत हुई।

# पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के फर्जी पत्र मामले में राजस्थान पुलिस को फटकार

## आरोपियों को 29 अप्रैल को पेश करने के निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के नाम से वायरल फर्जी पत्र के मामले में गिरफ्तार कांग्रेस आईटी सेल के तीन कार्यकर्ताओं को कोर्ट में पेश न करने पर जबलपुर हाईकोर्ट ने राजस्थान पुलिस को कड़ी फटकार लगाई है। सोमवार को चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और विनय सराफ की डिवीजन बेंच के समक्ष बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने स्पष्ट आदेश के बावजूद आरोपियों को पेश नहीं करने पर नाराजगी जताई। पुलिस की ओर से ‘मिस कम्यूनिकेशन’ का हवाला दिया गया, जिसे अदालत ने स्वीकार्य नहीं किया। कोर्ट ने राजस्थान पुलिस को दो दिन का समय देते हुए निर्देश दिया कि निखिल, बिलाल और इनाम को 29 अप्रैल को हर हाल में कोर्ट के समक्ष पेश किया जाए। साथ ही उनकी गिरफ्तारी से जुड़े दस्तावेज और सीसीटीवी फुटेज भी प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। तीनों कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद उनके परिजनों ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। बताया जा रहा है कि वसुंधरा राजे के नाम से एक कथित पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था,



जिसमें महिला आरक्षण और परिसीमन को लेकर सवाल उठाए गए थे। बाद में इस पत्र को फर्जी बताया गया। इसके बाद राजस्थान पुलिस ने भोपाल पुलिस के सहयोग से तीनों कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया।

### विवेक तन्खा ने भी उठाए सवाल

सीनियर एडवोकेट और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने भी पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि साइबर पुलिस ने तीनों को करीब 30 घंटे तक बिना उचित कारण हिरासत में रखा, जो गैरकानूनी है। तन्खा के अनुसार, कथित पत्र 15-16 अप्रैल से सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हो रहा था, लेकिन 18 अप्रैल को इसे फर्जी बताते हुए कार्रवाई की गई, जो संदेह पैदा करती है।

# दीदी का सूबा...खतरनाक मंसूबा

## टीएमसी कार्यकर्ता के घर से 100 जिंदा बम बरामद

कोलकाता

पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण में 142 विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए सोमवार को प्रचार थम गया। दूसरे चरण के तहत 29 अप्रैल को मतदान होना है। इसके दो दिन पहले भांगर इलाके में पुलिस ने टीएमसी कार्यकर्ता रफीकुल इस्लाम के घर से 100 जिंदा बम बरामद किए हैं। तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता के खाली पड़े घर में बमों का जखीरा रखे जाने की खबर फैलने के बाद भांगर के शानपुकुर इलाके में दहशत फैल गई। टीएमसी ने इन आरोपों का खंडन किया है। पार्टी का दावा है कि आईएसएफ कार्यकर्ताओं ने सत्तारूढ़ पार्टी को फंसाने के लिए खुद खाली घर में बम लगाए थे। फिलहाल आयोग ने इस मामले की जांच के आदेश दिए




हैं। चुनाव आयोग ने पुष्टि की है कि कोलकाता के पुलिस आयुक्त को विस्फोटक निषेध के सिलसिले में सख्त आदेश जारी किए हैं। आयोग ने पुलिस आयुक्त के जरिए सभी डीसीपी, एसपी, ओसी और आईसी तक के सभी अधिकारियों को सख्त संदेश दिया है कि अगर उनके क्षेत्र में ऐसा कोई विस्फोटक पाया जाता है या उनके अधिकार क्षेत्र में किसी भी शख्स द्वारा ऐसी कोई धमकी देने वाली रणनीति का इस्तेमाल किया जाता है, तो संबंधित ओसी/आईसी को अभूतपूर्व परिणामों का सामना करना पड़ेगा। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

### टीएमसी सांसद की कार पर हमला

सोमवार को अभिषेक बनर्जी के रोड शो में शामिल होने जा रहीं टीएमसी सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ। टीएमसी का आरोप है कि भाजपा समर्थकों ने सांसद की गाड़ी पर हमला किया। हमले में सांसद और उनके ड्राइवर को चोट आई है। हमले के बाद मिताली बाग फूट-फूटकर रो पड़ीं। उन्होंने कहा, ‘मेरी गाड़ी की हालत देखिए। उन लोगों ने बड़े-बड़े पत्थर फेंके। मैं किसी तरह जान बचाकर निकली हूं।’

### गोगहाट में भाजपा उम्मीदवार पर हमला

पश्चिम बंगाल के गोगहाट में भाजपा प्रत्याशी प्रशांत दिगार की गाड़ी पर भी हमला किए जाने का आरोप लगा है। उनकी कार के शीशे तोड़ दिए गए। भाजपा ने इस हमले के लिए तृणमूल कांग्रेस समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया है। इसके बाद दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच तनाव बढ़ गया। मौके पर लाठी, बांस और टूटे कांच देखे गए। भारी तनाव के बीच हालात काबू में करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

# समय-सीमा बैठक संपन्न, कलेक्टर का अल्टीमेटम

## हेल्पलाइन और योजनाओं में देरी पर होगी सख्त कार्रवाई

## योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर के सख्त निर्देश



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण को जिम्मेदारी के साथ निराकरण करें ताकि संबंधित को लाभ मिल सके और जिन विभागों के द्वारा सीएम हेल्पलाइन अटैंड नहीं किया गया उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिन विभागों में हितग्राही बार-बार सीएम हेल्पलाइन लगा रहे हैं उन विभागों के अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। पशुपालन विभाग के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

समय सीमा के बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के द्वारा आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान व्ही.सी. में अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम आवास, जनमन आवास, धरती आबा, ईकेवायसी, शिक्षा विभाग के द्वारा छात्र-छात्राओं का नामांकन समय पर 30 अप्रैल के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ परिवहन विभाग, खनिज विभाग, आबकारी विभाग को अवैध परिवहन, अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध उत्खनन की गतिविधियों पर विशेष ध्यान देते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्य को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में 12 गेंहू उपार्जन केन्द्र संचालित हैं जहां पर गर्मी को देखते हुए सभी केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में पेयजल व्यवस्था, छायादार, भुने हुए चने किसान के लिए डिहाइड्रेशन से बचाव हेतु रखना है प्राथमिक उपचार हेतु फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था की जाए। वहीं पर परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्र, सब्जी मंडी में टेक्ट्रर ट्रॉली एवं अन्य वाहनों का आवागमन बना रहता है जिस पर रेडियम की पट्टी लगाकर दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी डीपीसी, सहायक आयुक्त निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों में सभी छात्र-छात्राओं के प्रवेश शत प्रतिशत 30 अप्रैल के पूर्व पूर्ण कर लिए जाएं और पात्र छात्र-छात्राओं को उपलब्ध साइकिलों को नि:शुल्क जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वितरण की जाएं। समस्त अधिकारियों को कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए की न्यायलीन प्रकरण का जबाव दावा समय पर प्रस्तुत करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारी पर कार्यवाही की जाएगी। आरईएस विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए की जिले में कोई भी नदी-नाला, तालाब, कुआं, नहर पर पानी के संचय हेतु गेट लगा दिए गये है। वर्तमान में कोई भी स्थान अछुता नहीं है जिसका प्रमाण पत्र कार्यालय में प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की आंगनवाडी, विद्यालय, शासकीय भवनों एवं सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने घरों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगायें और पाइपलाइन जमीन के अंदर छोडे और गढढे में रेत भरें ताकि घर का पानी जमीन में जाये और वाटर लेवल बना रहे। जिससे गांव का पानी गांव में और शहर का पानी शहर में बना रहे। सभी अधिकारी कर्मचारी अपने घर के पास खडे होकर जिओ टैग फोटो ले और कार्यालय में जमा करें। इस प्रकार के संरक्षण से आने वाली पीढी को पानी से राहत मिलेगी। नगरपालिका अधिकारी को निर्देश दिए की डिंडौरी और शहपुरा क्षेत्र के डिवाईडरों को स्वच्छ रखा जाए और किसी भी प्रकार के बैनर न लगाया जाएं जिससे दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। कलेक्टर ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए की जनगणना 2027 का कार्य शुरू होने जा रहा है इसे भी एसआईआर की तरह जिम्मेदारी के साथ अपनाकर समय सीमा में करना है। किसी भी अधिकारी कर्मचारी को छुटटी नहीं दी जाएगी।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रमों की तिथियां भी घोषित की गईं 28 अप्रैल 2026 को डिंडौरी, 7 मई 2026 को शहपुरा तथा 14 मई 2026 को अमरपुर में आयोजन किया जाएगा। पात्र हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेजों सहित सामाजिक न्याय विभाग से संपर्क कर योजना का लाभ लेने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्री पंकज जैन, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री राजेन्द्र कुमार जाटव, सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई, 7 प्रकरण दर्ज, कच्ची व विदेशी मदिरा जब्त

डिंडौरी।

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 26 अप्रैल को आबकारी विभाग, वृत्त डिंडौरी द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर प्रभावी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 07 प्रकरण दर्ज करते हुए बड़ी मात्रा में कच्ची एवं विदेशी शराब जब्त की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टीम ने वार्ड क्रमांक 2 निवासी श्रीमती इशू बाई से 7 लीटर, श्रीमती कौशल्या बाई से 8 लीटर तथा श्रीमती पार्वती बाई से 7 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद की। वहीं वार्ड क्रमांक 13 में नरेंद्र कुमार के कब्जे से 8 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। इसके अलावा भैंसलगान क्षेत्र में एक किराना दुकान पर छापेमारी के दौरान श्री राधेश्याम बर्मन के पास से 15 पाव विदेशी मदिरा बरामद हुई। वार्ड क्रमांक 5 स्थित एक ढाबे में संचालक मोईन के पास से 16 पाव जीनियस रम और 8 पाव गोवा व्हिस्की जब्त की गई। इसी तरह वार्ड क्रमांक 15 निवासी शैलेश कुमार के कब्जे से 13 पाव रॉयल सिलेक्ट विदेशी मदिरा बरामद की गई। पूरी कार्रवाई में कुल 30 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब और 52 पाव विदेशी मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 12 हजार 760 रुपये बताई जा रही है। सभी आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। यह कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी श्री बैधनाथ वासनिक के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक राम भरोस ठाकुर, मनीष उइके, करिश्मा सलामे, नगर सैनिक कोता बाई, तोक सिंह मरावी एवं वाहन चालक कुलदीप उइके की टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

# जिला जेल, शहडोल, उपजेल बुढार, एवं ब्यौहारी में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

**शहडोल।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण काशीनाथ सिंह के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल द्वारा चिकित्सा विभाग के विशेष समन्वय व सहयोग से जिला जेल, शहडोल, उपजेल बुढार एवं व्यवहारी में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार से का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ माननीय मुख्य न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय संजीव सचदेवाएवं केंद्रीय जेल जबलपुर सभागार से न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल द्वारा वर्चुअली शुभारंभ किया गया। शिविर में उक्त विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर में जिला जेल शहडोल के 306, उपजेल बुढार से 74 एवं उपजेल व्यवहारी से 88 का कंप्लीट बॉडी प्रोफाइल, ब्लड़ सेंपलिंग कर गहन



चिकित्सकीय जांच एवं उपचार किया गया एवं निशुल्क दवाइयां वितरित कराई गई। शहडोल जिले के विभिन्न जिलों में निरुद्ध कुल 468 लाभान्वित हुए। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेंद्र सिंह सिंगार सचिव श्वेता परते तिवारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेंद्र सिंह परस्ते, प्रभारी जेल अधीक्षक सुनील बिस्वाड़े, जिला चिकित्सालय की मेडिकल टीम, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अभिभाषकगण व पैरालेगल वॉलिंटियर्स उपस्थित रहें। कार्यक्रम में बंदियों को किए गए अपराध के संबंध में आत्म चिंतन करते हुए पश्चाताप कर भविष्य में अपराध न करने का प्रण लेकर समाज में अच्छे नागरिक के रूप में जीवन यापन करने का करने हेतु करने हेतु प्रेरित किया । बंदियों के स्वास्थ व न्यायालय में पैरवी हेतु नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने के संबंध में जानकारी दी गई ,उपस्थित बंदियों को नालसा व सालसा की योजनाओं व विधिक अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए आपराधिक मनोवृत्ति त्याग कर सौदा अभिवाक व राजीनामा संबंधी प्रावधानों का लाभ लेकर आगामी लोक अदालत में प्रकरण समाप्त करवाए जाने हेतु प्रेरित किया।

### 7 करोड़ की डायवर्सन स्कीम की सूखी तस्वीर

# 700 लीटर पानी भी नहीं ठहरा जल संरक्षण पर बड़ा सवाल

**डिंडौरी।** एक ओर राज्य सरकार च्ज्जल गंगा संवर्धन अभियानज्ज के तहत नदियों, तालाबों और कुओं के पुनरुद्धार में जुटी है, वहीं दूसरी ओर डिंडौरी जिले में करोड़ों रुपए की लागत से बनी जल संरचनाएं खुद सूखी पड़ी हैं। समनापुर विकासखंड के ग्राम झांकी के पास खरमेर नदी पर वर्ष 2015-16 में जल संसाधन विभाग द्वारा करीब 7 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सुंदरपुर डायवर्सन स्कीम आज भी अपने उद्देश्य से कोसों दूर नजर आ रही है।

इस योजना के तहत झांकी, सुंदरपुर और अंगबार क्षेत्र की लगभग 100 हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन हकीकत यह है कि न तो नहर का निर्माण हुआ और न ही डायवर्सन में पानी रुक पाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण के बाद से अब तक एक बार भी डेम में पानी का ठहराव नहीं हुआ। ग्रामीणों के अनुसार, खरमेर एक जीवित नदी है और यदि मुख्य जल द्वार को तकनीकी रूप से सही ढंग से संचालित किया जाता, तो यहां पर्याप्त जल संग्रह संभव था। लेकिन लापरवाही और अनदेखी के चलते यह पूरी योजना शोपीस बनकर रह गई है। जल संरक्षण को लेकर जहां शासन-प्रशासन आमजन को घर-घर पानी बचाने और भूजल रिचार्ज के लिए प्रेरित कर रहा है, वहीं इतने बड़े स्तर की परियोजना का विफल होना गंभीर प्रश्न खड़े करता है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि सुंदरपुर डायवर्सन स्कीम में पानी रोका गया होता, तो हजारों क्यूबिक मीटर पानी संरक्षित कर भूजल स्तर



में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती थी।

## मरम्मत के नाम पर खेल?

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जल संसाधन विभाग के लिए ऐसी योजनाएं च्दुधारू गायज्ज बन गई हैं। भले ही बांध में एक लीटर पानी न ठहरे, लेकिन हर साल मरम्मत और रखरखाव के नाम पर लाखों रुपए के फर्जी बिल लगाए जा रहे हैं।

## नहर बनी ही नहीं, फिर मरम्मत किसकी?

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि सुंदरपुर डायवर्सन स्कीम के तहत आज तक मौके पर एक मीटर नहर का भी अस्तित्व नहीं है। इसके बावजूद मनरेगा के तहत नहर मरम्मत के नाम पर मिट्टी-मुरूम डालने के बहाने लाखों रुपए खर्च दिखाए गए। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि जब नहर बनी ही नहीं, तो उसकी मरम्मत किस आधार पर की गई? ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में नहर बनाई गई, कागजों में ही उसकी मरम्मत दिखाई गई और कागजी बिलों के सहारे लाखों रुपए का गबन कर लिया गया।

## सरकार की मंशा पर कुठाराघात

स्थानीय लोगों में इस पूरे मामले को लेकर गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि जब करोड़ों रुपए की योजनाएं ही जल संरक्षण में विफल हों, तो जनभागीदारी आधारित अभियानों की सफलता पर भी प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

# पं. शंभूनाथ शुक्ल विवि में तनावमुक्त जीवन विषय पर संगोष्ठी

**शहडोल।** पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल के इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा ब्रह्माकुमारी संस्था, शहडोल के सहयोग से च्तनाव मुक्त जीवनज्ज विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय कुलगुरु प्रो. राम संकर जी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा तथा संयोजक प्रो. प्रमोद पांडेय जी के नेतृत्व में दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती को पुष्प अर्पण कर किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सह-समन्वयक डॉ. मौशमी कर द्वारा



प्रभावी एवं सुव्यवस्थित रूप से किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महेश भाई जी (कोलकाता) ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच एवं संतुलित जीवन शैली के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक उपाय बताए। इस अवसर पर संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना एवं उन्हें स्वस्थ एवं सफल जीवन के प्रति प्रेरित करना था। डॉ. अजय सोनवानी, डॉ. किशोर श्रीवास्तव, मोनिका विश्वकर्मा एवं रागिनी लांबा-तथा विभाग के समस्त संकाय सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही ब्रह्माकुमारी संस्था, शहडोल का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** थाना देवलोंद पुलिस द्वारा मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सुखाड़ नवघटा पुल की ओर से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा है।सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर संदिग्ध ट्रैक्टर को रोका गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम राजेन्द्र कुमार सिंह निवासी ग्राम झिरिया, थाना देवलोंद, जिला शहडोल बताया। ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोड रेत के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।मौके पर आरोपी के कब्जे से एक सोनालिका कंपनी का ट्रैक्टर मय ट्रॉली रेत सहित, जिसकी कुल कीमत लगभग 4,25,000/- रुपये आंकी गई, विधिवत जप्त किया गया।आरोपी के विरुद्ध थाना




देवलोंद में अपराध धारा भारतीय न्याय संहिता एवं धारा खान एवं खनिज ( ) अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया

# नाबालिग के अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शहडोल।

जयसिंहनगर पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका के अपहरण एवं दुष्कर्म के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। जयसिंहनगर क्षेत्रांतर्गत फरियादी द्वारा 21अप्रैल को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी नाबालिग नातिन साबुन लेने के लिए मोहल्ले की दुकान गई थी, जो वापस घर नहीं लौटी। परिजनों द्वारा आसपास एवं रिश्तेदारियों में खोजबीन करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला, जिससे आशंका व्यक्त की गई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना जयसिंहनगर पुलिस द्वारा तत्परता से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान 24 अपैल 2026 को अपहृता को दस्तयाब किया गया एवं माननीय न्यायालय से अपहृता के कथन के उपरांत एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 351 (3), 64(1), 64(2)(द्व), 127 (3) बीएनएस तथा 5 (1)/6 पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई।मामले में संलिप्त आरोपी देवेन्द्र सिंह कंवर (उम्र 20 वर्ष), निवासी ग्राम करकी थाना जयसिंहनगर ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# नियमित रूप से वाहनों की चैकिंग कर यातायात उल्लंघन पर करें सख्त कार्यवाही : कलेक्टर

## शासकीय कर्मचारी करें हेलमेट का उपयोग अन्यथा कार्यालयो में प्रवेश की नही होगी अनुमति

## मुख्य मार्गों से हटाएं जाए निराश्रित पशु, जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित की गई है। कलेक्टर ने परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियो को निर्देष दिए कि शहडोल जिले में सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाने के उदेष्य से हेलमेट की अनिवार्यता हेतु चलाए जा रहे विषेष अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिष्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में नियमित रूप से वाहनो की चैकिंग कर बिना हेलमेट वाले वाहन चालक एवं यातायात नियमो को उल्लंघन करने वालो के विरूद्व सख्त कार्यवाही करें तथा हेलमेट लगाने के लिए जनमानस को प्रेरित किया जाए। कलेक्टर ने निर्देष दिए कि दो पहिया वाहन पंजीयन के समय यह सुनिष्चित किया जाए कि हेलमेट है अथवा नही, हेलमेट न होने की स्थिति में उसे पहले हेलमेट दिलाएं। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन के शो रूम संचालको की जिम्मेदारी है कि वाहन विक्रय करते समय संबंधित वाहन मलिक को हेलमेट



अनिवार्य रूप से प्रदाय करें। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय कार्यालय के प्रमुख यह भी सुनिश्चित करें कि दो पहिया वाहन वाले शासकीय कर्मचारी हेलमेट का उपयोग कर रहे है अथवा नही, हेलमेट का उपयोग नही करने वाले कर्मचारियो को कार्यालय में प्रवेश न दिया जाए।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम के लिए शहडोल जिले के मुख्य मार्गों से निराश्रित पशुओ को हटवाकर उन्हें गौशाला या अन्य सुरक्षित स्थान भिजवाना सुनिष्चित करें। उन्होंने कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पाटो में संकेतक बोर्ड, रेडियम स्टीकर एवं रिम्बल लगाएं जाएं।

उन्होंने कहा कि रीवा-शहडोल-अमरकंटक स्टेट हाइवे मार्ग में पड़ने वाले ग्राम दियापीपर के पास सोन नदी पुल, केशवाही मोड़, श्रीवास्तव चौक, एमपीटी होटल ब्यौहारी के पास, बुढ़वा मोड़ ब्यौहारी, करकी पेट्रोल पंप के पास रेडियम, स्टड एवं सांकेतिक बोर्ड लगवाएं। कलेक्टर ने कहा कि शहडोल बाईपास के पास बनाएं गए ओवर ब्रिज का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, जिला परिवहन अधिकारी अनपा खान, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एनएचएआई, एमपीआरडीसी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शहडोल आशा भंडारी, उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# तपते सूरज और बेहाल करती गर्मी के बीच बादलों ने दिलाई हल्की राहत

## तापमान में आई गिरावट, कुछ इलाकों में हुई बूंदाबांदी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और झुलसाने वाली लू की मार झेल रही 'संस्कारधानी' के लिए सोमवार का दिन बड़ी राहत लेकर आया। तपते सूरज और बेहाल करती गर्मी के बीच आसमान में उमड़े बादलों ने शहरवासियों को गर्मी से राहत दी। दोपहर बाद बदले मौसम के मिजाज ने न केवल पारे को नीचे गिराया, बल्कि शहर के कुछ हिस्सों में हुई हल्की बौछार ने फिजां में ठंडक घोल दी, जिससे पिछले कई दिनों से उमस और तपन से बेहाल हो रही जनता ने चैन की सांस ली। शहर का अधिकतम तापमान 42.7 दर्ज किया गया, वही न्यूनतम तापमान 26.8 दर्ज किया गया सुबह से ही धूप की तपिश थी पर शाम होते होते हवाओं के चलने से मौसम खुशनुमा बन गया।



### उमस ने किया बेहाल

शहर के कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे सड़क की तपिश शांत हुई और शाम के वक्त पार्कों व नर्मदा तटों पर सैर-सपाटे के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि बादलों की वजह से धूप से राहत मिली है, लेकिन नमी बढ़ने के कारण उमस थोड़ी परेशान कर सकती है। फिलहाल, जबलपुर वासियों के लिए यह 'प्री-मानसून' जैसा अहसास किसी वरदान से कम नहीं है, जिसने जलते हुए शहर को थोड़ी देर के लिए ही सही, शीतल सुकून का अहसास करा दिया है।

### भीषण गर्मी के बीच बारिश का दौर

मौसम केंद्र के अनुसार प्रदेश के बीचोंबीच एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) एक्टिव रहा। इस वजह से बारिश का दौर बना रहा। अगले तीन दिन तक एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस की भी एक्टिविटी प्रदेश में रहेगी। इधर गर्मी का असर बढ़ते ही मौसम विभाग ने बचाव की एडवायजरी भी जारी की है। लोगों से कहा गया है कि वे दिनभर पर्याप्त पानी पीएं और शरीर को हाइड्रेट रखें। दोपहर के समय लंबे समय तक धूप में न रहें। हल्के वजन और रंग के सूती कपड़े पहनें। बच्चे और बुजुर्ग खासतौर पर ध्यान रखें।

# कई प्रतिष्ठानों पर खाद्य विभाग की दबिश, एक का पंजीयन हुआ निलंबित

## अजीनोमोटो की मात्रा जांचने लिए गए सैम्पल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सोमवार को नूडल्स में अजीनोमोटो की उपस्थिति की जांच करने विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिये गये। निरीक्षण के दौरान गढ़ा रोड़ स्थित केशरवानी फास्टफूड से नूडल्स, पटेल रेस्टोरेंट से मंचूरियन तथा फ्राइड राइस, अन्नपूर्णा फास्टफूड से पास्ता एवं नूडल्स, मदनमहल स्थित साहेब बार एण्ड रेस्टोरेंट से पास्ता, गोराबाजार स्थित चाऊमाऊ होटल से नूडल्स एवं फ्राइड राइसए रामपुर स्थित एमपी 20 से नूडल्स एवं मोमोस, होमसाइंस कॉलेज रोड़ स्थित 4 यार कैफे एण्ड रेस्टोरेंट से नूडल्स तथा सिविक सेंटर स्थित ड्रेगन एक्सप्रेस वेज चाइनीज सेंटरए श्री चाइनीज सेंटर और श्री साई चाइनीज से नूडल्स के नमूने लिये गये। निरीक्षण के




दौरान स्वाद बढ़ाने के लिये अधिक मात्रा में अजीनोमोटो के उपयोग से स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी खाद्य कारोबार कर्ताओं को दी गई तथा आवश्यकता होने पर कम से कम मात्रा में मोनो सोडियम ग्लूटामेट अजीनोमोटो का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया गया।

### विक्रय पूर्णत: रहेगा प्रतिबंधित

निरीक्षण के दौरान होमसाइंस कॉलेज रोड स्थित 4 यार कैफे एण्ड रेस्टोरेंट के किचिन में बड़ी संख्या में कॉकरोच मिलनेए एक दीवार नमी के कारण क्षतिग्रस्त होने तथा अस्वास्थ्य और अस्वच्छ परिस्थितियों में भोजन का निर्माण तथा संग्रहण होना पाये जाने पर होम साइंस कॉलेज स्थित 4 यार कैफे एंड रेस्टोरेंट का खाद्य पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। खाद्य पंजीयन निलंबन अवधि में प्रतिष्तान से भोजन का निर्माण तथा विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

# कृषि आदान विक्रेता संगठन की हड़ताल, 40 से ज्यादा दुकानें रही बंद



सिहोरा (स्वतंत्र मत)

सिहोरा में कृषि आदान विक्रेता संगठन के आह्वान पर सोमवार को व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की जिस कारण नगर में 40 से अधिक खाद, बीज और कीटनाशक दुकानों पर ताले लटके रहे और बाजार पूरी तरह प्रभावित नजर आया। संगठन के सिहोरा संयोजक अर्जुन पंजाबी, मनीष मनोचा, अखिलेश पटेल, अशोक राय एवं राकेश तिवारी के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि देशभर के करीब 6 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन लंबे समय से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है। व्यापारियों ने कहा कि बढ़ती महंगाई, परिवहन खर्च और अन्य व्यय के बावजूद मार्जिन में वृद्धि नहीं होने से आर्थिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। साथ ही कंपनियों की मनमानी नीतियों से छोटे व्यापारियों का संचालन कठिन होता जा रहा है। इस दौरान संघठन ने मांग की उर्वरक के साथ जबरन लिंकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध, होलसेल 3ज और रिटेल 5ज मार्जिन सुनिश्चित किया जाए, उर्वरक की डिलीवरी सीधे गोदाम तक हो,सिक्योरिटी डिपॉजिट की राशि कम की जाए, 'साथी ऐप' को सरल बनाया जाए और जीएसटी में थर्ड पार्टी लायबिलिटी समाप्त हो व्यापारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को उग्र किया जा सकता है।

# त्यौहारों पर कानून व्यवस्था बनाये रखने कलेक्टर ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने आने वाले त्यौहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों के हनन को रोकने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर प्रशासनिक अधिकारियों से अनुमति प्राप्त किये बिना सभी प्रकार के आयोजनों पर रोक लगा दी है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश संपूर्ण जिले में तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और यह आगामी दो माह तक प्रभावी रहेगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इसका उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी। प्रतिबंधात्मक आदेश के मुताबिक प्रशासनिक अधिकारियों से अनुमति प्राप्त किये बिना किसी भी प्रकार के आयोजन नहीं किये जा सकेंगे। अनुमति प्राप्त किये बगैर होने वाले आयोजनों को अवैध घोषित किया जायेगा तथा आयोजकों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में प्रशासनिक अनुमति के बिना रैली, धरना, प्रदर्शन के साथ-साथ भण्डारों के आयोजन पर भी रोक लगाई गई है। इसी प्रकार धार्मिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान मार्गों पर टेंट लगाना या भंडारे का आयोजन भी नहीं किया जा सकेगा, जिससे यातायात प्रभावित हो। आदेश में दो पहिया वाहन रैली को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही डीजे के इस्तेमाल पर भी रोक लगाई गई है। आदेश के अनुसार सभी को मध्यप्रदेश कोलाहल अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण नियम का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों से आपत्तिजनक नारे अथवा गाने इत्यादि प्रसारित नहीं किए जा सकेंगे। ऐसा पाए जाने पर डीजे उपलब्ध कराने वाले टेंट हाउस आदि पर भी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# गौवंश संरक्षण को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

जबलपुर

राष्ट्रीय सनातन सेना भारत द्वारा सोमवार को गौवंश संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने स्ष्ठरू जबलपुर को ज्ञापन सौंपकर आवारा गौवंश की सुरक्षा और उनके लिए स्थायी व्यवस्था की मांग उठाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। यह आयोजन 27 अप्रैल को दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने शहर में सड़कों पर घूम रहे गौवंश की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे आम लोगों के साथ-साथ गौवंश भी घायल हो रहा है। ऐसे में प्रशासन को इस दिशा में



ठोस और त्वरित कदम उठाने की जरूरत है। अभियान का नेतृत्व जिला प्रभारी अपर्णा तिवारी और जिला अध्यक्ष अंकिता तिवारी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण प्रतीक है, लेकिन वर्तमान में उनकी स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गौवंश के प्रति संवेदनशील बनें और उनके संरक्षण के लिए आगे आएं। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि शहर में गौशालाओं की संख्या बढ़ाई जाए, आवारा गौवंश के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराए जाएं और उनके चारे-पानी की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही नगर निगम और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर समस्या का स्थायी समाधान निकालने पर भी जोर दिया गया।

## बदमाशों ने की युवक से मारपीट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

ओमती थाने में 34 वर्षीय विजय सोनकर निवासी भरतीपुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह स्टेशन के पास खाने की दुकान लगाता है। रात को घर वापस लौटते समय जैसे ही घर के पास पहुंचा तभी आकाश चौधरी, शीबू सोनकर अपने एक अन्य साथी के साथ मिले और उससे शराब पीने के लिये दो हजार रूपये मांगने लगे उसने रूपये देने से मना करने पर तीनों ने बेस बॉल के डण्डे से मारपीट कर चोटे पहुंचा दी, आवाज सुनकर जब परिजन बचाने आये तो तीनों धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना मे लिया है।

# पंख कार्यक्रम के तहत स्वयं सेवी संस्थाओं की बैठक संपन्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जबलपुर जिला इकाई द्वारा पंख कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के स्वैच्छिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में परिषद के प्रदेश



सलाहकार नीति निर्माण शिवनारायण पटेलए परिषद के शासी निकाय के सदस्य सरदार अजित सिंग सीटूए जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत एवं सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में स्वैच्छिक संगठनों से हिरन नदी जल संवर्धन यात्रा में सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि हिरन जल संवर्धन यात्रा का समापन गंगा दशहरा पर्व पर किया जायेगा। कलेक्टर ने गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी भी बैठक में प्राप्त की तथा जन अभियान परिषद द्वारा जिले किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की। जन अभियान परिषद के सलाहकार नीति निर्माण के श्री शिवनारायण पटेल ने भी बैठक को संबोधित किया। प्रस्तावना संभाग समन्वयक रवि बर्मन ने प्रस्तुत की। आभार घनश्याम रायपुरिया जिला समन्वयक जबलपुर के द्वारा प्रस्तुत किया गया है। जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक भी बैठक में मौजूद थे।

# हफ्ता वसूली की डिमांड पर चाय दुकान में हमला

## मदनमहल क्षेत्र का मामला, दहशत में दुकान संचालक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मदन महल स्टेशन रोड स्थित मनोहर चाय और अमृततुल्य चाय दुकान पर पर बीती रात दबंगों ने जमकर तांडव मचाया। घटना रात करीब 12.15 बजे की है, जब दुकान मालिक आयुष गुप्ता अपने परिवार के साथ दुकान बढ़ा रहे थे। आयुष गुप्ता ने बताया कि इसी दौरान क्षेत्र के ही निक्की, किशन और उनके चार-पांच अन्य साथियों ने शराब के नशे में धुत होकर काउंटर पर खड़ी महिला और ग्राहकों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि इन गुंडों ने वहां मौजूद ग्राहकों की बेरहमी से पिटाई कर दी और दुकान में रखा तंदूर, भट्टियां और अन्य सामान तोड़ डाला। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। ?दुकान मालिक आयुष गुप्ता ने बताया कि हमलावरों ने



न केवल तोड़फोड़ की, बल्कि उनके बड़े भाई के साथ भी मारपीट की, जो वहां अपनी बाइक खड़ी करने आए थे। उपद्रवियों ने दुकान के तीन-चार सीसीटीवी कैमरे और लाइटें भी तोड़ दीं। जाते-जाते आरोपियों ने दुकानदारों को धमकी दी कि यदि 9 बजे के बाद दुकान खोलनी है, तो उन्हें हफ्ता (पैसे) देना होगा, अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें। पीड़ित परिवार ने मदन महल थाना में एफआईआर दर्ज कराई है और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## 29 अप्रैल को स्वरांजलि श्रद्धांजलि का आयोजन

**जबलपुर।** स्मृतिशेष वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार स्व. मोहन शशि को अपनी स्वारांजलि श्रद्धांजलि अर्पित करने निर्गुण भजन संध्या का आयोजन - वविधा कला सांस्कृतिक अकादमी द्वारा दिनांक 29 अप्रैल सायं साढ़े पांच बजे, कचनार सिटी साहित्य परिसर में किया गया है। संस्था की संस्थापक डॉ अनामिका तिवारी ने बताया कि इंजी विनोद नयन के संचालन में इस आयोजन में नगर के 10 गायक कलाकार शामिल हो रहे हैं। जो अपनी मनभावन प्रस्तुतियां देंगे।

## लक्ष्मी गुप्ता का निधन



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** आजाद चौक नारायण टाकीज के बगल में निवासी श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता का 44 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। आप रमेश गुप्ता की पत्नी एवं गोपाल, भोलू एवं आस्था की माता हैं। अंतिम संस्कार कुर्रे रोड़ स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

# रेगुलर छात्रों को पकड़ा दी प्राइवेट की मार्कशीट

## छात्रों ने स्कूल पहुंचकर किया घेराव

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रांझी क्षेत्र स्थित सेंट मदर टेरेसा स्कूल में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब कक्षा 10वीं के छात्रों ने स्कूल प्रबंधन पर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। छात्रों का कहना है कि उन्होंने साल भर रेगुलर विद्यार्थी के रूप में पढ़ाई की और उनके एडमिट कार्ड पर भी रेगुलर ही अंकित था, लेकिन जब परीक्षा परिणाम आया तो मार्कशीट पर प्राइवेट लिखकर आया है। इस विसंगति के कारण बच्चों को आगे उच्च कक्षाओं में प्रवेश लेने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आक्रोशित छात्रों और उनके परिजनों ने स्कूल परिसर में जमकर नारेबाजी की और प्रबंधन से इस गंभीर लापरवाही पर लिखित जवाब की मांग की। दूसरी ओर, स्कूल की वाइस प्रिंसिपल राजकुमारी रंगवानी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि स्कूल के पास मान्यता के पर्याप्त दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने इस गड़बड़ी के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल के सॉफ्टवेयर या तकनीकी खामी को जिम्मेदार ठहराया है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में विभाग को अवगत करा दिया है और 30 तारीख तक का समय मांगा है ताकि मार्कशीट में सुधार किया जा सके। प्रबंधन ने यह भी आश्वासन दिया कि यदि किसी छात्र को प्रवेश में समस्या आ रही है, तो वे अन्य स्कूलों के प्राचार्यों से बात कर छात्रों की मदद करेंगे। फिलहाल, बच्चों और अभिभावकों में स्कूल के प्रति गहरा असंतोष बना हुआ है।



# 117 किमी नई रेल परियोजनाओं का हुआ कमीशन जून तक पूरा होगा रीवा-सतना दोहरीकरण का कार्य

## नवागत पमरे महाप्रबंधक ने बताई वर्ष 2025-26 उपलब्धियां

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पश्चिम मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में अपनी कार्यकुशलता और नवाचार के दम पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मुख्यालय स्थित मंत्रणा सभागार में मीडिया से चर्चा करते हुए महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि पमरे ने न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है, बल्कि राजस्व अर्जन में भी रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की है। रेलवे ने इस वर्ष कुल 9126.35 करोड़ का राजस्व हासिल किया, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 10 प्रतिशत अधिक है। इसमें माल लदान का विशेष योगदान रहा, जहां 58.07 मिलियन टन लदान के साथ रेलवे ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अधोसंरचनात्मक विकास की जानकारी देते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि यात्रियों के




सफर को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए 117 किमी नई रेल परियोजनाओं को कमीशन किया गया है। क्षेत्र की महत्वपूर्ण बीना-कटनी तीसरी लाइन का कार्य जनवरी 2026 में ही पूर्ण किया जा चुका है, वहीं रीवा-सतना दोहरीकरण का अंतिम 9 किमी का हिस्सा हिनौता रामवन-तुर्की रोड इस वर्ष जून 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ललितपुर-सिंगरौली और रामगंजमण्डी-भोपाल जैसी बड़ी परियोजनाओं पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है।

### कवच प्रणाली हुई लागू

जबलपुर स्टेशन के पुनर्विकास की निविदा प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है, जो भविष्य में यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करेगी। सुरक्षा के मोर्चे पर पमरे ने 'कवच' प्रणाली को कोटा-मथुरा और कोटा-नागदा सेक्शन में सफलतापूर्वक लागू कर दिया है, जिसे 87 इंजनों में स्थापित किया जा चुका है। भीषण गर्मी को देखते हुए यात्रियों की राहत के लिए 18 समर स्पेशल ट्रेनों के 192 ट्रिप संचालित किए जा रहे हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नर्मदापुरम और कटनी साउथ जैसे स्टेशनों का कायाकल्प हो चुका है, जबकि विदिशा और सांची में कार्य अंतिम चरण में है। महाप्रबंधक ने स्पष्ट किया कि संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से पश्चिम मध्य रेल आने वाले समय में सेवा और संरक्षा के नए मानक स्थापित करने के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

# 14 करोड़ खर्च की तैयारी पानी कहां से आएगा..!

## इंजीनियर की मौज, विधायक के हाथों की कठपुतली बने पार्षद





बालाघाट/कटंगी (स्वतंत्र मत)

जिले की नगर परिषद कटंगी ने शहरी क्षेत्र में पानी की समस्या को हल करने के लिए सरकार से मिली 14 करोड़ रुपये की राशि की कार्ययोजना योजना तैयार की है। इस राशि से सभी 15 वार्डों में पाइपलाइन बिछाने, टंकी निर्माण, फिल्टर प्लांट, पावर हाउस, डकवेल और अन्य जलापूर्ति से जुड़ी व्यवस्थाओं का निर्माण किया जाएगा। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पानी का स्रोत ही स्पष्ट नहीं है, तो इतनी बड़ी धनराशि खर्च करने का क्या औचित्य रह जाएगा। दरअसल, मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना से नगर परिषद कटंगी को पेयजल के लिए करीब 08 वर्ष पूर्व 10 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। इसके अलावा हाल ही के वर्षों में अमृत 2.0 के तहत करीब 4 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। इन दोनों ही राशि को मिलाकर 14 करोड़ रुपए से नगर परिषद के इंजीनियर राजेश चौकसे ने कार्य योजना तैयार की है। इंजीनियर का दावा है कि मुंदीवाड़ा के पास चंदन नदी के पानी का कोई सोर्स मिला है वहां डकवेल बनाकर पूरे शहर को पानी की सप्लाई की जा सकती है लेकिन जब इंजीनियर से उस सोर्स के स्थान के बारे में पूछा जाता है तो वह कुछ नहीं बता पाते। इतने गंभीर विषय पर नगर परिषद के सभी 15 वार्डों के पार्षद भी मौन साधे बैठे हुए है। दोनों ही दलों के पार्षद विधायक गौरव सिंह पारधी के हाथों की कठपुतली बने हुए है। विधायक पार्षदों को अपने इशारों पर नचा रहे है। इसी कारण इंजीनियर की भी खूब मौज है। खैर, बिना ठोस जल स्रोत की पहचान किए नगर की पेयजल योजना अधूरी है। वरिष्ठ अधिकारियों को इस दिशा में शीघ्र ही ध्यान देने की जरूरत है। खासतौर पर नगर की जनता को अपने-अपने वार्ड के पार्षद से पूछना चाहिए कि आखिर वह चुप क्यों है...!

### मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना

नगर परिषद को मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना के लिए करीब 10 करोड़ रुपए की राशि 08 वर्ष पूर्व मिली। परियोजना के निर्माण कार्य का ठेका न्यू इंडिया संस दतिया को मिला। इस फर्म ने नगर परिषद से अनुबंध करने के बाद कार्य शुरू किया। मिनी स्टेडियम के पास फिल्टर प्लांट का निर्माण और कुछ वार्डों में पाइप लाइन का विस्तार किया गया। कार्य शुरू होने के लगभग 06 माह बाद अचानक से ठेकेदार ने कार्य करना बंद कर दिया। उस वक्त सावंगी चंदन नदी से पानी लाने की तैयारी की गई थी किंतु विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने सर्वे में पाया कि जहां से पानी लाने की तैयारी की गई है वहां पर्याप्त मात्रा में पानी ही नहीं है। तब अधिकारियों ने इंजीनियर राजेश चौकसे को जमकर फटकार भी लगाई और काम तब से लेकर अभी दो माह पूर्व तक बंद ही था। इस लंबे अंतराल के बीच नगर परिषद कभी मध्यम सिंचाई परियोजना नहलेसरा जलाशय से तो कभी दो राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना राजीव सागर बांध से पानी लाने पर विचार करने लगी। मगर, जल संसाधन विभाग ने नहलेसरा जलाशय में जल की उपलब्धता कम होने के कारण पानी देने से साफ इनकार कर दिया। राजीव सागर बांध से नगर की दूरी अधिक होने की वजह से लागत बड़ने के कारण वहां से पानी लाना भी संभव नहीं हो पाया। जब विधायक गौरव सिंह पारधी के संज्ञान में यह विषय आया तो उन्होंने हस्तक्षेप करते हुए विकल्प तैयार करने की कोशिश की किंतु वह भी नाकाम ही साबित हुई। करीब 06 माह पूर्व नगर परिषद की पीआईसी बैठक में ठेके को निरस्त करने का प्रस्ताव लाया गया किंतु इस पर सहमति नहीं बनी और इस विषय पर चर्चा नहीं हुई। नगर परिषद ने ठेकेदार को कार्य शुरू नहीं करने पर अंतिम चेतावनी का पत्र जारी किया और साफ कर दिया कि अगर कार्य शुरू नही किया गया तो 51 लाख रुपए कि अमानत राशि राजसात की जा सकती है। ऐसे में ठेकेदार ने दौड़ लगाई और करीब 01 माह से कार्य फिर से शुरू किया गया है। जिसमें कई तरह की तकनीकी लापरवाही बरती गई है। हालांकि ठेकेदार को सत्ता के एक बड़े नेता का संरक्षण होने की वजह से कोई अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

### अमृत 2.0 से भी खर्च हो रही धनराशि

एक तरफ नगर परिषद मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना का कार्य 08 वर्षों में पूर्व नहीं करवा पाई। वहीं नगर परिषद को अमृत 2.0 के तहत फिर से करीब 4 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो गई। नगर परिषद ने टेंडर प्रक्रिया निकाल दी। इस राशि से 1 पानी टंकी, डकवेल, पाइप लाइन का विस्तार, घरेलू नल कनेक्शन, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम बनना है। सवाल अब भी वहीं है कि निर्माण तो हो जाएगा। मगर, पानी कहां से आएगा। इस पूरे मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी से लेकर, प्रभारी अध्यक्ष के पास कोई सीधा जवाब नहीं है। सब उस नासमझ इंजीनियर के भरोसे बैठे है जिसकी निगरानी में हुआ एक भी काम ठीक नहीं है जिनकी जांच अब तक लंबित पड़ी है।

### नगर परिषद ने सभी वार्डों में घटाई पेयजल आपूर्ति

क्षेत्र में एक पखवाड़े से गर्मी कहर बनकर पड़ रही है। जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया है। तेज धूप की वजह से दोपहर में शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों की सड़के सूनसान दिखाई देती है। गर्मी के मौसम ने नगरवासियों की मुश्किलें बड़ा दी हैं। तापमान लगातार बड़ने से जलस्रोत सूख रहे हैं और जलाशयों में पानी का स्तर तेजी से गिर रहा है। ऐसे हालात में नगर परिषद ने पेयजल आपूर्ति घटा दी है। पहले नगर में 1 घंटे नियमित पेयजल सप्लाई हो रही थी जिसमें अब कटौती की गई है। जिस कारण कई घरों में पानी ही नहीं पहुंच पा रहा है। जल प्रदाय शाखा प्रभारी सुनील मरकाम की माने तो यह कदम संसाधनों की कमी को देखते हुए उठाया गया है, जिन वार्डों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है वहां टैंकरों से भी पानी की सप्लाई की जा रही है। सुबह आधा घंटा और शाम 05 बजे महज 15 मिनट ही पानी की सप्लाई हो रही है। यह निर्णय प्रशासनिक दृष्टि से आवश्यक है, लेकिन आमजन के लिए यह व्यवस्था संकट बनकर उभर रही है। इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा होने के कारण नदियों और तालाबों में पानी का स्तर घटा है। शहर के दोनों ही तालाब सूखने की कगार पर है। भूजल स्तर भी लगातार नीचे जा रहा है, जिससे हैंडपंप और बोरवेल सूखने लगे हैं। गर्मी के कारण पानी की खपत सामान्य से कहीं अधिक बड़ गई है। मगर, पानी की कमी ने सभी को परेशान कर रखा है।

# मध्यप्रदेश में जलीय जंगली भैसों का पुनर्स्थापन

## कान्हा के सूपखार रेंज में लौटेगा जंगली भैंसा

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** बालाघाट एवं मण्डला जिले के अंतर्गत आने वाले कान्हा टाइगर रिजर्व के सूपखार रेंज में करीब 45 वर्षों से विलुप्त जंगली भैंसा (एशियाई वाइल्ड बफैलो) एक बार फिर लौटने जा रहा है। इस ऐतिहासिक पहल की शुरुआत 28 अप्रैल को होगी, जब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव स्वयं सूपखार पहुंचकर असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से लाए गए 4 जंगली भैंसों को जंगल में छोड़ेंगे। इनमें 03 मादा एवं 01 नर जंगली भैसा है। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, अन्य गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित रहेंगें।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रेरणादायक नेतृत्व में और आसाम के मुख्यमंत्री श्री हेमंत विस्वा शरमा के सहयोग से मध्य प्रदेश वन विभाग की ओर से संरक्षण की दिशा में एक और ऐतिहासिक पहल की गई है, जिसमे प्रदेश में एक लुप्तप्राय प्रजाति (जंगली जल भैंसा) को उसके ऐतिहासिक क्षेत्र में पुनर्स्थापित करने की ऐतिहासिक संयुक्त पहल असम वन विभाग और मध्य प्रदेश वन विभाग द्वारा की गई है जिसमे आसाम के काजीरंगा बाघ अभ्यारण्य से कान्हा बाघ अभ्यारण्य में 50 एशियाई जंगली जल भैंस (बुबालस आर्नी) को पुनर्स्थापित किया जायेगा।

इस संयुक्त पहल का उद्देश्य इस विशाल शाकाहारी जंगली प्रजाति को मध्य भारत में उनके ऐतिहासिक निवास क्षेत्र में पुनः स्थापित करना है, जहाँ वे एक सदी से अधिक समय से स्थानीय रूप से विलुप्त हो चुके हैं और उनके प्राकृतिक चरने के व्यवहार का लाभ उठाकर कान्हा घास के मैदानों में लंबी घास की प्रजातियों का प्रबंधन करना और जैव विविधता को बढ़ाना है।

काजीरंगा से संस्थापक आबादी के तौर पर कुल 50 जानवरों को स्थानांतरित किया जाना है, और 8 जानवर मॉनसून से पहले वहाँ पहुँचने वाले हैं। क्वारंटाइन प्रोटोकॉल पूर्ण होने के पश्चात जंगली भैंसों का स्थानांतरण 25 अप्रैल 2026 को 4 जंगली भैंसों ने काजीरंगा से कान्हा टाइगर रिज़र्व तक की अपनी 2000 किलो मीटर की यात्रा शुरू की है। इनका स्थानातरण काजीरंगा और कान्हा, दोनों जगहों के वरिष्ठ अधिकारियों और अनुभवी पशु चिकित्सकों की देखरेख में किया जा रहा है, जो दिनांक 28 अप्रैल 2026 की कान्हा टाइगर रिड़र्व में पहुचेंगे। जिन्हें दिनांक 28 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री, डॉ मोहन यादव द्वारा सूपखार, कान्हा टाइगर रिड़र्व में स्थित बाड़े में सॉफ्ट रिलीड़ किया जाएगा। यह स्थानीय रूप से विलुप्त हो चुकी यह प्रजाति उनके ऐतिहासिक क्षेत्र (कान्हा) में जैव विविधता को बढ़ावा देगा और कान्हा टाइगर रिज़र्व में घास के मैदानों वाले पारिस्थितिकी तंत्र के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि कान्हा के सूपखार क्षेत्र में जंगली भैंसों को आखिरी बार वर्ष 1979 के आसपास देखा गया था, जिसके बाद यह प्रजाति यहां से पूरी तरह विलुप्त हो गई। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, बीमारियों, शिकार, आवास में कमी और मानव दबाव जैसे कारणों से इनकी संख्या लगातार घटती गई और अंततः इनका अस्तित्व समाप्त हो गया। अब वन विभाग द्वारा जंगली भैंसा पुनर्स्थापना परियोजना के तहत इस प्रजाति को फिर से बसाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए काजीरंगा से चयनित भैंसों को लाकर सूपखार रेंज में अनुकूल वातावरण में छोड़ा जा रहा है। यह पहल न केवल जैव विविधता संरक्षण के लिहाज से महत्वपूर्ण है, बल्कि कान्हा के पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत करने की दिशा में भी एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# पारिवारिक विवाद बना जानलेवा: रिसेवाड़ा में महिला की हत्या, पति पर संदेह, जांच में जुटी पुलिस

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** क्षेत्र के बहेला थाना अंतर्गत रिसेवाड़ा गांव में पारिवारिक विवाद ने एक महिला की जान ले ली। सोमवार को 27 वर्षीय नंदिनी पति योगराज उर्फ टेंपु नाईक का रक्तरंजित शव उसके ही



घर में मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला की हत्या सिर पर किसी भारी वस्तु से वार कर की गई है, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बहेला थाना प्रभारी रामकुमार रघुवंशी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, वहीं एफएसएल टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया। हालांकि, हत्या किसने की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन मामले में मृतका के पति योगराज उर्फ टेंपु नाईक पर संदेह जताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि घटना रविवार देर रात 11 से 12 बजे के बीच की है, जिसकी जानकारी सोमवार को सामने आई। थाना प्रभारी रामकुमार रघुवंशी ने बताया कि महिला के सिर पर गंभीर चोटें पाई गई हैं और किसी ठोस वस्तु से हमला किया गया है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है।

# शहर की यातायात व्यवस्था सुधार एवं अतिक्रमण नियंत्रण हेतु व्यापक कार्ययोजना पर की गई चर्चा

उमरिया (स्वतंत्र मत)



मानपुर शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने तथा मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी कि अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग तथा नगर परिषद् एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। उन्होने कहा कि बस रूट में संशोधन एवं भारी वाहनों पर नियंत्रण शहर में यातायात दबाव को कम करने हेतु जनप्रतिनिधियों एवं सभी हितधारकों से चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा। बैठक में बसों एवं भारी वाहनों का संचालन बायपास मार्ग से करने पर चर्चा की गई। शहर के मुख्य आंतरिक मार्गों पर बसों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित करने पर भी चर्चा की गई। इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनप्रतिनिधियों, बस संचालकों एवं व्यापारी संगठनों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी।नाली निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए नगर पालिका द्वारा शहर की प्रमुख सड़कों के दोनों ओर नाली निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही, सड़कों के किनारे पेवर ब्लॉक्स लगाए जाएंगे। स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पेवर ब्लॉक्स पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण जैसे अस्थायी दुकानें, ठेले आदि लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बैठक के उपरांत अतिक्रमण हटाने एवं पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ीकरण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया,विशेष रूप से शिव होटल के समीप अव्यवस्थित यातायात की स्थिति का संज्ञान लिया गया। समन्वय के माध्यम से होटल के निकट उपलब्ध भूमि पर पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त पुराने बस स्टैंड क्षेत्र से अवैध ठेलों को हटाया गया।सड़कों पर अतिक्रमण कर रहे लगभग 10-15 दुकानदारों को समझाइश देकर सामग्री हटवाई गई। आगामी एक माह तक प्रशासन, पुलिस एवं नगर पालिका की संयुक्त टीमें नियमित गश्त कर रोड पर अतिक्रमण पर नियंत्रण सुनिश्चित करेंगी। नवीन बस स्टैंड निर्माण शहर के लिए आधुनिक बस स्टैंड के निर्माण हेतु गोवर्धे क्षेत्र में भूमि का चयन किया गया है। उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में यातायात प्रयोजन हेतु दर्ज है।

# चलती कार बनी आग का गोला, बाल-बाल बचे सवार

**उमरिया।** इंदवार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पनपथा से लगे मझौली के पास ताला मार्ग पर सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक



अज्ञात कार अचानक आग की लपटों में घिर गई। देखते ही देखते पूरी कार धू-धू कर जलने लगी और कुछ ही देर में पूरी तरह खाक हो गई।बताया जा रहा है कि कार मानपुर से चिल्हारी की ओर जा रही थी।इसी दौरान गाड़ी के आगे से धुआं उठता देख चालक ने तुरंत वाहन रोककर बोनट खोला, लेकिन तभी आग ने विकराल रूप ले लिया।स्थिति को भांपते हुए कार में सवार लोग फौरन बाहर निकल गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। हादसे में क्षतिग्रस्त कार मालिक का नाम धर्मेंद्र पिता प्रेमलाल प्रजापति बताया जा रहा है,जो मानपुर से सटे पोंड़ी गांव से ग्रह ग्राम डिघिया (अमरपुर) जा रहे थे,इसी बीच मझौली (पनपथा) में कार में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई।हादसे के दौरान ये अकेले ही थे।धर्मेंद्र प्रजापति की माने तो हादसे के दौरान कार में आठ हजार के करीब नगदी भी थी,जो आग की लपटों में जलकर खाक हो गई है।

# कलेक्टर की सख्त हिदायत: समयसीमा में करें सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतोषजनक निराकरण

## तीन अधिकारियों को शो काज नोटिस जारी

उमरिया (स्वतंत्र मत)



कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार लंबित शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयसीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों,आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनों तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों,मानवाधिकार के पत्रों,फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज होते ही उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए और अनावश्यक देरी से बचा जाए। उन्होंने अधिकारियों को टीम भावना के साथ काम करने की नसीहत देते हुए कहा कि अंतिम तिथि पर शिकायतों को एक-दूसरे विभाग में ट्रांसफर करने की प्रवृत्ति पूरी तरह बंद की जाए। बैठक में समन्वय पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वन विभाग से संबंधित एनओसी या अन्य आवश्यक अनुमतियां प्रोजेक्ट स्वीकृति से पहले ही प्राप्त कर ली जाएं, ताकि विकास कार्यों में बाधा न आए। साथ ही उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग समन्वित प्रयास करें। जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्लॉट बुकिंग में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए तथा पेट्रोल आपूर्ति पर निरंतर निगरानी रखी जाए। सभी एसडीएम को सख्त निर्देश दिए गए कि जिले में गैस सिलेंडर का अवैध विक्रय किसी भी स्थिति में न हो। जनजातीय कार्य विभाग को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर अधिक से अधिक छात्रों का समय पर पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए गए कार्यों को नियमित रूप से पोर्टल पर अपडेट करने के लिए सभी विभागों को कहा गया। समय सीमा की बैठक से कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग पीआईयू दिलीप टेकाम, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बी एस मरावी तथा जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान के के डेहरिया अनुपस्थित पाए गए । जिस पर कलेक्टर ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए कहा है कि आपका उक्त कृत्य अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही, उदासीनता, स्वेच्छाचारिता एवं कर्तव्यविमुखता का परिचायक है जो म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। क्यों न उक्त कृत्य के लिये आपके विरूद्ध सिविल सेवा आचरण (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 मे निहित प्रावधान अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव आयुक्त शहडोल संभाग शहडोल को प्रेषित किया जाये। आप अपना जवाब पत्र प्राप्ति से तीन दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। उत्तर समाधानकारक व समय-सीमा में प्राप्त न होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित

उमरिया (स्वतंत्र मत)

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने थाना पाली जिला उमरिया के अपराध क्रमांक 503/25 69 बी एन एस के आरोपी अब्दुल कादिर अंसारी निवासी कट्टी मोहल्ला शहडोल पर पांच हजार रूपये के ईनाम कि घोषणा कि है । इनाम वितरण के संबंध में पुलिस अधीक्षक उमरिया अंतिम निर्णय होगा ।

# जिले में 762 किसानों से 1786.2 मी. टन गेहूं की गई खरीदी

**उमरिया ।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले मे गेहूं उपार्जन का कार्य 12 मई तक किया जाना है । जिले में गेहूं उपार्जन के लिए 34 उपार्जन केंद्र बनाए गए है । जिले मे 4373 किसानों व्दारा स्लाट बुक किए गए हैं । जिले में 762 किसानों से 1786.2 मी0 टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है । राज्य शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं रूपये 2425 प्रति क्विंटल पर रूपये 40 प्रति क्विंटल की दर से किसानों को बोनस का भुगतान किया जायेगा । इस प्रकार जिले में गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले किसानों को गेहूं की कुल राशि रूपये 2585 प्रति क्विंटल प्लस 40 प्रति क्विंटल के मान से बोनस कुल (2625 प्रति क्विंटल) के मान से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की राशि का भुगतान किया जायेगा । रबी विपणन वर्ष 2026-27 में जिले के प्रमुख गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले सभी किसानो को समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं एवं उस पर प्रदाय बोनस राशि प्रदाय की जायेगी । जिले के गेहूं विक्रय के इच्छुक सभी किसानो से अपेक्षा कि गई हैं कि समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने हेतु शासन की नियत अवधि दिनांक 12 मई 2026 तक समर्थन मूल्य पर गेहू विक्रय कर उक्त योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकते है।

# जोहिला पुल पर दर्दनाक हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, दो घायल



**उमरिया ।** जिले में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसने इलाके में सनसनी फैला दी। जानकारी के अनुसार करकेली से पाली की ओर आ रहे तीन युवकों को जोहिला पुल के पास किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान बादल कोल (17 वर्ष), पिता रंजीत कोल, निवासी वार्ड नंबर 5 मुढुलुआ टोला के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत घायलों को संभाला और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों में विकास कोल (17 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 5 मुढुलुआ टोला और विकास भट्ट (25 वर्ष), पिता आनंद भट्ट, निवासी पाली प्रोजेक्ट शामिल हैं। दोनों को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों युवक एक साथ वाहन से पाली की ओर आ रहे थे, तभी जोहिला पुल के पास अचानक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए जाम जैसी स्थिति भी बन गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपी वाहन चालक को पकड़ने का दावा किया जा रहा है।

## नशामुक्ति अभियान की हुई समीक्षा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में संचालित नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों एवं कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा के लिए सोमवार को योजना भवन में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने की। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जनजाति कार्य विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत नशे की गतिविधियों की हॉटस्पॉट चिन्हित किए जाने एवं नशे की रोकथाम के लिए जिले में कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया। प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग रोहित बड़कुल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी थानों द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में पहुंचकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण शिविर

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार सार्थक पहल की जा रही है। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में थाना बिछिया एवं थाना मोतीनाला परिसर में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण एवं चयन शिविरों का सफल आयोजन किया गया। थाना बिछिया में आयोजित शिविर में लगभग 100 युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान अभ्यर्थियों को जबलपुर एवं भोपाल में उपलब्ध विभिन्न रोजगार अवसरों टू व्हीलर फोर व्हीलर सर्विस टेक्नीशियन, हाउसकीपिंग एवं फूड एंड बेवरेज सर्विस की जानकारी दी गई। चयनित अभ्यर्थियों को 12 हजार से 15 हजार रूपए प्रतिमाह वेतन के साथ निःशुल्क ड्रेस, जूते एवं प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी गई। वहीं थाना मोतीनाला में आयोजित शिविर में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आए लगभग 32 युवक-युवतियों ने सहभागिता की।

## सामान्य सभा की बैठक कल

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला पंचायत मंडला की सामान्य सभा की बैठक 29 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। यह बैठक मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार बुलाई गई है। प्रदेश में 19 मार्च से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रियान्वयन की जिला स्तर पर समीक्षा की जाएगी। बैठक का आयोजन दोपहर 12 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम द्वारा की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ अन्य समसामयिक विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों एवं सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## टीएल बैठक में दिए निर्देश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना ने संयुक्त रूप से जिला योजना भवन में आयोजित टीएल बैठक में ज्ञान भारतम मिशन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत पांडुलिपियों के सर्वेक्षण दस्तावेजीकरण एवं डिजिटलीकरण कार्यों को तय समय-सीमा में प्रभावी ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि यह विशेष अभियान 16 मार्च से 15 जून तक संचालित किया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण सूचीकरण एवं डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने का कार्य पूरी गंभीरता के साथ किया जाए तथा संबंधित विभाग आपसी समंवय से कार्य सुनिश्चित करें।

# पिता की फर्म से खरीदी करना पंच को पड़ा महंगा

## जांच में खुलासा होने के बाद पद से हटाए गए, सरपंच-सचिव से होगी वसूली

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत बड़ी खैरी में सरकारी धन की जमकर होली खेली जा रही है और ताजूब की बात यह है कि इस खेल की भनक या तो जबावदारों को नही है या फिर उनका मूक संरक्षण है। लोगों में नाराजगी है स्थानीय पंचायत के निवासियों ने बताया कि यहां पर अतिक्रमण सरकारी कामों में घपलेबाजी टेक्स की राशि में घपला आम बात है। शिकायतें तो अनेक हुई लेकिन कोई खास कार्यवाही नही हो पाई। लेकिन एक मामला इतनी तेजी से उजागर हुआ कि उसकी चपेट में सरपंच सचिव ही नही पंच भी आ गए मिली जानकारी के अनुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा 15 सितंबर 2025 को जारी आदेश में सरपंच सचिव और एक पंच के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई है। ग्राम पंचायत बड़ी खैरी में विभिन्न विकास कार्यों के तहत सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नाडेप (कचरा संरचना) निर्माण कराया गया था। इन कार्यों को लेकर ब्रजेश कुमार साहू ने शिकायत दर्ज कराई थी कि निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताएं




बरती गई हैं और सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। शिकायतों के आधार पर जब जनपद स्तर पर जांच कराई गई तो जो तथ्य सामने आए वे चौंकाने वाले थे। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों को नियमों के अनुरूप नहीं किया गया और गुणवत्ता से गंभीर समझौता किया गया। जांच में पाया गया कि सीसी रोड निर्माण के लिए 150 मीटर लंबाई स्वीकृत थी लेकिन वास्तविक निर्माण केवल 133 से 135 मीटर के बीच ही किया गया। यानी स्वीकृत कार्य से कम निर्माण कर शेष राशि का दुरुपयोग किया गया। नाली निर्माण में भी अनियमितता सामने आई। यहां लागत का मूल्यांकन वास्तविक खर्च से कम था लेकिन इसके बावजूद 422 रूपए मात्र अधिक खर्च दर्शाया गया। यह स्पष्ट रूप से वित्तीय गड़बड़ी का मामला है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए नाडेप संरचनाओं की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई। कई संरचनाएं निर्माण के कुछ ही समय बाद क्षतिग्रस्त हो गईं जिससे यह साबित होता है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया या तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया गया। इस पूरे प्रकरण का सबसे गंभीर पहलू पंचायत के निर्वाचित पंच अभिषेक कछवाहा से जुड़ा है। जांच में यह सामने आया कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग




करते हुए अपने ही पिता की फर्म को लाखों रुपये का भुगतान करवाया। यह मामला स्पष्ट रूप से हितों के टकराव और भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। पंचायत राज अधिनियम के अनुसार कोई भी जनप्रतिनिधि अपने पद का उपयोग कर अपने परिवार या रिश्तेदारों को लाभ नहीं पहुंचा सकता लेकिन यहां इस नियम का खुला उल्लंघन किया गया। जनपद स्तरीय जांच दल की रिपोर्ट में कई गंभीर तथ्य उजागर हुए। रिपोर्ट के अनुसार निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई सामग्री की खरीद में निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया सरकारी धन का उपयोग पारदर्शी तरीके से नहीं किया गया पंचायत पदाधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग किया रिश्तेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया इन सभी बिंदुओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह केवल लापरवाही का मामला नहीं बल्कि सुनियोजित अनियमितता और भ्रष्टाचार का मामला है। प्रशासन की सख्त कार्रवाई मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। सरपंच सीमा गोटिया और सचिव उमेश वैरागी पर वित्तीय गड़बड़ी के लिए जिम्मेदारी तय की गई। दोनों से 212-212 रुपये (या निर्धारित राशि) की वसूली का आदेश दिया गया, यानी कुल 424 रुपये की राशि 15 दिनों के भीतर जमा करने के निर्देश दिए गए प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में राशि जमा नहीं की गई। वहीं पंच अभिषेक कछवाहा पर सबसे कठोर कार्रवाई की गई है। उन्हें तत्काल प्रभाव से पद से बर्खास्त कर दिया गया 6 वर्षों तक किसी भी पंचायत चुनाव में भाग लेने से प्रतिबंधित किया गया यह कार्रवाई इस बात का संकेत है कि प्रशासन रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाने जैसे मामलों को बेहद गंभीरता से ले रहा है। आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने कर्तव्यों का पालन नहीं किया और शासन की राशि का दुरुपयोग किया है। यह मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40(ग) का सीधा उल्लंघन है। इस धारा के तहत यदि कोई जनप्रतिनिधि अपने पद का दुरुपयोग कर स्वयं या अपने रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाता है, तो उसके खिलाफ पद से हटाने सहित अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इस कार्रवाई के बाद ग्राम पंचायत बडीखैरी सहित आसपास के क्षेत्रों में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## जब तक मांग पूरी न होगी, खाली नहीं करेंगे गांव

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)

जिले के चुटका गांव में प्रस्तावित 2800 मेगावाट परमाणु ऊर्जा परियोजना को लेकर विरोध तेज हो रहा है हालांकि चुटका परमाणु विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष दादुलाल कुड़ापे और महिला मोर्चा अध्यक्ष मीराबाई मरावी ने स्पष्ट किया कि ग्राम सभा अपनी 26 मांगों पर अडिग है। उनका कहना है कि जब तक इन सभी बिंदुओं पर कार्रवाई नहीं होती गांव खाली नहीं किया जाएगा ग्रामीणों ने बताया कि 2009 में परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद से ही वे इसका विरोध करते आ रहे हैं। बरगी बांध से पहले ही विस्थापन झेल चुके लोग दोबारा विस्थापन नहीं चाहते। बावजूद इसके 2012 में भू-अर्जन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई और



2015 में परियोजना के पक्ष में अवार्ड पारित कर दिया गया किसानों का आरोप है कि लगभग 3.75 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजा बहुत कम है। उन्होंने मांग की है कि मुआवजा 60 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर किया जाए जैसा कि नर्मदा घाटी में सरदार सरोवर बांध प्रभावितों को मिला था। इसके अलावा प्रत्येक विस्थापित परिवार को 5 एकड़ कृषि योग्य भूमि और युवाओं को योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी देने की मांग भी शामिल है ग्रामीणों का यह भी कहना है कि उनकी सहमति के बिना निस्तारी भूमि परियोजना को दे दी गई जबकि यह क्षेत्र पांचवीं अनुसूची और पेसा कानून के तहत आता है जहां ग्राम सभा की अनुमति आवश्यक है परियोजना से जुड़े अन्य मुद्दों में वन भूमि पर काबिज किसानों को वन अधिकार पत्र न मिलना और बरगी जलाशय में मत्स्याखेट करने वाले 187 मछुआरों के सामने आजीविका संकट शामिल है। सुरक्षा कारणों से इन मछुआरों को काम से वंचित होना पड़ सकता है लेकिन उनके पुनर्वास की कोई स्पष्ट योजना नहीं है ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि जब तक उनकी 26 मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती तब तक चुटका गांव खाली नहीं किया जाएगा। प्रशासन और ग्रामीणों के बीच यह टकराव आने वाले समय में और बढ़ सकता है।

## तीखा विरोध: रेल अधिकारियों को ज्ञापन

मण्डला(स्वतंत्रमत)

नैनपुर रेलवे स्टेशन पर मंडला-डिंडोरी क्षेत्र की रेल सुविधाओं की उपेक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया। रेलवे संघर्ष समिति के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप मिश्रा एवं राष्ट्रीय महासचिव चंद्र गुप्त नामदेव ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश तथा डीआरएम दीपक गुप्ता से भेंटकर क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर तीखे स्वर में विरोध दर्ज कराया प्रतिनिधिमंडल ने मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन सहित मंडला-डिंडोरी क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही उपेक्षा अधूरी सुविधाओं और रेल सेवाओं के अभाव को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान अधिकारियों को एक विस्तृत ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमें क्षेत्र की प्रमुख मांगों और समस्याओं का उल्लेख किया गया महाप्रबंधक तरुण



प्रकाश एवं डीआरएम दीपक गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि मंडला क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और प्राथमिकता के आधार पर मुद्दों पर विचार किया जाएगा। इस अवसर पर एक अन्य प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा जिसमें केबिनेट मंत्री संपत्तियां उइके, जयदत्त झा, रोचीराम गुरवानी, सुधीर कसार, अंजनी तिवारी सहित नैनपुर के पत्रकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल थे। सभी ने एक स्वर में रेलवे संघर्ष समिति मंडला की मांगों का समर्थन किया और क्षेत्र के विकास शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। यह घटनाक्रम मंडला-डिंडोरी क्षेत्र की रेल सुविधाओं को लेकर बढ़ते असंतोष को दर्शाता है।

## गौ सुरक्षा को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** गौमाता के सम्मान में पूरे भारत में एक साथ 5400 तहसीलों पर गाय माता की सुरक्षा गाय माता का सम्मान एवं गौ हत्या पूरे भारत में बन्द हो एवं केन्द्रीय गौ मंत्रालय केंद्र में बनाए जाए इन सभी बिंदुओं को लेकर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, राष्ट्रपति के नाम पूरे भारत में एक साथ गाय माता के हित में ज्ञापन दिया गया है इसी कड़ी में जिला मुख्यालय पर कलेक्टर एवं उप तहसील अंजनिया, एसडीएम निवास, एसडीएम, नैनपुर, घुघरी, बिछिया, नरायणगंज सभी तहसीलों पर ज्ञापन सौंपा गया सभी गौ भक्तों एवं माहिष्मती गौ सेवा रक्तदान संगठन और विश्व हिन्दू परिषद सहित अन्य संगठनों के सभी पदाधिकारी ने ज्ञापन देकर अपनी उपस्थिति दर्ज



कराई। गौ पुत्र दिलीप चन्द्रौल ने बताया कि आगामी तीन चरणों में और विशाल जन समर्थन के साथ सभी गौ भक्त अपनी बात रखेंगे। इस दौरान रेनू कछवाहा, पंकज मलिक, रोहित अग्निहोत्री, मयंक अग्रवाल, ऋषिकेश नामदेव, अमन पटेल एवं अन्य गौ भक्तों की भूमिका रही।

## शतरंज में आशुतोष ने बनाया 9वां स्थान

मण्डला(स्वतंत्रमत)

मोटफोर्ट विद्यालय में अध्यनरत आशुतोष जासवाल ने शतरंज प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर नवां स्थान बना लिया है। बीते दिनों मोटफोर्ट विद्यालय में इंटर हाऊस चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में आशुतोष ने उचित स्थान बनाया था जिस पर उनका चयन जबलपुर फतेह इंटर हाऊस चैस प्रतियोगिता टूनामेंट के लिए हुआ था जिसका आयोजन 26 अप्रैल को जबलपुर में किया गया यहां पर आशुतोष ने शानदान प्रदर्शन करते हुए अनेक खिलाड़ियो से बाजी जीतते हुए। नवां स्थान बना लिया है। अब आशुतोष आगे की



प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी कर रहे हैं। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में 36 स्कूलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। आशुतोष की मां सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमति ज्योति जासवाल ने बताया कि शतरंज एक अत्यंत रोचक और बुद्धिमत्ता को विकसित करने वाला खेल है। इसे दो खिलाड़ियों के बीच खेला जाता है जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी के पास 16 मोहरे होते हैं राजा, रानी, हाथी, ऊंट, घोड़े और प्यादे। यह खेल केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि रणनीति, धैर्य और दूरदर्शिता का भी परीक्षण करता है। शतरंज में हर चाल सोच-समझकर चलनी पड़ती है क्योंकि एक छोटी सी गलती पूरे खेल का परिणाम बदल सकती है। इस खेल की खास बात यह है कि इसमें शारीरिक ताकत नहीं, बल्कि मानसिक क्षमता का महत्व होता है। खिलाड़ी को अपने प्रतिद्वंद्वी की चालों का अनुमान लगाकर अपनी रणनीति बनानी होती है। शतरंज हमें जीवन में निर्णय लेने की कला सिखाता है और समस्याओं को सुलझाने की क्षमता को बढ़ाता है।

# भीषण गर्मी के बीच अचानक मौसम ने ली करवट

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच अचानक मौसम ने करवट ले ली। जिससे जनजीवन के साथ-साथ किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। सोमवार को दोपहर तक जहां तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे, वहीं शाम होते-होते आसमान में काले घने बादल छा गए। इसके बाद तेज आंधी, तूफान और कई स्थानों पर बारिश के साथ हल्की ओलावृष्टि ने दस्तक दी। तेज हवाओं के चलते नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिरने की खबर मिली है। जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। अचानक बदले मौसम ने जहां आमजन को गर्मी से राहत दी, वहीं किसानों के लिए यह राहत चिंता में बदल गई है। अचानक हुई इस बारिश से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। इन दिनों क्षेत्र में गेहूं की फसल कटकर खेतों, खलिहानों और मंडी प्रांगण में खुले में रखी हुई है। ऐसे में अचानक हुई बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरने का खतरा खड़ा कर दिया है। कई किसानों ने अपनी उपज को सुरक्षित स्थान पर रखने की व्यवस्था नहीं होने के कारण खुले में ही छोड़ रखा है, जिससे भीगने और खराब होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि एक ओर वे शासन की जटिल खरीदी प्रक्रिया और व्यवस्थाओं से पहले ही परेशान हैं, वहीं

### बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता



दूसरी ओर मौसम की मार ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। तेज हवा और बारिश के चलते गेहूं की गुणवत्ता प्रभावित होने का डर सता रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। कई किसानों ने कुछ एक खरीदी केंद्रों और उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त शेड और भंडारण व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यदि समय पर उचित व्यवस्था की जाती, तो फसल को इस तरह खुले में नहीं रखना पड़ता। मौसम के इस बदलाव ने प्रशासन की तैयारियों की भी पोल खोल दी है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मंडियों में पुख्ता इंतजाम किए जाएं, फसल को सुरक्षित रखने के लिए शेड और तिरपाल उपलब्ध कराए जाएं तथा खरीदी प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। साथ ही, यदि फसल को नुकसान होता है तो उचित सर्वे कर मुआवजा दिया जाए। अचानक बदले मौसम ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी है, वहीं किसानों के लिए यह किसी नई मुसीबत से कम नहीं है। अब सभी की नजरें आने वाले दिनों के मौसम पर टिकी हैं, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही या और बारिश किसानों की मेहनत पर भारी पड़ सकती है।


**न्यायालय तहसीलदार निवास जिला मण्डला मप्र**

**उद्घोषणा**

पृ क्रमांक/तह/प्रवा./2026/1311A
ग्राम-निवास प.ह.नं. 36
राजस्व निरी.मं. निवास
तहसील निवास

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम निवास को सूचित किया जाता है कि ग्राम निवास पटवारी हल्का नं. 36 स्थित भूमि खसरा नं. 352/1 रकबा 11.92 हे. में से 0.20 हे. पार्क निर्माण हेतु नगर परिषद निवास हेतु उपरोक्त भूमि वंटन हेतु प्रयोजनार्थ हस्तांतरण के संबंध में उपयुक्त भूमि मान्य कर प्रस्तावित की गई है। उक्त भूमि नजूल निर्वर्तन निर्देश नियम 2020 के तहत आबंटित / हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। संबंधित विभाग के प्रयोजन हेतु आवंटन किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय मण्डला द्वारा प्रतिवेदन चाहा गया है। अतः उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति पेश करना है तो वह स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा
आज दिनांक 15.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 15.04.2026
पेशी तारीख 30.04.2026

**तहसीलदार निवास जिला मण्डला म.प्र.**

**न्यायालय तहसीलदार निवास जिला मण्डला मप्र**

**उद्घोषणा**

पृ क्रमांक/तह/प्रवा./2026/1312A
ग्राम-निवास प.ह.नं. 36
राजस्व निरी.मं. निवास
तहसील निवास

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम निवास को सूचित किया जाता है कि ग्राम निवास पटवारी हल्का नं. 36 स्थित भूमि खसरा नं. 230, 231 रकबा 1.53, 0.17 हे. भूमि 0.18, 0.02 पेट्रोल पम्प के पास नगर परिषद निवास दुकान निर्माण कार्य हेतु उपरोक्त भूमि बंटन हेतु प्रयोजनार्थ हस्तांतरण के संबंध में उपयुक्त भूमि मान्य कर प्रस्तावित की गई है। उक्त भूमि नजूल निर्वर्तन निर्देश नियम 2020 के तहत आबंटित /हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। संबंधित विभाग के प्रयोजन हेतु आवंटन किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय मण्डला द्वारा प्रतिवेदन चाहा गया है। अतः उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति पेश करना है तो वह स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 15.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 15.04.2026
पेशी तारीख 30-04-3026

**तहसीलदार निवास जिला मण्डला म.प्र.**

**न्यायालय तहसीलदार निवास जिला मण्डला मप्र**

**उद्घोषणा**

पृ क्रमांक/तह/प्रवा./2026/1313A
ग्राम-निवास प.ह.नं. 36
राजस्व निरी.मं. निवास
तहसील निवास

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम निवास को सूचित किया जाता है कि ग्राम निवास पटवारी हल्का नं. 36 स्थित भूमि खसरा नं. 10/1 रकबा 0.21 हे. नगर परिषद निवास को फिल्टर प्लांट निर्माण प्रयोजनार्थ हस्तांतरण के संबंध में उपयुक्त भूमि मान्य कर प्रस्तावित की गई है। उक्त भूमि नजूल निर्वर्तन निर्देश नियम 2020 के तहत आबंटित / हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। संबंधित विभाग के प्रयोजन हेतु आवंटन किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय मण्डला द्वारा प्रतिवेदन चाहा गया है अतः उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति पेश करना है तो वह स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 15.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 15.04.2026
पेशी तारीख 30.04.2026

**तहसीलदार निवास जिला मण्डला म.प्र.**

संपादकीय

## 'आप' में बिखराव

आम आदमी पार्टी (आप) के 7 राज्यसभा सांसदों ने दलबदल किया है और भाजपा के पाले में चले गए हैं। सोमवार को राज्यसभा से उनके भाजपा में शामिल हो जाने की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। पंजाब के 50-60 विधायक भी पार्टी नेतृत्व से नाराज और असंतुष्ट हैं। वे 'आप' की बिखरती ईकाई हैं। रपटें ये भी हैं कि भाजपा 'आप' के 3 लोकसभा सांसदों को भी तोड़ने के मिशन में जुट गई है। यह कोई सामान्य दलबदल अथवा राजनीतिक टूट, बिखरन नहीं है। बेहद अहम राजनीतिक घटना है, जो कमोबेश 'आप' का परिदृश्य बदल सकती है। इस बगावत ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के गुमान को खंडित कर दिया है। केजरीवाल मात्र दो साल के लिए संयोजक बने थे, लेकिन 2018 में पार्टी संविधान में संशोधन कराया गया। अब केजरीवाल हमेशा के लिए पार्टी के 'आलाकमान' हो गए हैं। 'आप' 14 साल पुरानी पार्टी हो गई है। कार्यकर्ताओं और नेताओं के एक गुट को 'आलाकमान संस्कृति' पसंद नहीं है, नतीजतन बिखराव और टूटन शाश्वत हो गई है। केजरीवाल कहा करते थे कि 'आप' के कार्यकर्ता और नेता इतने मजबूत हैं कि उन्हें कोई भी लालच, पैसा, पद या जांच एजेंसियों का दबाव तोड़ नहीं सकता। उन्हें ऐसे साथियों पर गर्व और गुमान है। राज्यसभा सांसदों की टूट और उनके भाजपा में शामिल होने की घटना ने तमाम धारणाएं खंडित की हैं और सवाल उठाए हैं कि आखिर राघव चड्ढा और संजीव पाठक ने बगावत क्यों की? राघव पेशेवर चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और संजीव पाठक आईआईटी प्रोफेसर थे। वे तो केजरीवाल के 'प्रियतम' में एक थे। उन्हें केजरीवाल ही राजनीति में लाए और संसद के सर्वोच्च सदन तक पहुंचने का मौका दिया। कमोबेश इन दोनों 'आप' नेताओं का अलग होना और अंततः भाजपा में शामिल होना बहुत बड़ा आश्चर्य है। केजरीवाल को आत्ममंथन, आत्मचिंतन करना चाहिए कि ऐसे लोग पार्टी क्यों छोड़ रहे हैं? इन दोनों नेताओं पर किसी 'दागदार मामले' की छाया तक नहीं है, जो सीबीआई या ईडी की जांच का डर, खौफ हो। शेष सांसद या तो उद्योगपति हैं अथवा हरभजन की तरह पेशेवर हैं। अशोक मित्तल को तो इसी माह राज्यसभा में 'आप' संसदीय दल का उपनेता बनाया गया था। 15 अप्रैल को ईडी ने उनकी 'लवली यूनिवर्सिटी' और अन्य ठिकानों पर छापेमारी की और 24 अप्रैल को वह टूट कर भाजपा की गोद में आ गए। मित्तल यूनिवर्सिटी के चांसलर भी हैं। साफ है कि जांच एजेंसियों के प्रभाव और जेल जाने की संभावनाएं अपना काम जरूर करती हैं, लिहाजा नेतागण दलबदल करने को विवश होते हैं। बहरहाल इस टूटन के अंतिम फलितार्थ ऐसे हो सकते हैं कि 'आप' राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खो सकती है। सबसे अहम संकट और चुनौती पंजाब में है, क्योंकि वहां विधानसभा चुनाव फरवरी, 2027 में होने हैं। बेशक विधायकों के टूटने की आशंका तो है, लिहाजा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का समय मांगा है। मुख्यमंत्री राष्ट्रपति से मांग करना चाहते हैं कि जो पंजाब विधायकों के वोट से राज्यसभा सांसद चुने गए थे, उन्हें 'अयोग्य' करार दिया जाए। सवाल है कि राष्ट्रपति किसी भी सांसद को 'अयोग्य' कैसे घोषित कर सकते हैं? यह संवैधानिक अधिकार उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा सभापति को ही है, जिसकी अपनी एक प्रक्रिया है। 'आप' संसदीय दल के नेता संजय सिंह भी सभापति राधाकृष्णन को पत्र लिख कर सांसदों की सदस्यता खत्म करने की मांग की है। यह इतना आसान नहीं है, क्योंकि भाजपा ने तमाम औपचारिकताएं पहले ही पूरी करवा रखी हैं। इस दलबदल से राज्यसभा में भाजपा के 113 सदस्य हो गए हैं। अब सामान्य बहुमत से मात्र 10 सांसद ही कम हैं।

# आखिर दुनिया का 'थानेदार' ट्रंप और उनका अमेरिका खुद इतना असुरक्षित क्यों

कमलेश पांडे

**अमेरिका लंबे समय से खुद को विश्व नेतृत्व की भूमिका में रखता है। जब कोई देश या नेता इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाता है, तो हर निर्णय पर आलोचना और चुनौती स्वाभाविक होती है-चाहे वह शीत युद्ध के बाद की वैश्विक व्यवस्था हो या आज की बहुध्रुवीय दुनिया, अमेरिका ने हर चुनौतियों से सीखा और बेहतर समाधान देने की कोशिश की।**



आखिर दुनिया का थानेदार कहे जाने वाला अमेरिका खुद असुरक्षित क्यों दिखता है? असल में यह एक मिथक और हकीकत का मिश्रण है। अमेरिका के नेता, जैसे डोनाल्ड ट्रम्प के असुरक्षित दिखने के पीछे कई परतें होती हैं, क्योंकि उनकी मौजूदगी वाले स्थल पर यह तीसरा बड़ा हमला है। इसलिए यह सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि राजनीतिक, संस्थागत और वैश्विक कारणों का मिश्रण है।

आइए, इसे सरल तरीके से-ऐसे समझिए।

**पहला, वैश्विक नेतृत्व का दबाव**- अमेरिका लंबे समय से खुद को विश्व नेतृत्व की भूमिका में रखता है। जब कोई देश या नेता इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाता है, तो हर निर्णय पर आलोचना और चुनौती स्वाभाविक होती है-चाहे वह शीत युद्ध के बाद की वैश्विक व्यवस्था हो या आज की बहुध्रुवीय दुनिया, अमेरिका ने हर चुनौतियों से सीखा और बेहतर समाधान देने की कोशिश की।

**दूसरा, घरेलू राजनीति की तीखी प्रतिस्पर्धा**- डॉनल्ड ट्रंप की राजनीति बहुत ध्रुवीकृत रही है। अमेरिका के अंदर ही डेमोक्रेट और रिपब्लिकन के बीच तीखी टकराहट, मीडिया की आलोचना, और चुनावी दबाव-ये सब किसी भी नेता को रक्षात्मक या असुरक्षित दिखा सकते हैं।

**तीसरा, कानूनी और व्यक्तिगत विवाद**- ट्रंप कई कानूनी मामलों, जांचों और विवादों से घिरे रहे हैं। ऐसी स्थिति में कोई भी नेता अपनी छवि और राजनीतिक भविष्य को लेकर सतर्क-कभी-कभी असुरक्षित-दिख सकता है।

**चौथा, बदलती वैश्विक शक्ति-संतुलन**- अब दुनिया एकध्रुवीय नहीं रही। चीन, रूस जैसे देश चुनौती दे रहे हैं। इससे अमेरिका की थानेदार वाली स्थिति पहले जैसी निर्विवाद नहीं रही, और यह असुरक्षा की भावना पैदा कर सकता है।

**पांचवां, पॉपुलिस्ट (जनप्रिय) राजनीति की शैली**- ट्रंप की राजनीति में हम बनाम वे का नैरेटिव मजबूत रहा है। इस शैली में नेता अक्सर खतरे को बड़ा दिखाते हैं-चाहे वह बाहरी हो या आंतरिक-ताकि समर्थकों को एकजुट रखा जा सके। इससे भी असुरक्षा का आभास होता है।

**छठा, असुरक्षा का एहसास बनाम असली आंकड़े**- अमेरिका में लंबे समय में अपराध दर घटी है, खासकर 1990 के बाद से, लेकिन फिर भी लगभग 46त्न लोग खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। यानी समस्या सिर्फ अपराध नहीं, बल्कि डर का माहौल भी है कारण स्पष्ट है कि मीडिया, सोशल मीडिया, और मास शूटिंग जैसी घटनाएं लोगों के दिमाग में डर बढ़ाती हैं।

**सातवां, आर्थिक असमानता**- अमेरिका दुनिया का सबसे अमीर देशों में है, लेकिन अमीर-गरीब का अंतर बहुत बड़ा है बेरोजगारी, घर विहीनता, opioid crisis जैसी समस्याएं अपराध को बढ़ाती हैं। जहां असमानता ज्यादा होती है, वहां अपराध और असुरक्षा भी ज्यादा होती है।

**आठवां, हथियार संस्कृति**- अमेरिका में आम नागरिक के पास बड़ी संख्या में हथियार हैं। इससे छोटी घटनाएं भी घातक बन सकती हैं, जैसे शूटिंग इंसीडेंट्स। यही कारण है कि हिंसात्मक अपराध का डर ज्यादा रहता है।

**नौवां, अपराध का केंद्रित होना**- पूरे अमेरिका में समान खतरा नहीं है, बल्कि अपराध कुछ खास शहरों या इलाकों में ज्यादा केंद्रित होता है। इसलिए कुछ जगह बहुत सुरक्षित है पर कुछ जगह बहुत खतरनाक।

**दसवां, मीडिया और राजनीति का प्रभाव**- लगातार चौबीस घण्टे सातों दिन न्यूज और सोशल मीडिया खतरे को अम्प्लीफाय करते हैं। लोग वास्तविकता से ज्यादा डर महसूस करते हैं। भय अर्थव्यवस्था भी एक फैक्टर है।

**ग्यारहवां, पुलिस और सिस्टम की सीमाएँ**- अमेरिका पुलिस और जेल पर बहुत खर्च करता है, फिर भी मूल कारणों, जैसे- गरीबी, मानसिक स्वास्थ्य, नशा आदि पर कम ध्यान दिया जाता है। इसलिए सुरक्षा का ढांचा प्रतिक्रियावादी है, सुरक्षात्मक/संरक्षात्मक कम।

**बारहवां, सामाजिक व्यवहार और जीवनशैली**- सड़क हादसे, नशा, मानसिक तनाव-ये भी असुरक्षा के बड़े कारण हैं कई मामलों में व्यवहार भी जिम्मेदार है।

**निष्कर्षत**- यह कहा जा सकता है कि अमेरिका कमजोर नहीं है, लेकिन-आर्थिक असमानता, हथियार संस्कृति, सामाजिक तनाव और मीडिया द्वारा बढ़ा डर आदि के कारण एक शक्तिशाली देश भी अंदर से असुरक्षित महसूस करता है।

उल्लेखनीय है कि ट्रंप की हालिया सुरक्षा चूक व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर (25 अप्रैल 2026) के दौरान हुई, जब एक संदिग्ध ने होटल में घुसकर गोली चलाई। अमेरिकी अधिकारी अभी जांच कर रहे हैं, लेकिन कोई निश्चित समय सारिणी घोषित नहीं की गई है। 25 अप्रैल 2026 को वॉशिंगटन के हिल्टन होटल में डिनर के दौरान एक संदिग्ध (कोल एलन) ने शॉटगन, पिस्तौल और चाकू लहराते हुए सिक्योरिटी चेकपॉइंट तोड़ा और गोली चलाई। सीक्रेट सर्विस ने ट्रंप, मेलानिया ट्रंप, उपराष्टपति जेडी वेंस समेत नेताओं को सुरक्षित निकाला; एक एजेंट को गोली लगी लेकिन बुलेटप्रूफ वेस्ट से बच गया।

बहरहाल, जांच की स्थिति यह है कि [illegible] की एंटी-टेरर यूनिट जांच लीड कर रही है, जिसमें हथियार, गवाह बयान और संदिग्ध के मैनिफेस्टो की पड़ताल शामिल है। एक्टिंग अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंच ने कहा कि संदिग्ध ट्रंप व उनकी टीम को टारगेट बना रहा था, लेकिन वो सहयोग नहीं कर रहा। ट्रंप ने इसे सिक्योरिटी सक्सेस बताया, पर सुरक्षा प्रोटोकॉल पर सवाल उठे हैं।

आखिर जवाब कब? तो अधिकारियों ने लाइव अपडेट दिए हैं, लेकिन सुरक्षा चूक के सवालों (जैसे चेकपॉइंट कैसे टूटा) पर कोई अंतिम रिपोर्ट या सुनवाई की तारीख की घोषणा नहीं हुई। जांच जारी है, अतिरिक्त विवरण आने पर बयान संभव। इससे पहले ट्रंप पर 13 जुलाई 2024 के हमले (पेंसिल्वेनिया रैली) की जांच में जुलाई 2025 में जारी अमेरिकी सीनेट रिपोर्ट ने सीक्रेट सर्विस की गंभीर चूक उजागर की। यह 2026 की हालिया घटना से जुड़ी नहीं, बल्कि पुरानी घटना पर आधारित है।

मुख्य निष्कर्ष यह है कि विश्वसनीय खुफिया सूचना के बावजूद सीक्रेट सर्विस ने कोई उचित कार्रवाई नहीं की; खतरे को नजरअंदाज किया। वहीं, स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय की कमी, खासकर पास की छत को सुरक्षित न करना। संचार, तकनीकी और मानवीय चूकें; कोई बड़ा अधिकारी बर्खास्त नहीं, सिर्फ 6 पर हल्की कार्रवाई।

इसलिए सिफारिशें की गईं कि जिम्मेदारों को दंडित करने, सुरक्षा सुधार और तालमेल मजबूत करने की मांग की। चेयरमैन रैंड पॉल ने इसे पूरी विफलता बताया। सीक्रेट सर्विस ने स्वीकार किया और सुधार शुरू किए। सीक्रेट सर्विस ने 2024 ट्रंप हमले (पेंसिल्वेनिया रैली) की चूक के बाद कई सुधारात्मक कदम उठाए, जिनमें एजेंटों पर कार्रवाई और प्रक्रियागत बदलाव शामिल हैं। ये कदम सीनेट रिपोर्ट (2025) के बाद तेज हुए। वहीं, एजेंटों पर कार्रवाई हुई। 6 एजेंटों को सस्पेंड किया, 10-42 दिनों की सैलरी कटौती और गैर-ऑपरेशनल पदों पर स्थानांतरित। पूर्व डायरेक्टर किम्बर्ली चीटल ने इस्तीफा दिया। वहीं, प्रक्रियागत सुधार किए गए। स्थानीय पुलिस/एजेंसियों के साथ समन्वय, संचार और सुरक्षा मैनुअल को संशोधित। हवाई निगरानी के लिए अलग डिवीजन, खतरे मूल्यांकन में स्पष्ट जिम्मेदारियां। कांग्रेस ने राष्ट्रपति उम्मीदवारों के लिए सुरक्षा बढ़ाने वाला विधेयक पारित किया।

**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

# वोट डलवाने वालों के वोट नहीं



**आदित्य नारायण चौपड़ा**

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

पश्चिम बंगाल के प्रथम चरण के चुनाव में लगभग 92 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान के बाद चुनाव आयोग अपनी पीठ थपथपा रहा है। चारों तरफ इस बात पर चर्चाएं हो रही हैं और आंकलन लगाए जा रहे हैं कि इतना ज्यादा मतदान तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में जाएगा या वहां पहली बार भाजपा सरकार बना लेगी।

इस बात का श्रेय चुनाव आयोग को दिया जा सकता है कि इस बार चुनावों में कोई हिंसा नहीं हुई और किसी भी मतदान केंद्र पर दोबारा मतदान कराने की नौबत नहीं आई। चुनाव आयोग ने मतदान के पहले दौर के लिए सुरक्षाबलों की 2500 कम्पनियां तैनात की थीं। अब सबकी नजरें 29 अप्रैल को होने वाले दूसरे दौर के मतदान पर लगी हुई हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश माननीय सूर्यकांत ने भी बंपर वोटिंग को लेकर खुशी जताई। इसके बावजूद पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर खड़े किए गए सवाल अब भी बने हुए हैं।

हैरानी की बात तो यह है कि पश्चिम बंगाल में चुनाव की ड्यूटी करने वाले 65 अधिकारियों के नाम अचानक मतदाता सूची से हटा दिए गए। इसके बाद इन अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। एसआईआर में करीब 91 लाख नाम हटाए गए। इन हटाए गए नामों में इन 65 अधिकारियों का नाम भी शामिल है जो सभी सरकारी कर्मचारी हैं। लगभग 27 लाख दूसरे लोग जिनके नाम अभी विचारार्थ रखे गए हैं वे भी वोट नहीं डाल पाएंगे। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने इन अधिकारियों को अपना मामला अपीलीय ट्रिब्यूनल में ले जाने को कहा है। इन मतदान अधिकारियों के मतदाता फोटो पहचान पत्र अमान्य हो गए हैं। इस पूरे मामले ने एक नई बहस छेड़ दी है। यह कितना शर्मनाक है कि दूसरे के वोट डलवाने के मामले में इन अधिकारियों पर भरोसा किया जा सकता है लेकिन अपने वोट देने के मामले पर उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कुछ लोगों का आरोप है कि चुनाव आयोग उन समूहों के लिए वोटिंग मुश्किल कर रहे हैं जो शायद भाजपा का समर्थन नहीं करते। यह विवाद इस बात पर सवाल खड़े कर रहा है कि मतदाता सूची की सफाई कितने निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की गई है।

भारतीय नागरिकों के लिए मतदाता पहचान पत्र एक महत्वपूर्ण पहचान दस्तावेज है जो उन्हें चुनाव में मतदान करने का अधिकार देता है। हो सकता है कि मतदान अधिकारियों ने खुद व्यस्त रहते हुए अपने वोट चैक करने में लापरवाही बरती हो। इसका फैसला तो बाद में होगा लेकिन इन सबके नाम बिना कारण बताए हटाना प्रथम दृ?ष्टया मनमाना है। इस मामले पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इन सभी को न्यायाधिकरण के समक्ष जाकर उपायों का पालन करने को कहा है लेकिन जस्टिस बागची की टिप्पणी काफी अहम है कि चुनाव महत्वपूर्ण है लेकिन मतदाता सूची में बने रहने का अधिकार अधिक मूल्यवान है और इस पर विचार किया जाएगा। पहले दौर का मतदान सम्पन्न होने तक अपीलीय ट्रिब्यूनलों के पास 34 लाख अपीलें लंबित हैं। जिनमें से पहले चरण में 138 मामलों का निपटारा करते हुए 136 मतदाताओं के नाम पुनः शामिल किए गए थे।

मतदाता सूचियों के एसआईआर को लेकर मुख्य चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार की आलोचना के कई कारण हैं। भारत में पूर्व में जनगणना का नेतृत्व करने वाले कई अधिकारियों का कहना है कि एसआईआर का संचालन जल्दबाजी और अव्यावहारिक ढंग से किया गया जिससे चुनाव अधिकारियों का तनाव बढ़ा और कुछ ने तो आत्महत्या कर ली।

चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने विशेष रूप से गैर भाजपा शासित पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में बड़े पैमाने पर सरकारी अधिकारियों के तबादले किए जिनकी चुनाव संचालन में कोई भूमिका नहीं होती जिससे यह तबादले समझ से परे और पक्षपातपूर्ण लगते हैं। चुनाव आयोग ने केरल में मामूली फेरबदल किए और असम को मामूली निर्देश मिले। पश्चिम बंगाल में तो मोटरसाइकिलों पर दोहरी सवारी पर पाबंदी, पर्यटकों पर पाबंदियां और अपार्टमेंट परिसरों में गैर प्रवासियों के प्रवेश पर रोक तक लगाई गई। पश्चिम बंगाल ही नहीं अन्य राज्यों में भी एसआईआर प्रतिक्रिया पर सवाल उठाए गए। पश्चिम बंगाल में जिन 34 लाख लोगों के नाम अभी लंबित रखे गए हैं, वह सभी लोग ?जीवित हैं और बंगाल में रहते हैं। अब यह लोग मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं।

इन चुनावों में उनके वोट डालने का अर्थ यही है कि चुनाव आयोग ने जीते जी मतदाताओं से वोट देने का अधिकार छीन कर मतदाता की हत्या की है। लाखों लोगों को मताधिकार से वंचित करना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। देखना होगा कि बनाए गए ट्रिब्यूनल कितने लोगों को दोबारा से मतदाता बनाते हैं। चुनाव सुधारों के लिए आज भी लोग मुख्य चुनाव आयुक्त रहे टीएन शेषण, टीएस कृष्णमूर्ति और जेएन लिंगदोह को याद करते हैं। लोकतंत्र में चुनाव आयोग की विश्वसनीयता कायम रहनी चाहिए। अगर चुनाव आयोग की साख ही नहीं बची तो लोकतंत्र को गंभीर खतरा पैदा हो जाएगा। चुनाव आयोग को निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी ढंग से चुनाव कराने चाहिए। बड़ी विसंगतियों से लोगों का भरोसा ही उठ जाएगा।

# सात घोड़ों की तस्वीर घर लाएगी सफलता और पैसा

अनन्या मिश्रा

वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि घर में रखी हर वस्तु और दीवार पर लगी हर तस्वीर हमारे जीवन पर पॉजिटिव या निगेटिव प्रभाव डालती है। इनमें से सबसे प्रभावशाली प्रतीक 7 दौड़ते हुए घोड़ों की तस्वीर है। हालांकि अक्सर लोग इसको सिर्फ सजावट की वस्तु समझते हैं। लेकिन वास्तु शास्त्र के मुताबिक 7 दौड़ते हुए घोड़ों की तस्वीर शक्ति, साहस, सफलता और प्रगति का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में अगर आप अपने करियर या बिजनेस में दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की चाहते हैं, तो आपको अपने घर पर 7 दौड़ते घोड़ों की तस्वीर लगानी चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस तस्वीर को लगाने की सही दिशा और नियम क्या है।

### 7 की संख्या और घोड़ों का महत्व


अंक ज्योतिष और हिंदू धर्म में 7 की संख्या को बेहद शुभ माना जाता है। जैसे इंद्रधनुष के सात रंग, सप्तर्षि और सात फेरे आदि। घोड़ों को सौर ऊर्जा का प्रतीक है, जोकि सूर्य के रथ से भी जुड़ा है। दौड़ते हुए घोड़ों की तस्वीर लगाने से जीवन में कभी न रुकने वाली सफलता को दिखाते हैं।

### किस दिशा में लगानी चाहिए तस्वीर

अगर आप अपने करियर में सम्मान और उन्नति चाहते हैं, तो घर की पूर्व दिशा की दीवार में यह तस्वीर लगानी चाहिए। इससे सरकारी कामों में सफलता के साथ मान-सम्मान मिलता है।

अगर आप कारोबार में नाम बनाना और कमाना चाहते हैं, तो यह तस्वीर दक्षिण दिशा की दीवार में लगाएं। इससे कार्यक्षेत्र में आपकी धाक जमती है।

अगर आप आय के नए स्त्रोत और आर्थिक समृद्धि चाहते हैं, तो घोड़ों की यह तस्वीर उत्तर दिशा में लगानी चाहिए।



### इन 5 नियमों का रखें ध्यान

हमेशा घर के अंदर की ओर घोड़ों का मुख होना चाहिए। अगर घोड़ों का मुख मुख्य द्वार की ओर होगा, तो धन और अवसर बाहर की तरफ चले जाएंगे।

तस्वीर में घोड़े डरावने या आक्रामक नहीं दिखने चाहिए। घोड़ों के मुख पर ऊर्जा और प्रसन्नता का भाव होना चाहिए।

तस्वीर में घोड़ों की छवि पूरी होनी चाहिए। आधी-अधूरी या पैर कटे हुए तस्वीर लगाने से वास्तु दोष पैदा होता है।

घर पर हमेशा बिना लगाम के स्वतंत्र दौड़ते हुए घोड़ों की तस्वीर लगानी चाहिए। क्योंकि लगाम बंधे हुए घोड़े रुकावट का प्रतीक माने जाते हैं।

तस्वीर में पीछे की तरफ उगता हुआ सूर्य या फिर खुला हुआ मैदान हो, तो ऐसी तस्वीर लगाने से अधिक शुभ फल देती है।

कभी भी घोड़ों को पानी या कीचड़ में दौड़ते हुए नहीं दिखाना चाहिए।

# रायता समेटने के वक्त ट्रंप की माताजी सो गई थी...




किसी से भी पूछ लिया जाय कि सारी दुनिया पर कौन सा एक शख्स पनौती बना हुआ है तो निर्विवाद जवाब होगा, अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प। खुद को पूरी दुनिया का थानेदार समझने वाले इस आदमी को पूरी दुनिया को हर रोज अलसेट का नया डोज दिए बिना नींद ही नहीं आती। दूसरे नेताओं की बेइज्जती करना, कटोरा फैलाकर शांति का नोबेल पुरस्कार मांगना, खुद को मसीहा बताना और दुनिया भर में रायता फैलाना इनकी अन्य महत्वपूर्ण हॉबी हैं। ऊल-जुलूल बातें कर कर के अपने खुद के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल को लाई अनसोशल बना कर रख दिया है। दुनिया भर में टैरिफ का आतंक फैलाने के खेल से शांति नहीं मिली तो ईरान से बेफिजूल युद्ध छेड़ दिया। कभी कहते हैं कि ईरान की न्यूक्लियर ताकत तबाह कर दी तो कभी कहते हैं ईरान की न्यूक्लियर ताकत दुनिया के लिए खतरा है। और दुनिया है कि हैरान परेशान है कि आखिर ये आदमी ऐसा क्यों है ? दरअसल जब अपन ने इनके बारे में खोज बीन की तो ये तथ्य सामने आया । कौरव और पांडवों के बीच चल रहे महाभारत में एक दृष्टांत है जब अर्जुन के बेटे अभिमन्यु की मौत चक्रव्यूह में फंस कर हो गई थी तब ये राज सामने आया था कि महायोद्धा अर्जुन अपनी पत्नी सुभद्रा को चक्रव्यूह भेदन की कथा सुना रहे थे। उस वक्त अभिमन्यु मां सुभद्रा के गर्भ में थे। चक्रव्यूह प्रवेश तक की कथा सुनते सुनते अचानक सुभद्रा की नींद लग गई और अभिमन्यु चक्रव्यूह में घुसने की कला तो सीख गए लेकिन सुभद्रा के नींद लग जाने की वजह से चक्रव्यूह से बाहर निकलने की कला सीखने से वंचित रह गए। इसी कथा की परिकल्पना ट्रंप के संदर्भ में कीजिए। डोनाल्ड ट्रंप जब अपनी मां मैरी ऐन ट्रम्प के गर्भ में थे जब उनके पिता फ्रेडरिक ट्रम्प अपनी पत्नी को रायता फैलाने और रायता समेटने की कथा सुना रहे थे। रायता फैलाने तक की कथा सुनते सुनते उनकी पत्नी को नींद आ गई इसलिए ट्रंप बाबू गर्भ में रायता फैलाने की प्रक्रिया तो सीख गए मगर समेटने की विधि अनजानी रह गई। ईरान युद्ध के चक्रव्यूह में यही कमी गले पड़ गई है सो न निगलते बन रहा है न उगलते। और करे कोई भरे कोई की तर्ज़ पर उनकी नौटंकी का खामियाजा सारी दुनिया भुगत रही है।

### यू टर्न तो आम बात

इंदौर के खराब ट्रैफिक को लेकर उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने एक टिप्पणी की कि आजकल यू टर्न लेने में डर लगता है कि कौन कब आकर टक्कर मार दे, हाई कोर्ट की टिप्पणी ट्रैफिक को लेकर रही होगी लेकिन आजकल राजनीति में यू टर्न लेना तो आम बात हो गई अब देखो ना राघव चड्ढा जो बीजेपी को पानी पी पीकर कोसते थे अरविंद केजरीवाल को अपना गुरु और पिता समान मानते थे उन्होंने ऐसा यू टर्न लिया की अरविंद केजरीवाल की भी आंखें फटी की फटी रह गई खुद तो यू टर्न लिया ही अपने साथ छह लोगों को और यू टर्न दिलवा दिया जिसमें एक क्रिकेट का भी खिलाड़ी है , वैसे उनको यू टर्न लेने का पुराना अनुभव है क्योंकि जब विकेट गिर जाता था तो उनको यू टर्न लेकर वापस गैलरी में जाना पड़ता था ।

जनता बेचारी करें तो करें क्या,? कितनी आशाओं के साथ अपना जनप्रतिनिधि चुनती है आम आदमी पार्टी के विधायकों ने भी कितनी आशाओं के साथ इन सबको राज्यसभा में भेजा था कि राज्यसभा में जाकर पार्टी के पक्ष में काम करेंगे और जनता के मुद्दों पर चर्चा करेंगे लेकिन उन्हें क्या पता था कि वे जिनको राज्यसभा में भेज रहे हैं वे कब अपनी कुर्सी से यू टर्न लेकर दूसरे दल की कुर्सी पर जा बैठेंगे। हाई कोर्ट की टिप्पणी भले ही ट्रैफिक को लेकर हो लेकिन उनकी यह टिप्पणी राजनीति पर ज्यादा माफिक बैठ रही है अपने को तो आज तक समझ में नहीं आया कि कल तक जिस पार्टी की बखिया उधेड़ते थे आज टीवी चैनल में बैठकर उसकी तारीफों के पुल अचानक कैसे बांधने लगते हैं कुछ तो अंतरात्मा भी बोलती होगी कि ये क्या कर रहे हो? लेकिन आजकल अंतरात्मा की आवाज सुनता कौन है ?

मित्तल जी पर ईडी का छापा पड़ा तो वे समझ गए कि भैया अगर इससे बचना है तो कमल का साथ पकड़ लो और पकड़ भी लिया । सड़क पर यू टर्न लेने पर ज्यादा से ज्यादा भिड़ंत हो जाएगी लेकिन राजनीति के यू टर्न ने तो पूरी राजनीति के मायने ही बदल दिए ।

### गोपाल जी का दर्द

कई बार के विधायक गोपाल भार्गव का दर्द बीच-बीच में इतना बढ़ जाता है कि वे कराहने लगते हैं कब से राह देख रहे हैं कि मंत्रिमंडल का विस्तार होगा और उनको फिर मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया जाएगा लेकिन इंतजार, और इंतजार इसके अलावा उनके हिस्से में और कुछ नहीं आ रहा कभी-कभी बीच में पार्टी की लाइन से हटकर भी बयान दे देते हैं सोचते हैं शायद पार्टी उनके दर्द और आक्रोश को देखते हुए उन्हें कुछ ना कुछ दे देगी लेकिन पार्टी के पास इतने लोग हो गए हैं कि वो भी बेचारी किस-किस को एडजस्ट करे। हाल ही में गोपाल भार्गव जी ने एक बयान दे दिया कि जाति के सामने पार्टी कोई महत्व नहीं रखती इसका मतलब साफ है उन्होंने पार्टी के आला कमान को भी सीधा-सीधा संदेश दे दिया कि मेरे लिए मेरी जाति पहले है और पार्टी बाद में , जबकि आजकल तो पार्टी सबसे पहले होती है और उसके बाद दूसरी चीज, लेकिन गोपाल जी आखिर कब तक इंतजार करें इंतजार की भी कोई सीमा होती है और वो सीमा खत्म हो गई है बीच-बीच में निगम मंडलों में नियुक्तियां की चर्चा चलती है वे सोचते हैं चलो मंत्री ना सही निगम मंडल में ही कहीं कुछ जुगाड़ बन जाए लेकिन मंडल निगमों और विकास प्राधिकरणों की नियुक्ति भी बीरबल की खिचड़ी हो गई है पता नहीं कब इन में नियुक्ति होगी और भार्गव जी की किस्मत खुल जाएगी लेकिन ये कब खुलेगी ये कोई नहीं कह सकता।

### सुपर हिट ऑफ़ द वीक

योग करने के बाद आपके पति की शराब पीने की आदतों में कुछ बदलाव आया क्या? योग गुरु ने श्रीमान जी की श्रीमती जी से पूछा भारी बदलाव आया है अब वे सर के बल खड़े होकर भी एक बोतल डकार जाते हैं श्रीमती जी का उत्तर था।

# भरोसे के लायक नहीं... ईरानी सांसद ने पाकिस्तान को बुरी तरह ठोका

नई दिल्ली/तेहरान

ईरान अमेरिका के टकराव और उसके बीच नाम बटोरने की कोशिश में लगा हुआ पाकिस्तान एक बार फिर से ही पूरी दुनिया के सामने एक्सपोज हो गया है और इस बार पाकिस्तान को एक्सपोज किया है ईरान ने जहां ईरान की तरफ से अब साफ तौर पर कह दिया गया है कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो भरोसे के लायक नहीं है और शांति समझौता करवाने के नाम पर पाकिस्तान खुद की ब्रांडिंग में लगा हुआ है। उसकी भी अब ईरान ने तार-तार कर दिया है। ईरानी सांसद ने ही पाकिस्तान की पोल खोल कर रख दी है। दरअसल ईरान के सांसद इब्राहिम रियाजी ने खुलकर कह दिया है कि पाकिस्तान शांति वार्ता के लिए भरोसेमंद मध्यस्थ नहीं है। उनका यह बयान ऐसे समय में सामने आया है जब पाकिस्तान खुद को ईरान और अमेरिका के बीच एक पुल के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है और लगातार खुद को पीसमेकर जैसी उपाधि देने की कोशिश में लगा है। ईरानी सांसद रिजाई ने साफ़ शब्दों में कहा कि पाकिस्तान एक अच्छा पड़ोसी हो सकता है। लेकिन जब बात निष्पक्ष मध्यस्थ बनने की आती है, तो पाकिस्तान उस कसौटी पर खड़ा नहीं उतरता है। ईरानी सांसद ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान अक्सर डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका के इशारों पर चलता है और उनके फायदे को ध्यान में रखकर फैसले करता है। यानी सीधे तौर पर ईरान का मानना है कि पाकिस्तान बातचीत में बैलेंस नहीं रखता है और



वह एक तरफ यानी अमेरिका की ओर झुका रहता है। इतना ही नहीं रिजाई ने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान कई सारी अहम सच्चाइयों को दुनिया के सामने लाने से बचता है। उनके मुताबिक ऐसे मौके आए, जब अमेरिका ने पाकिस्तान के प्रस्तावों को पहले स्वीकार किया लेकिन बाद में पीछे हट गया। इसके बावजूद कि पाकिस्तान इन बातों को जानता था।

उसने कभी खुलकर उजागर नहीं किया। उन्होंने लेबनान और ब्लॉकेड एसेट जैसे मुद्दों का भी जिक्र करते हुए अमेरिका के कई कमिटमेंट पूरे नहीं करने पर पाकिस्तान की चुप्पी को भी साधा है। ये सारी बातें इब्राहिम रियाजी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए लिखी। पाकिस्तान हमेशा से ही डबल गेम के लिए बदनाम रहा है। कुछ दिन पहले अमेरिकी मीडिया में भी एक रिपोर्ट सामने आई थी। जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि पाकिस्तान अमेरिका के लिए खतरा है। खासतौर पर पाकिस्तान का आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अब ईरान भी सामने से खुलकर कह रहा है कि पाकिस्तान भरोसे के लायक नहीं है। पाकिस्तान ने पहले भी कई बार कई मौकों पर अपने फायदे और लालच के लिए कई देशों को धोखा दिया है। जिसमें सबसे पहला शिकार बनते हैं उसके मुस्लिम ब्रदरहुड के देश जहां वो पहले तो मुस्लिम उम्मा की बात करता है। लेकिन जैसे ही उसके फायदे या लालच की बात सामने आती है। वो मुस्लिम ब्रदरहुड को भी बेच देता है। ऐसे में ईरानी सांसद से आया यह बयान सिर्फ पाकिस्तान की आलोचना नहीं है बल्कि एक बड़ा संकेत भी है कि आने वाले समय में हो सकता है कि ईरान और अमेरिका की बातचीत मुश्किल हो जाए क्योंकि पाकिस्तान जैसा मध्यस्थ किसी काम का नहीं। जहां रिपोर्ट्स में अमेरिका के लिए भी वो खतरा है तो वहीं अब ईरान को भी उसके ऊपर भरोसा नहीं है।

# 300 सेकेंड में 96 ड्रोन, चीन के एटलस ने क्यों बढ़ाई भारत समेत दुनिया की चिंता?

नई दिल्ली

भविष्य में जंग कैसे लड़ी जाएगी इसके कई जवाब हो सकते हैं। मिसाइल से फाइटर जेट से या जंगी जहाजों से ये सभी चीजें अपनी-अपनी जगह बेहतर हैं। लेकिन हालिया युद्धों ने हमें जो सिखाया है उसे देखकर तो यही लगता है कि भविष्य की जंगों की दिशा ड्रोन्स तय कर सकते हैं। कम खर्चे में ज्यादा तबाही, दुश्मन के खेमे में ज्यादा कंफ्यूजन और एयर डिफेंस को चकमा। इन सभी कामों में ड्रोन से बेहतर फिलहाल कुछ नहीं है। अब चीन ने एक नया ड्रोन सिस्टम लॉन्च किया है जो भारत समेत पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन सकता है। इस सिस्टम का नाम एटलस है। एटलस ड्रोन स्वार्म सिस्टम। पहले आपको बताते हैं कि स्वार्म ड्रोनस क्या होते हैं? स्वार्म शब्द का मतलब होता है एक झुंड। मधुमक्खी के झुंडों के लिए स्वार्म शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। इस तरह के ड्रोंस एक साथ बड़ी संख्या में हमला करते हैं। इससे फायदा यह होता है कि दुश्मन का एयर डिफेंस कंफ्यूज हो जाता है। वो समझ नहीं पाता कि ड्रोन को पहले रोके। जब तक वह अपना टारगेट चुनता है तब तक और भी ड्रोंस आ जाते हैं। इससे एयर डिफेंस को पहले ही



नाकाम करने में मदद मिलती है जिससे मिसाइल्स और फाइटर जेट्स के लिए कोई रुकावट नहीं रह जाती। अब आपको बताते हैं कि चाइना का नया एटलस फॉर्म ड्रोन सिस्टम क्या है? चीन का एटलस सिस्टम पहियों पर चलने वाले एक छोटे बैटल फील्ड नेटवर्क जैसा है जिसमें ड्रोन को एक ट्रक से लॉन्च किया जाता है। इन ड्रोंस और उनके लॉन्च को एक ही ऑपरेटर दूर से कंट्रोल करते हैं। यह एक बड़े इलाके में जासूसी, कम्युनिकेशन और एयर डिफेंस के लिए भ्रम पैदा करने का काम करते हैं। इससे भी ज्यादा जरूरी बात यह है कि यह एक बहुत ही छोटी यूनिट होती है जिसे छिपाना, कैमोफ्लाज में रखना और दूरदराज से ऑपरेट करना आसान है। एटलस सिस्टम एक साथ 96 छोटे-छोटे और मीडियम साइज के तेज ड्रोन लॉन्च कर सकता है। यह ड्रोन जो बचाव और हमला दोनों में बहुत काम आते हैं। एक ड्रोन के बीच लॉन्च का समय 3 सेकंड से भी कम का होता है। इसलिए 300 सेकंड के अंदर यह सिस्टम हमला करने, जासूसी करने या दुश्मन को कंफ्यूज करने के लिए सभी 96 ड्रोंस लॉन्च कर सकता है। हाल के युद्धों में ही देख लें तो ईरान अमेरिका युद्ध के दौरान सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर मौजूद अमेरिका के श्व3 सेंट्री एडब्ल्यूएसीएस विमान को 29 ड्रोंस के एक झुंड और कुछ बैलस्टिक मिसाइलों ने तबाह कर दिया था। पूरे एटलस सिस्टम को देखें तो इनमें तीन यूनिट्स होती हैं। इनमें एक स्वम टू ग्राउंड कॉम्बैट व्हीकल, एक कमांड व्हीकल और एक सपोर्ट व्हीकल होता है। एक अकेला स्वम टू ग्राउंड कॉम्बैट व्हीकल 48 फिक्स्ड विंग ड्रोन लॉन्च कर सकता है। एक अकेला कमांड व्हीकल एक ही समय में एक झुंड में 96 ड्रोंस को कंट्रोल कर सकता है। इसका आकार और इसकी स्पीड इसे जासूसी करने, इंटरसेप्शन करने और जरूरी टारगेट्स पर हमला करने के लिए बेहद उपयोगी बनाती है। इंडियन एक्सप्रेस में छपी रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशनल जरूरतों के आधार पर एटलस को अपने हिसाब से कंफिगर भी किया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए पहले जासूसी ड्रोन तैनात किए जा सकते हैं। जबकि दुश्मनों को दबाने के लिए हमलावर ड्रोन से पहले इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर वाले ड्रोन भेजे जा सकते हैं। इससे अलग-अलग स्थितियों के अनुसार खास तरह से जवाब देना संभव हो जाता है।

# मां, माटी, मानुष..ममता बनर्जी ने वोटरों से की खास अपील, बंगाल की पहचान पर दिया जोर

कोलकाता



29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में वोटिंग के दूसरे चरण से पहले, तृणमूल कांग्रेस के लिए ज़ोरदार प्रचार करते हुए, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि माँ-माटी-मानुष की जीत अब कोई अंदाज़े की बात नहीं, बल्कि बस समय की बात है। उन्होंने रविवार की पदयात्रा के दौरान लोगों के ज़बरदस्त उत्साह और सची गर्मजोशी के लिए उनका शुक्रिया भी अदा किया। माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट एक्स पर एक लंबी पोस्ट में, तीन बार मुख्यमंत्री रह चुकीं ममता बनर्जी ने याद दिलाया कि बंगाल हमेशा से ही सद्भाव, संस्कृति और सभ्यतागत गौरव का प्रतीक रहा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का ज़िक्र करते हुए कहा कि इस राय में ऐसी फूट डालने वाली और विनाशकारी ताकतों के लिए कोई जगह नहीं है, जो इसकी विरासत को धूमिल करने की साज़िश रच रही हैं।

बनर्जी ने कहा कि बीजेपी को वही जवाब मिलेगा जिसकी वह हकदार है। टीएमसी प्रमुख ने कहा, विकास की रफ़्तार ने इस राय के हर कोने को छू लिया है। कोई भी बुरी ताकत इसे रोक नहीं सकती। उन्होंने आगे कहा कि लोगों के हित में शुरू की गई हमारी कल्याणकारी योजनाएँ बंगाल के नागरिकों के लिए एक सुरक्षा कवच का काम करती हैं, और दुनिया की किसी भी ताकत में यह अधिकार नहीं है कि वह उन्हें लोगों से छीन सके। बनर्जी, जो 2026 के चुनाव अपने भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से लड़ रही हैं, ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि बंगाल के लोग राय के विकास, शांति और प्रगति के लिए हमेशा की तरह खड़े रहेंगे।

बनर्जी ने आगे कहा कि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति और इस धरती की गौरवशाली विरासत की रक्षा के लिए, मैं हर नागरिक से विनम्र अपील करती हूँ - चाहे उनकी जाति, पंथ, धर्म या पृष्ठभूमि कुछ भी हो - कि वे 29 अप्रैल को जोड़ाफूल चिह्न वाला बटन दबाएँ और सभी माँ-माटी-मानुष उम्मीदवारों की शानदार जीत सुनिश्चित करें। बनर्जी का यह एक्स पोस्ट, 29 अप्रैल को होने वाले दूसरे और अंतिम चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन आया है। पहला चरण 23 अप्रैल को संपन्न हुआ था, जिसमें 93 प्रतिशत से भी अधिक मतदाताओं ने भारी संख्या में मतदान किया था।

## सरकारी स्कूलों में घटते दाखिले शिक्षा व्यवस्था पर सवाल: सैलजा

**चंडीगढ़, (वार्ता)।** हरियाणा में सरकारी स्कूलों में लगातार घटते दाखिलों को लेकर कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा ने चिंता जतायी है। उन्होंने यहां एक बयान में कहा कि ताज़ा आंकड़ों के अनुसार एक वर्ष में करीब 3.92 लाख बच्चों के दाखिले कम हुए हैं, जो लगभग 18 प्रतिशत की गिरावट है। पिछले छह वर्षों से जारी यह गिरावट राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि सरकारी नीतियों के कारण आम लोगों का भरोसा सरकारी स्कूलों से कम हो रहा है और अभिभावक बच्चों को निजी स्कूलों में भेजने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों जैसे फरीदाबाद, गुरुग्राम, करनाल, पानीपत, हिसार, भिवानी, जींद, सिरसा और फतेहाबाद में दाखिलों में बड़ी कमी देखी गयी है। उन्होंने 'प्रवेश उत्सव' जैसे अभियानों को औपचारिक बताया और कहा कि जमीनी स्तर पर स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, शिक्षकों के खाली पद और कमजोर ढांचा स्थिति को और खराब कर रहे हैं। उन्होंने 'चिराग योजना' की भी आलोचना करते हुए कहा कि इससे सरकारी स्कूल कमजोर हो रहे हैं और शिक्षा का निजीकरण बढ़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि स्कूलों में सुविधाएं बेहतर की जायें, शिक्षकों की भर्ती जल्द हो और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारी जाए, ताकि सभी वर्गों के बच्चों को समान अवसर मिल सके।

## भगवान करवा रहे हैं इटावा के केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण : अखिलेश

इटावा, (वार्ता)

महाभारत कालीन सभ्यता से जुड़े उत्तर प्रदेश के इटावा में लायन सफारी के पास निर्माणाधीन केदारेश्वर महादेव मंदिर को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि कुछ अद्भुत कार्य खुद भगवान ही करवा रहे हैं। श्री यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया, जिनको करवाते खुद 'भगवान', कुछ ऐसे अनोखे होते हैं काम! इटावा में लायन सफारी के पास केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। इस मंदिर का निर्माण स्वयं अखिलेश यादव की देखरेख में, उन्हीं के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उत्तराखंड स्थित प्रसिद्ध केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति के रूप में इटावा में इस केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही, दक्षिण भारत की चोल, पांड्य और विजयनगर स्थापत्य शैलियों के समन्वय से यह मंदिर आकार ले रहा है। चारों दिशाओं में चार भव्य



गोपुरम, मंदिर को चारों ओर से घेरने वाला विशाल प्राकार (कॉरिडोर), तथा लगभग एक एकड़ भूमि में पवित्र पुष्करिणी (टेम्पल टैंक) का निर्माण किया जा रहा है। यह उत्तर भारत में दक्षिण भारतीय मंदिर वास्तुकला की भव्यता को दर्शाने वाला एक अद्वितीय निर्माण है। केदारेश्वर महादेव मंदिर निर्माण संस्था से जुड़े संस्था के डायरेक्टर मधु बोट्टा ने बताया कि सदियों बाद धरती पर फिर से ऐसा महान और भव्य मंदिर बन रहा है। श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर केवल पत्थरों से बना एक मंदिर नहीं है; यह सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति, भक्ति और शाश्वतता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समय बदल जाए, राज्य बदल जाएं, मुख्यमंत्री बदल जाएं, प्रधानमंत्री बदल जाएं, लेकिन मंदिरों की महिमा कभी कम नहीं होती। मंदिरों की महिमा कभी मिट नहीं सकती। हजारों वर्षों तक अटल खड़े रहने वाले इस दिव्य मंदिर का निर्माण अखिलेश यादव के हाथों हो रहा है, यह वास्तव में ईश्वर की इच्छा है। यह राजनीति से परे का कार्य है। कुछ कार्य मनुष्य नहीं करते कि स्वयं महादेव ही अखिलेश यादव के माध्यम से करवाते हैं। आने वाली पीढ़ियां इस मंदिर को देखकर इतिहास को याद करेंगी।सपा में उत्तर प्रदेश इकाई के सचिव गोपाल यादव ने कहा कि 500 वर्षों बाद इस शैली का मंदिर देश में बन रहा है, जिसका नाम केदारेश्वर महादेव मंदिर है। यह भव्य मंदिर अखिलेश यादव द्वारा बनवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केदारनाथ से लेकर रामेश्वरम टेंपल तक भगवान शिव के जितने भी प्रसिद्ध मंदिर हैं, वे जिस पवित्र शिवशक्ति अक्ष रेखा पर स्थित हैं, उसी दिव्य रेखा पर इटावा का श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर भी स्थित है।गौरतलब है कि सात मार्च 2021 को अखिलेश यादव ने इटावा में लायन सफारी के पास इस मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया था।

## हिजबुल्लाह ने इजरायल के साथ सीधी बातचीत की संभावना से इंकार किया

**तेल अवीव, (वार्ता)।** हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम ने सोमवार को इजरायल के साथ सीधी बातचीत की मेज पर बैठने से इनकार करते हुए कहा कि इस तरह का अनुमान लगाने का सवाल ही नहीं पैदा होता श्री कासिम ने सशस्त्र प्रतिरोध के प्रति समूह के मजबूत इरादे को फिर से दोहराया। श्री कासिम ने साफ तौर पर कहा, हम हथियार नहीं छोड़ेंगे, और रक्षा तथा मैदान-ए-जंग ने टकराव के लिए हमारी तैयारी साबित कर दी है। उन्होंने जोड़ा कि हिजबुल्लाह इजरायली आक्रामकता का जवाब देना जारी रखेगा। उन्होंने लेबनान सरकार की भी आलोचना की और कहा कि सरकार ने रियायत देने में अनावश्यक जल्दबाज़ी की है। उन्होंने जोर दिया कि केवल अप्रत्यक्ष बातचीत पर ही विचार किया जाना चाहिए। ये बयान इजरायल-लेबनान सीमा पर फिर से बढ़ते तनाव के बीच आया है, जबकि वहां अप्रैल के मध्य से अमेरिका की मध्यस्थता वाला संघर्ष विराम लागू है, जिसे हाल ही में बढ़ाया गया है। इस युद्धविराम ने बड़े पैमाने पर लड़ाई को कम तो किया है, लेकिन सीमा पार होने वाले हमलों को पूरी तरह से नहीं रोका जा सका है और दोनों पक्ष एक-दूसरे पर उल्लंघन के इल्जाम लगा रहे हैं। इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के कई शहरों के लिए नयी निकासी चेतावनी जारी की है, जिसमें बाशिंदों को उन इलाकों से हटने की सलाह दी गयी है जिन्हें वह हिजबुल्लाह की गतिविधियों से जुड़ा बता रहा है।

फिल्म/टीवी मनोरंजन

## गोविंदा बांके बिहारी की शरण में, संत प्रेमानंद से लिया आशीर्वाद

बॉलीवुड के हीरो नंबर वन अभिनेता गोविंदा सोमवार को अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर कान्हा की नगरी वृंदावन पहुंचे। भक्ति के रंग में रंगे गोविंदा ने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन किया, वहीं पूज्य संत प्रेमानंद गोविंद शरण महाराज से मुलाकात कर उनका



आशीर्वाद भी प्राप्त किया। वृंदावन पहुंचते ही गोविंदा सीधे ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। मंदिर के सेवायत पुजारियों ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ उन्हें पूजा-अर्चना कराई। दर्शन के बाद गोविंदा भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि वृंदावन की पावन माटी और बांके बिहारी के चरणों में उन्हें असीम शांति मिलती है। गौरतलब है कि गोविंदा का वृंदावन से गहरा आध्यात्मिक लगाव रहा है और वे अक्सर समय निकालकर यहाँ हाजिरी लगाने आते रहते हैं। दर्शन के उपरांत गोविंदा राधा निवास पहुंचे, जहाँ उन्होंने वर्तमान समय के प्रख्यात संत श्री हित प्रेमानंद गोविंद शरण महाराज से भेंट की। गोविंदा ने महाराज जी के चरणों में बैठकर काफी देर तक आध्यात्मिक चर्चा की और जीवन के मार्गदर्शन के लिए उनका आशीर्वाद लिया। सोशल मीडिया पर गोविंदा और महाराज जी की इस मुलाकात की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। जैसे ही स्थानीय लोगों और पर्यटकों को पता चला कि उनके पसंदीदा अभिनेता मंदिर आए हुए हैं, वहां भारी भीड़ जमा हो गई। अपने चहेते सितारे की एक झलक पाने के लिए प्रशंसकों में भारी उत्साह देखा गया। सुरक्षा कर्मियों को भीड़ नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। गोविंदा ने भी हाथ जोड़कर और मुस्कुराते हुए अपने प्रशंसकों का अभिवादन स्वीकार किया। गोविंदा ने कहा कि वृंदावन केवल एक स्थान नहीं, बल्कि साक्षात् प्रेम और भक्ति का स्वरूप है। यहाँ आने के बाद मन पूरी तरह से शांत और प्रभु की भक्ति में लीन हो जाता

## आज के समय में सेल्फ-डिफेंस की शिक्षा बेहद जरूरी : मुस्कान बामने



अभिनेत्री मुस्कान बामने का कहना है कि आज के समय में सेल्फ-डिफेंस की शिक्षा बेहद जरूरी है। सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी भावनात्मक परतों और हाई-इंटेंसिटी ड्रामा से दर्शकों को लगातार जोड़े हुए है। आने वाले ट्रैक में दर्शक देखेंगे एक रोमांचक पल, जब शनाया (मुस्कान बामने) चिराग (नितिन बाबू) को गुंडों के चंगुल से बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल देती है। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो जाती है और ज़्यादा खून बहने लगता है।यह सीक्वेंस न सिर्फ कहानी को और रोमांचक बनाता है बल्कि यह भी दिखाता है कि जानलेवा हालात में शनाया कितनी बहादुर और समझदार है। यह सीन करना आसान नहीं था और मुस्कान बामने को शनाया के किरदार को सच्चाई से निभाने के लिए खुद को भावनात्मक और शारीरिक रूप से पूरी तरह झोंकना पड़ा।

मुस्कान बामने ने कहा, मैं हमेशा से सेल्फ-डिफेंस सीखने की ओर झुकी रही हूँ क्योंकि मुझे लगता है कि यह एक ज़रूरी जीवन कौशल है। यह आत्मविश्वास देता है और आपको एक मज़बूत महिला जैसा महसूस कराता है। इस ट्रैक की शूटिंग के दौरान मुझे एहसास हुआ कि यह सोच कितनी काम आती है। भले ही सेट पर हमारे पास ट्रेनिंग लिए हुए प्रोफेशनल्स और कोरियोग्राफी होती है, लेकिन बेसिक मूवमेंट्स और रिएक्शन्स समझना मुझे और तैयार और सीन से जुड़ा हुआ महसूस कराता है। उस पल में ऐसा लगा जैसे मुस्कान ज़्यादा हावी हो गई थी, शनाया से भी ज़्यादा। पुष्पा इम्पॉसिबल, हर सोमवार से शनिवार रात 9.30 बजे, सिर्फ सोनी सब पर प्रसारित होता है।

## निर्मित कौर अहलूवालिया के नए फ्रिंज हेयर लुक ने मचाई हलचल



अभिनेत्री निर्मित कौर अहलूवालिया ने इस गर्मी में एक नया और फ्रेश लुक अपनाया है। निर्मित कौर ने फ्रिंज हेयरस्टाइल ट्राय किया है, जो सोशल मीडिया और इंडस्ट्री में चर्चा का विषय बन गया है। यह छोटा लेकिन खास बदलाव उनके लुक को और भी सॉफ्ट और स्टाइलिश बना रहा है।इन दिनों बॉलीवुड में फ्रिंज हेयरकट का ट्रेंड भी काफी चल रहा है। अनन्य पांडे, अदिति राव हैदरी और भूमि पेडणेकर जैसी अभिनेत्री भी इस लुक में नज़र आ चुकी हैं, लेकिन निर्मित का स्टाइल अपनी सादगी और एलिगेंस के कारण अलग नज़र आता है, जो उनकी पर्सनैलिटी को अच्छी तरह सूट करता है।शुरुआत में फैंस को लगा कि यह सिर्फ उनका पर्सनल स्टाइल चेंज है या किसी रोल के लिए, लेकिन अब निमृत ने खुद इस बात का खुलासा कर दिया है। अपने नए लुक के बारे में निर्मित ने कहा, मैंने हाल ही में एक नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया है और यह लुक उसी के लिए है। मैं कुछ अलग ट्राय करना चाहती थी और फ्रिंज मुझे सही लगा। नए अंदाज़ के साथ किसी नई चीज़ की शुरुआत करना हमेशा एक्साइटिंग होता है, और यह उसी सफर का एक हिस्सा है। एक करीबी सूत्र ने बताया, निर्मित काफी समय से अपने लुक के साथ कुछ नया करना चाहती थीं, और जब यह प्रोजेक्ट आया तो उन्हें लगा कि यही सही समय है। यह फ्रिंज उनके स्क्रीन प्रेज़ेंस में एक नया पहलू जोड़ता है।

## हस्तिनापुर के वीर में भीष्म पितामह के किरदार में नजर आयेंगे मनीष वाधवा



मनीष वाधवा सोनी सब के आगमी शो हस्तिनापुर के वीर में भीष्म पितामह के किरदार में नजर आयेंगे। सोनी सब नया शो हस्तिनापुर के वीर लेकर आ रहा है। इस शो में अभिनेता मनीष वाधवा भीष्म पितामह का प्रतिष्ठित किरदार निभा रहे हैं। मनीष वाधवा कहते हैं, भीष्म पितामह सिर्फ एक किरदार नहीं हैं, वे एक भावना और ज़िम्मेदारी हैं। मुझे सबसे ज़्यादा आकर्षित किया उनके भीतर के संघर्ष ने ,एक ऐसा व्यक्ति जिसने अपने कर्तव्य के लिए सब कुछ त्याग दिया, लेकिन कहीं न कहीं उन फैसलों का बोझ उठाता है जो पीढ़ियों को प्रभावित करते हैं। एक अभिनेता के तौर पर मैं हमेशा ऐसे किरदारों की ओर खिंचता हूँ जिनमें परतें हों, और भीष्म बेहद परतदार हैं मजबूत, सिद्धांतों पर अडिग, लेकिन भीतर ही भीतर बोझिल। मैंने पहले भी शक्तिशाली ऐतिहासिक और पौराणिक किरदार निभाए हैं, और मुझे पता है कि ऐसे किरदारों के साथ ज़िम्मेदारी आती है। लेकिन यह किरदार मेरे लिए खास है क्योंकि इसमें भावनात्मक गहराई की मांग है। हस्तिनापुर के वीर के साथ दर्शक महाभारत को एक नए दृष्टिकोण से देखेंगे।जहाँ महाकाव्य युद्धों से आगे बढ़कर भावनात्मक फैसलों, रिश्तों और आंतरिक संघर्षों को दिखाया जाएगा, जिन्होंने इन दिग्गज किरदारों को आकार दिया।

# सिंहपुर प्रीमियर लीग में खेल भावना और संवेदना का अद्भुत संगम

## स्वर्गीय विकास शर्मा को दी श्रद्धांजलि

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

सिंहपुर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सिंहपुर प्रीमियर लीग के अंतर्गत कल दो रोचक लीग मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता के मैच प्रारम्भ होने से पूर्व एक भावुक एवं गरिमामयी क्षण तब देखने को मिला जब कुछ दिनों पूर्व दिवंगत हुए क्लब के विशिष्ट सदस्य एवं खिलाड़ी स्वर्गीय विकास शर्मा को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर क्लब के संरक्षक शैलेष महाजन, चौधरी योगेश शर्मा एवं उपेन्द्र महाजन सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों, खिलाड़ियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। सभी ने दिवंगत



आत्मा की शान्ति की कामना करते हुये उन्हें पुष्पांजलि स्वरुप श्रद्धासुमन अर्पित किए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षक चौधरी योगेश शर्मा ने खिलाड़ियों से खेल भावना, आपसी सामंजस्य और भाईचारे के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को मोबाइल और टीवी की सीमित दुनिया से बाहर निकलकर खेल मैदान में अधिक समय बिताने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में संरक्षक शैलेष महाजन ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए सिंहपुर प्रीमियर लीग को क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं के लिए एक उत्कृष्ट मंच बताया। वहीं संरक्षक श्री उपेन्द्र महाजन ने क्लब के संघर्षपूर्ण सफर का उल्लेख करते हुए उतरोत्तर प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर को स्मरणीय बनाते हुए स्वर्गीय विकास शर्मा की पुण्य स्मृति में मैदान परिसर में आम का पौधा रोपित किया गया। ग्राम पंचायत सिंहपुर के सरपंच देवलाल पाल, आनंद शर्मा, डॉ. आशुतोष दुबे, चिन्टू महाजन एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया यह पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण और स्मृति सम्मान का एक प्रेरक संदेश बनकर सामने आया। कार्यक्रम में स्वर्गीय विकास शर्मा के परिजन श्री लखन बघौरिया एवं श्री सौरभ बघौरिया के साथ ही श्री नीरज महाजन, श्री अनूप महाजन, श्री ब्रजेश बंगरेले, श्री बालकिशोर चौकसे, श्री बंटू कोरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी एवं सिंहपुर स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। सिंहपुर प्रीमियर लीग सीजन में 24/04/26 का पहला मैच और क्लब के बीच खेला गया जिसमें छ्ष्टष्ट टीम ने शानदार 21 रन से जीत हासिल की।इस मैच के मन ऑफ द मैच विदित नेपाली रहे।दूसरा मैच शिव वॉरियर और बुल्स नरसिंहपुर के बीच खेला गया जिसमें बुल्स टीम एक कांटे की टक्कर के मुकाबले में × विकेट से जीत हासिल की।इस मैच के मन ऑफ द मैच शिवम साहू रहे।



# जलमंदिर प्याऊ बेलखेडी मुंआरघाट, सांकल में शुभारंभ

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जलमंदिर प्याऊ की स्थापना जल संरक्षण का संकल्प लिया। भीषण गर्मी के मद्देनज़र आमजन को शीतल एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जनअभियान परिषदए विकासखंड गोटेगांवए जिला नरसिंहपुर के करकवेल सेक्टर में नवांकुर संस्था प्राणमित्र समिति करकवेल के तत्वावधान में जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जलमंदिर ;प्याऊद्ध की स्थापना की गई। इस सराहनीय पहल से राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी उपस्थितजनों ने जल बचाने एवं उसके समुचित उपयोग के लिए संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर चुनौती के रूप में उभर रहा हैए जिससे निपटने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक श्री प्रतीक दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्जलगंगा संवर्धन अभियानश् के माध्यम से समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने का सतत प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे जल का सदुपयोग करें एवं वर्षा जल संचयन जैसी गतिविधियों को अपनाकर जल संरक्षण में अपना योगदान दें। प्राणमित्र समिति के अध्यक्ष डॉण् विनय पटेल ने बताया कि संस्था द्वारा समय.समय पर समाजहित में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाता है और जलमंदिर;प्याऊद्धकी स्थापना भी इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

कार्यक्रम में अन्य गणमान्य नागरिकों की भी गरिमामयी उपस्थिति रहीए जिन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर अध्यक्ष मुकेश पटेल एवं प्रस्फुटन समिति सांकल की अध्यक्ष मीरा लोधी आदि ने जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।




# यूसीमास ग्लोटच अकादमी द्वारा प्रादेशिक परीक्षा का प्री रिहर्सल

## गजब प्रदर्शन, कैलकुलेटर फेल

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

अवबेकस एवं मानसिक गणना आधारित दुनिया की अनोखी शिक्षा पद्धति यूसीमास की जिले की अग्रणी संस्था ग्लोटच अकादमी जो वर्ष 2008 से ऊर्जा नगरी गाडरवारा में संचालित है।संस्था के संचालक नवीन सोनाली चौबे के अनुसार सन 2008 से निरंतर गाडरवारा के परिश्रमी बच्चे और लगन शील पालकों के अनवरत सहयोग से इस संस्था ने यूसीमास की राज्य स्तरीय,राष्ट्रीय स्तर पर एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार प्रतिवर्ष जीते हैं।साथ ही अभी तक सैकड़ों बच्चे यूसीमास कोर्स की स्नातक उपाधि प्राप्त कर अपने अपने क्षेत्र में अपनी विशिष्ट प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं।वर्ष 2018 में अहमदाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में संस्था के द्वारा 5 बच्चों को सर्वोच्च रिकॉर्ड गिनीज बुक में भी दर्ज कराया है एवं वर्ष 2020 में ऑन लाइन प्रतियोगिता में नगर के 22 बच्चों ने ब्रिटेन की वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में भी अपनी विशिष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।वर्ष 2026 में 2 मई को इंदौर में आयोजित होने वाली यूसीमास राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संस्था के 48 प्रशिक्षित बच्चे अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करेंगे।।

नगर के बच्चे भाग लेंगे यूसीमास गणित के महाकुंभ में यूसीमास मध्य प्रदेश द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली मेंटल एवं अर्थमैटिक अबेकस की 21 वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2 एवं 3 मई 2026 को इंदौर में आयोजित होगी।जिले की अग्रणी ग्लोटच अकादमी से 48 बच्चों द्वारा इस प्रतियोगिता में भाग लिया जाना है । इस प्रतियोगिता में 5 से 13 आयु वर्ग के मध्य प्रदेश के यूसी मास विद्यार्थियों को 8 मिनट में गणित के 200 सवाल जिसमें जोड़ना घटाना गुणा एवं भाग के से जटिल प्रश्नों को लिखित में हल करने का लक्ष्य होगा। ।प्रतियोगिता सुबह 8:30 से आरंभ होकर दोपहर 4:30 बजे तक 5 चक्रों में आयोजित होना है। प्रत्येक चक्र में 1000 विद्यार्थी शामिल होंगे। जिसमें गाडरवारा नगर के बच्चों का समय दोपहर 3:30 बजे रहेगा। 2 मई को रात्रि में ही पालकों के मोबाइल नंबर पर एसएमएस के द्वारा एवं यूसी मास की वेबसाइट से रिजल्ट की घोषणा होगी। विजेता एवं मेरिट प्राप्त बच्चों को 3 मई 2026 को रवींद्र नाट्य गृह इंदौर में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भी संस्था के 4 विद्यार्थियों को 4 वर्षीय पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न करने पर यू सी मास की स्नातक ??की उपाधि भी प्रदान की जाएगी। ये विद्यार्थी है।

मितिशा लूनावत,प्रकृति कौरव,वेदिका जाटव,नमामि कौरव।

### यूसी मास राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नगर के प्रतिभागी बच्चों के नाम इस प्रकार हैं-

लक्ष्य परचानी नमामि कौरव प्रकृति कौरव अथर्व खरे अलीशा अग्रवाल देव मोकलकर राघव दुबे तनिष्क अग्रवाल आरव पटेल भव्या अग्रवाल दिव्या राव दिव्यांशु राव हयान गंगवानी कौस्तुभ साहू संजीव पटेल वैभवी राजपूत। अनुष्का विश्वकर्मा आरुष चौधरी जयनील दुबे सात्विक वस्त्रकार विभान कौरव आदित्य पचौरी अरनव चौकसे अथर्व गुप्ता दिव्य गुप्ता कार्तिक विश्वकर्मा मान्यता गौरव निकुंज पचौरी निष्ठा कौरव रुद्रांश कौरव समर्थ पटेल रूद्र पटेल ओजस कौरव अंश कुशवाहा आराध्या कुशवाहा आशी कुशवाहा। अग्रिमा अग्रवाल निर्वेद लूनावत आरव रघुवंशीसमर्थ पटवा अथर्व शर्मा श्रेयांश आरसे प्रतीक गुप्ता तनिश आर्य समर्थ नेमा मोइज उल इस्लामजैनम लूनावत मितीषा लूनावत।

# स्वामी सदानंद की पुण्य तिथि पर वरिष्ठ नागरिक उत्सव मंच का शुभारंभ

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

स्वामी सदानंद की दसवीं पुण्यतिथि पर सामनवय परिवार ने मानवता के धार्म एवं विश्व बंधुत्व की प्रासंगिकता पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया । साथ ही साथ सच्चिदानंद आश्रम द्वारा वरिष्ठ लोगों को अपना जीवन आनंदमय बनाने के उद्देश्य से एक वरिष्ठ नागरिक उत्सव मंच का शुभारंभ किया । वरिष्ठ उत्सव मंच का उद्घाटन कार्यक्रम का मुख्य अतिथि पंडित मैथिलीशरण तिवारी ने किया । जितेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुंजों से स्वागत किया ।



सूबेदार पांडे ने उत्सव मंच के उद्देश्य एवं कार्यक्रमों के बारे में सबको अवगत कराया । वक्ताओं ने कहा कि आज लोग अनेक धार्मिक कार्यों में लगे रहते हैं लेकिन मानवता उन में कम दिखाई देता है । धार्मिकता एवं मानवता एक सिक्के के दो पहलू हैं । आज जाति, धर्म ,भाषा , संस्कृति के नाम पर समाज में विभाजन प्रतिस्पर्धा , हिंसा आदी होते हैं ।इस अवसर पर विश्व बंधुत्व का संदेश स्कूल,कॉलेज, मंदिर ,मस्जिद ,चर्च ,एवं गुरुद्वारा में सिखाया जाना चाहिए । स्वागत उद्बोधन फादर ऐन्टो ने किया ।

अजय तुलसी , डॉ सुधीर सिंघाई , कुरियन स्कारिया , ज्योति चौहान , हबीब खान , हेमवीर साहिनी ने विषय पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किया । प्रदीप पुरोहित , कृष्णकांत चौबे , किरण पटेल ने अपना मधुर गीतों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई । मनोहर हिग्ने ने आभार एवं अतुल मिश्रा ने संचालन किया ।

# मन की बात नागरिकों को प्रेरित करने का सशक्त माध्यम : पाठक



## जिले में 1154 बूथों पर सुना गया मन की बात का 133वां एपिसोड

**करेली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें एपिसोड के अवसर पर नरसिंहपुर जिले में संगठनात्मक सक्रियता का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला। जिले की सभी चारों विधानसभाओं के अंतर्गत आने वाले कुल 1154 बूथों पर शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग का कार्य 'संगठन ऐप' के माध्यम से सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इस उपलब्धि पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने जिले भर के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए इसे संगठन की मजबूती का प्रतीक बताया उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता, समर्पण और अनुशासन ही पार्टी की असली ताकत है जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने विशेष रूप से मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों एवं सभी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने आगे कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम केवल एक रेडियो संवाद नहीं, बल्कि देश के नागरिकों को प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री विभिन्न वर्गों के सकारात्मक प्रयासों को सामने लाते हैं और जनभागीदारी को बढ़ावा देते हैं कार्यक्रम के सफल संचालन और रिपोर्टिंग के इस लक्ष्य को प्राप्त करने पर जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह है पार्टी नेतृत्व ने खुशी व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह की सक्रियता और समर्पण के साथ संगठन को और अधिक मजबूत होगा।

# एनटीपीसी विंध्याचल को एनवायरनमेंट एक्सीलेंस 2026 अवॉर्ड से किया गया सम्मानित



सिंगरौली (स्वतंत्र मत)

एनटीपीसी विंध्याचल को गोवा में आयोजित एक भव्य समारोह में मिशन एनर्जी फाउंडेशन द्वारा श्पर्यावरण उत्कृष्टता 2026 द्द वर्ष का सर्वश्रेष्ठ केंद्रीय क्षेत्र कोयला आधारित विद्युत संयंत्रश् के प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पर्यावरण संरक्षणए सतत संचालन और आधुनिक हरित तकनीकों को अपनाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया गया।

यह उपलब्धि एनटीपीसी लिमिटेड की विंध्याचल इकाई की पर्यावरण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी को दर्शाती है। थर्मल पावर उत्पादन के क्षेत्र में रहते हुए भी विंध्याचल ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए हैं।

इस अवसर पर संजय प्रकाश यादवए अपर महाप्रबंधक; ईएमजी ने स्टेशन की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। यह सम्मान एनटीपीसी विंध्याचल के लिए एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि हैए जो उसके उत्कृष्ट संचालन और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की दिशा में निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**रा.मा.क्र. 54 अ-20(1) सन् 2026-27**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 15/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों के नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 22 | कंदेली | 13/5<br>16/2<br>13/2<br>13/1<br>13/6 | 2358 वर्गफुट<br>308 वर्गफुट<br>1290 वर्गफुट | प्रेमबाई बेवा रामचंद, अतुल, आदर, योगेश पिस. रामचंद, विजय कुमार आ. कोमलचंद लूनावत सा. स्टेशन गंज कंदेली | प्रेमबाई बेवा रामचंद, अतुल, आदर, योगेश पिस. रामचंद, विजय कुमार आ. कोमलचंद लूनावत सा. स्टेशन गंज कंदेली |

आज दिनांक 13/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर**

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**रा.मा.क्र. 235 अ-20(1) सन् 2025-26**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 15/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 06 | करेलीगंज | 57/4 | 2640 वर्गफुट | सुरेश कुमार, प्रभात कुमार पिस. स्व. शंकरलाल नेमा सा. जय प्रकाश वार्ड, करेलीगंज | सुरेश कुमार, प्रभात कुमार पिस. स्व. शंकरलाल नेमा सा. जय प्रकाश वार्ड, करेलीगंज |

आज दिनांक 26/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर**

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**रा.मा.क्र. 177 अ-20(1) सन् 2025-26**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 15/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 16 | कंदेली | 61 | 1872 वर्गफुट | शेख राशिद, शेख जाहिद आ. शेख राहत मुसलमान सा. कंदेली | शेख राशिद, शेख जाहिद आ. शेख राहत मुसलमान सा. कंदेली |

आज दिनांक 16/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर**

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**रा.मा.क्र. 164 अ-20(1) सन् 2025-26**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 15/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 17 | कंदेली | 10/7<br>10/8 | 180 वर्गफुट<br>209 वर्गफुट | मनोहर आ. श्यामराव बंजारी सा. विपतपुरा, रोंसरा तहसील व जिला नरसिंहपुर | मनोहर आ. श्यामराव बंजारी सा. विपतपुरा, रोंसरा तहसील व जिला नरसिंहपुर |

आज दिनांक 23/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर**

### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
**सार्वजनिक उद्घोषणा**

**रा.मा.क्र. 232 अ-20(1) सन् 2025-26**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 15/05/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 11 | कंदेली | 3/3<br>3/4 | 1420 वर्गफुट<br>648 वर्गफुट | योगेश प्रजापति, अमित प्रजापति आ. शारदा प्रसाद प्रजापति निवासी इंद्रा वार्ड कंदेली | योगेश प्रजापति, अमित प्रजापति आ. शारदा प्रसाद प्रजापति निवासी इंद्रा वार्ड कंदेली |

आज दिनांक 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर**

# स्वच्छ सर्वेक्षण में जनभागीदारी को मिला नया आयाम

## महापौर, जिला पंचायत सीईओ, निगमायुक्त सहित पार्षदों एवं आम नागरिकों की रही उत्साहपूर्ण मौजूदगी

कटनी (स्वतंत्र मत)

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत रविवार को महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड स्थित फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड के सामने मुख्य मार्ग पर आयोजित राहगीरी डे व्यापक जनसहभागिता के बीच स्वास्थ्य, उत्साह, मनोरंजन और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रभावी मंच बनकर सामने आया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर के नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरन प्रीत कौर, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, उमेन्द्र अहिरवार, सुरेन्द्र गुप्ता, क्षेत्रीय पार्षद अवकाश जायसवाल, संजू जीवन चौधरी, पूर्व पार्षद रचना गुप्ता सहित नगर के विभिन्न चिकित्सकों, उद्योगपतियों, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, कटनी एक्सरसाइज ग्रुप, योगा ग्रुप सहित बच्चों, युवाओं, मीडिया कर्मियों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक शहर के निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम की



शुरुआत योग सत्र के साथ हुई, जिसमें अधिकारी कर्मचारी एवं जागरूक लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वास्थ्य के प्रति सजगता दिखाई। इसके पश्चात साइकिलिंग, मुगदर प्रदर्शन, आत्मरक्षा शस्त्र प्रदर्शन, मैजिक शो, रस्सा खीच, स्केटिंग, म्यूजिकल चेयर, पेंटिंग, रंगोली, शतरंज, कैरम, सांप-सीड़ी, रस्सी कूद, चम्मच-नींबू दौड़, बोरा दौड़ एवं लंगड़ी जैसे पारंपरिक और मनोरंजक खेलों ने आयोजन को जीवंत और आनंदमय बना दिया। वहीं इको ब्रिक्स स्टॉल एवं एसएसजी समूह द्वारा अनुपयोगी कपड़ों से निर्मित थैले के स्टॉल ने रीसायकल से सृजन की सीख दी। राहगीर डे में आयोजित रस्सा खीच गतिविधि में महापौर प्रीति संजीव सूरी और नगर के विभिन्न जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों, चिकित्सकों एवं उद्योगपतियों ने सहभागिता करते हुए अपनी ताकत आजमाई जिसमें महिला वर्ग ने बाजी मारी। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं पुरुषों ने भी रस्सा खीच गतिविधि के प्रतिभागी बने। राहगीरी डे में तेज संगीत की धुनों पर प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए फिटनेस के साथ स्वच्छता का संदेश दिया। बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और बच्चों की सहभागिता ने आयोजन को ऊर्जावान बना दिया। जुंबा गतिविधि ने एक बार फिर नागरिकों का विशेष आकर्षण प्राप्त कर फिटनेस का संदेश दिया।

### स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों से मिला प्रेरक संदेश

कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध एवं जल संरक्षण जैसे विषयों पर जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इन प्रयासों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझाने का प्रयास किया गया, जिसकी उपस्थित जनसमुदाय ने सराहना की।

### छत्तीसगढ़ी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान गीतांजलि कला केंद्र कटनी के प्रतिभागियों द्वारा छत्तीसगढ़ी मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसकी उपस्थित जनों ने खुलकर सराहना की। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान सांकेतिक कार्टून कैरेक्टर गोरिल्ला एवं खरगोश ने भी बच्चों सहित उपस्थित राहगीरों का ध्यान अपनी ओर खींचते हुए उन्हें अपने साथ सेल्फी लेने मजबूर कर दिया। वहीं मैजिक व म्यूजिक शो देखकर लोगों ने तालियां बजाई। कार्यक्रम में पारंपरिक खेलों सांप सीड़ी, पिटटू में भाग लेकर नागरिकों ने बचपन की यादें ताजा कीं। प्रतिभागियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल मनोरंजक होते हैं, साथ ही समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं सामाजिक सहभागिता को भी बढ़ावा देते हैं।

### विजेता प्रतिभागी हुए सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों एवं निगम के स्वच्छता मित्रों को महापौर एवं निगमायुक्त परिहार द्वारा तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। नगर निगम प्रशासन ने सभी नागरिकों, संस्थाओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के साथ-साथ शहर में स्वच्छता, स्वास्थ्य और जनसहभागिता की भावना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रविवार की यह सुबह स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामूहिक जागरूकता का संदेश देते हुए एक यादगार जन-उत्सव के रूप में शहरवासियों के मन में अपनी विशेष छाप छोड़ गई।

# कटनी में शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हो रही एमपीपीएससी परीक्षा



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जा रही राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 रविवार को कटनी जिले के चार परीक्षा केंद्रों पर सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है- प्रथम पाली प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक होगी। जिले में कुल 1401 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे, जिनमें से प्रथम पाली में 1058 अभ्यर्थी ही उपस्थित रहे। परीक्षा की निगरानी हेतु आयोग द्वारा नियुक्त संभागीय पर्यवेक्षक, भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी अशोक कुमार भार्गव ने सभी केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी द्वारा भी केंद्रों का सतत निरीक्षण किया गया।

**केंद्रवार परीक्षार्थियों का विवरण**

परीक्षा केंद्र शासकीय गर्ल्स कॉलेज में 300, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में 450, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में 360 और शासकीय तिलक कॉलेज में 291 परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र मिला है। इन सभी केंद्रों पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गईं। परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए भी सख्त इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन की मुस्तैदी और सुव्यवस्थित प्रबंधन के चलते परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रही है।

# बरही की मंडी से चोरी हुआ था 150 बोरी सरकारी धान

## एमपी वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के अधिकारियों ने डाला पर्दा

कटनी (स्वतंत्रमत)



सरकारी धान की चोरी गई 150 बोरी धान का आधा माल जो सफेद बोरियों में बंद है। मंडी प्रांगण बरही में रखा हुआ है, जिसे झिरिया के एक व्यापारी के यहां से बरामद किया गया है। एक सप्ताह पूर्व 20 अप्रैल की रात चोरी हुए सरकारी धान के मामले में पुलिस थाना में शिकायत करने की बजाय जिम्मेदार अधिकारी ने पूरे घटनाक्रम में पर्दा डालते हुए रफा दफा कर दिया है, वहीं चोरी कराने वाले कर्मचारी को सबक सिखाते हुए हटाने की भी खबर है। यह पूरा मामला कृषि उपज मंडी बरही में रखा सरकारी धान की करीब 150 बोरी धान गत 20 अप्रैल को चोरी हुई थी। अधिकारियों ने इतने बड़े कांड पर पर्दा डालने का काम किया। चोरी की सूचना न तो स्थानीय पुलिस को दी गई और नही चोरी कराने वाले व्यापारी की खबर ली है। आनन फानन में चोरी हुई आधी धान बरामद कर मंडी में रख दिया गया है, वहीं चोरी कराने वाले कर्मचारी को यहां से हटा देने की खबर है।

### चोरी का प्रयास हुआ था, कर्मचारी बढ़ा दिए गए

इस पूरे मामले में एमपी वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के ब्रांच मैनेजर सत्येंद्र प्रजापति ने पर्दा डालते हुए बताया कि चोरी का प्रयास हुआ था, जिसके बाद यहां और कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई है। बहरहाल बरही मंडी प्रांगण में चोरी के बाद बरामद हुआ आधा माल प्राइवेट बोरियों में लाकर मंडी में रख दिया गया है। आखिर क्या वजह थी कि चोरी कराने वाले कर्मचारी और माल खरीदने वाले व्यापारी के खिलाफ जिम्मेदार विभाग के अधिकारी ने कार्यवाई कराने की वजाय पूरे प्रकरण पर ही पर्दा डाल दिया, जो बेहद गंभीर है।

# बिलहरी पुलिस की ग्राम करहिया कला में कच्ची शराब पर बड़ी कार्यवाही

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चिसीया तथा थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय द्वारा कार्यवाही की गई। विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम करहिया कला में अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई, जहां से निम्न आरोपियों के कब्जे से हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब जप्त की गई:- रामदुलारी पति सदानंद मांझी (उम्र 29 वर्ष)- 03 लीटर, चंद्रकला नरगड़िया पति राम सजीवन नरगड़िया (उम्र 55 वर्ष)- ०४ लीटर, अंगुली सनोडिया पिता वंश सनोडिया -05 लीटर, देववती नरगड़िया पति स्व. मिठाई लाल नरगड़िया (उम्र 65 वर्ष) -03 लीटर उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत पृथक-पृथक चार प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही के दौरान मौके से भारी मात्रा में लहान कच्ची शराब बनाने का कच्चा माल भी जप्त कर मौके पर ही नष्ट किया गया।



# नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महिलाओं में आक्रोश

कटनी (स्वतंत्रमत)

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित न होने को लेकर शहर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने एकत्रित होकर जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें अधिनियम के लंबित रहने पर नाराजगी व्यक्त की गई। सम्मेलन के बाद महिलाओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया और जन आक्रोश महिला पदयात्रा निकाली। इस दौरान महिलाओं ने विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस अवसर पर महापौर प्रीति संजीव सूरी, सभी महिला एमआईसी सदस्य, पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। साथ ही बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने सहभागिता कर कार्यक्रम को



प्रभावशाली बनाया। महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को अधिकार और सम्मान दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़े बिना देश का समग्र विकास संभव नहीं है, और इस अधिनियम को शीघ्र पारित किया जाना आवश्यक है। महिलाओं का कहना था कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में समान भागीदारी दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन इसे पारित न किया जाना महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय है।

# विद्यालय में विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों द्वारा संपन्न किया हवन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** 27 अपैल दिन सोमवार जमुना प्रसाद विश्वकर्मा डीएवी विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं के विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय तथा कला संकाय के विद्यार्थियों द्वारा मंत्रों का उच्चारण करते हुए वैदिक रीति से हवन कार्य संपन्न किया गया। यह हवन मध्य प्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एवं विद्यालय प्राचार्य एसके सिन्हा की अध्यक्षता में पूर्ण हुआ। जिन्होंने विद्यार्थियों की नई शिक्षा यात्रा के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा की शिक्षा केवल पुस्तकों तक ही सीमित नहीं होती बल्कि यह जीवन को सही दिशा प्रदान करने का माध्यम है



शिक्षा के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा की जीवन में शिक्षित व्यक्ति ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। हवन के साथ-साथ विद्यार्थियों ने शैक्षिक गतिविधियों की शुरुआत की। विद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। हवन के इस आयोजन से विद्यालय में सकारात्मक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना। तथा अन्य शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए उत्साहित करते हुए पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया प्रसाद वितरण पूर्ण होने के बाद कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

# शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में यातायात सुरक्षा अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी संतोष डेहरिया एवं डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में यातायात सुरक्षा अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, थाना प्रभारी बड़वारा केके पटेल सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। हेलमेट की अनिवार्यता थाना प्रभारी केके पटेल द्वारा बताया गया



कि दोपहिया वाहन चलाते समय आईएसआई मार्क हेलमेट पहनना अनिवार्य है। हेलमेट नहीं तो वाहन नहीं के नियम का पालन करने एवं बिना हेलमेट वाहन न चलाने की सख्त अपील की गई। राहगीर योजना सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले राहगीर को शासन द्वारा 5,000 की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वारा किसी प्रकार की पूछताछ नहीं की जाती। पीएम श्री योजना- दुर्घटना पीड़ितों का कैशलेस इलाज सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर (दुर्घटना के पहले 1 घंटे) के भीतर 1.5 लाख तक का कैशलेस उपचार शासकीय एवं चिन्हित निजी अस्पतालों में उपलब्ध कराया जाता है। यह सुविधा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत दी जा रही है। जनजागरूकता का आह्वान महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें एवं अपने परिवार, मित्रों और समाज में भी लोगों को हेलमेट उपयोग, राहगीर योजना तथा दुर्घटना सहायता योजनाओं के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

# संस्कार भारती द्वारा मनाया गया भू अलंकरण दिवस

कटनी (स्वतंत्रमत)

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर संस्कार भारती संस्था जिला इकाई कटनी द्वारा भार्गव गार्डन दुबे कॉलोनी में पृथ्वी को सजा कर भू अलंकरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की महिला सदस्यों द्वारा संस्था के केंद्रीय कार्यालय द्वारा संपूर्ण भारत में भेजे गए प्रारूप की बहुत सुंदर रंगोली बनाई साथ ही तीन आयु वर्ग में बच्चों की रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अनामिका एकेडमी एवं महर्षि विद्या मंदिर एवं अन्य स्कूलों के बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर रंगोलियां बनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रमुख विपिन तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि जिला कार्यवाह डॉक्टर अमित साहू रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों एवं संस्था के अध्यक्ष अशोक तिवारी, महामंत्री राजेश बरसैंया, कार्यक्रम की प्रभारी दृश्य




कला संयोजक दीपाली गुप्ता एवं हिंदू उत्सव समिति की प्रिया सोनी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तत्पश्चात महिला सदस्यों द्वारा संस्था का ध्येय गीत गाया गया। अंत में रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को अतिथियों एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा पुरुस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में किटी गुप्ता अनीता सिजारिया, आशु सुहाने, भाग्यश्री सुहाने रहीं। संचालन नवीन गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन राजेश बरसैंया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महर्षि विद्या मंदिर की अंकिता दुबे मेडम, प्रतियोगी बच्चों के पेरेंट्स के अलावा संस्था की संरक्षिका मीरा भार्गव, अशोक तिवारी, राजेश बरसैंया, दीपाली गुप्ता, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, रमेश खंडेलवाल, रमेश गुप्ता, अशोक शुक्ला, अनीता सिंजारिया, योगिता त्रिसोलिया, शालिनी सोनी, आकांक्षा बरसैंया, किटी गुप्ता, शशि दुबे, गौरी विश्वकर्मा, हीरामणि बरसैंया, माया तिवारी, गीता बरसैंया, पूनम गुप्ता, आशु सुहाने, सारिका गुप्ता, अदिति सुहाने, भाग्यश्री सुहाने, रंजीता गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, पूजा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# सुगम यातायात व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

## ट्रांसपोर्ट नगर शिफ्टिंग को गति देने शेष भूखंडों की नीलामी प्रारंभ

कटनी (स्वतंत्रमत)

शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं बाधारहित बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर शिफ्टिंग की प्रक्रिया को चरणबद्ध रूप से गति प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पुरैनी स्थित विकसित ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में उपलब्ध शेष भूखंडों के आवंटन हेतु अचल संपत्ति अंतरण नियमों के अंतर्गत नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है तथा इसके लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं। निगम प्रशासन का यह प्रयास शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्रों से भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित कर यातायात दबाव को कम करने, सड़क सुरक्षा को बढ़ाने एवं नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर के पूर्ण विकसित होने से




परिवहन व्यवसाय से जुड़ी गतिविधियां एक ही स्थान पर संचालित हो सकेंगी, जिससे शहर में अव्यवस्थित पार्किंग, जाम एवं प्रदूषण जैसी समस्याओं में भी काफी कमी आएगी। ट्रांसपोर्ट नगर योजना प्रभारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में विभिन्न उपयोगों हेतु भूखंडों का सुव्यवस्थित वर्गीकरण किया गया है। इसमें 15से30 वर्गमीटर के 27 भूखंड, 12से15 वर्गमीटर के 93 भूखंड, 6से15 वर्गमीटर के 6 भूखंड तथा 4से6 वर्गमीटर की 18 दुकानों के भूखंड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त परिवहन गतिविधियों को समुचित आधारभूत सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से पेट्रोल पम्प, धर्मकांटा एवं ढाबा जैसे आवश्यक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए भी पृथक भूमि आरक्षित की गई है, जिससे ट्रांसपोर्ट नगर एक पूर्ण विकसित एवं आत्मनिर्भर केंद्र के रूप में स्थापित हो सके। निगम प्रशासन द्वारा अपनाई गई ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया पारदर्शिता एवं प्रतिस्पर्धा को सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए शासकीय पोर्टल के माध्यम से निविदा में भाग ले सकते हैं।

### पात्र आवेदकों से सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील

निगम प्रशासन ने अधिकाधिक पात्र आवेदकों से इस योजना में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा है कि ट्रांसपोर्ट नगर के शीघ्र क्रियान्वयन से न केवल परिवहन व्यवसाय को सुव्यवस्थित प्लेटफॉर्म मिलेगा, बल्कि शहर के समग्र विकास, आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण में भी उल्लेखनीय योगदान प्राप्त होगा।

# सेबेस्टियन ने 2 घंटे से कम में पूरी की मैराथन

## ऐसा करने वाले दुनिया के पहले एथलीट बने, लंदन मैराथन जीती

लंदन।

केन्या के सेबेस्टियन सावे 2 घंटे से कम समय में मैराथन पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने लंदन मैराथन (42.195 किलोमीटर ) में 1:59:30 का समय लेकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले रिकॉर्ड केल्विन किपटम के नाम था। उन्होंने 2023 शिकागो मैराथन में 2:00:35 का समय लिया था। सावे ने इसे 65 सेकेंड से सुधारा। उन्होंने एलियुड किपचोगे के 2019 के अनौपचारिक 1:59:40 रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है।

दूसरे स्थान पर इथियोपिया के योमिफ केजेलचा रहे, जिन्होंने 1:59:41 का समय लिया। वे भी दो घंटे से कम में दौड़ पूरी करने में सफल रहे। युगांडा के जैकब



किप्लिमो ने 2:00:28 के समय के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

**इथियोपिया की टिगस्ट ने अपना वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा-** इथियोपिया की टिगस्ट असेफा ने 2:15:41 के समय के साथ महिलाओं में अपना ही वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने पिछले साल लंदन में 2:15:50 में मैराथन पूरी कर रिकॉर्ड बनाया था। केन्या की हेलेन ओबिरी और जॉयसिलिन जेपकोसगेई दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।31 साल के सबास्टियन सावे की यह चौथी मैराथन थी और उन्होंने अब तक हर मैराथन जीती है। उन्होंने करियर की शुरुआत 1500 और 5000 मीटर रेस से की थी, फिर क्रॉस कंट्री और हाफ मैराथन में आए। लंदन मैराथन में उन्होंने पहली हाफ 60:29 में और दूसरी हाफ 59:01 में पूरी की।



# कोलकाता के अंगकृष रघुवंशी पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना

### लखनऊ के खिलाफ मैच में आपा खोया, बाउंड्री पर बल्ला मारा और हेलमेट फेंका

नई दिल्ली।

कोलकाता नाइट राइडर्स के विकेटकीपर अंगकृष रघुवंशी पर आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट उल्लंघन के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान रघुवंशी मैदान पर अपना आपा खो बैठे थे। अंपायर के आउट देने के बाद उन्होंने जिस तरह नाराजगी जताई, उसे आईपीएल प्रबंधन ने अनुशासनहीनता माना है। जुर्माने के साथ उनके खाते में एक डिमेरिट पॉइंट जोड़ा गया है।

यह घटना केकेआर की पारी के 5वें ओवर की है। 4.6 ओवर में अंगकृष रघुवंशी अजीबोगरीब तरीके से आउट दिए गए। प्रिंस यादव की गेंद पर उन्होंने मिड-ऑन की ओर शॉट खेला और रन के लिए दौड़े, लेकिन बीच में ही लौटना पड़ा। क्रीज में पहुंचने की कोशिश में वे डाइव लगाते हुए लाइन से बाहर चले गए और इस दौरान गेंद की दिशा में उनका मूवमेंट हुआ। थ्रो मोहम्मद शमी ने किया। थर्ड अंपायर ने रिप्ले देखकर फैसला दिया कि रघुवंशी ने गेंद की लाइनें आकर फील्डिंग में बाधा डाली, इसलिए उन्हें ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड आउट दिया गया।

फैसले से नाराज रघुवंशी पवेलियन लौटते समय गुस्से में बाउंड्री कुशन पर बल्ला दे मारा। डगआउट में पहुंचकर उन्होंने हेलमेट भी आक्रामक तरीके से फेंका। आईपीएल ने बयान में कहा कि रघुवंशी लेवल-1 उल्लंघन के दोषी पाए गए हैं।


# एशियन बीच गेम्स में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने जीता स्वर्ण

### पुरुष टीम ने हासिल किया रजत पदक

**सान्या।** भारतीय महिला कबड्डी टीम ने सोमवार को यहां चीन में हुए एशियन बीच गेम्स 2026 में अपना खिताब सफलतापूर्वक बचाव करते हुए स्वर्ण जीता, जबकि पुरुषों टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।रितु की लीडरशिप में छह सदस्यों वाली भारतीय महिला बीच कबड्डी टीम ने हाफ-टाइम तक अपनी 20-18 की मामूली बढ़त को श्रीलंका को 47-31 से हराकर लगातार छठा खिताब जीता।सेमीफाइनल में, भारत ने बंगलादेश को 50-31 से हराया।कप्तान रितु के साथ, मनीषा कुमारी, सिमरन कंबोज, मनप्रीत कौर, निकिता और निकिता चौहान भी भारतीय



कबड्डी टीम का हिस्सा थीं।2016 में पिछले एडिशन में, भारत ने फाइनल में थाईलैंड को हराया था।इस बीच भारतीय पुरुष कबड्डी टीम इस साल ईरान से 44-31 से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 50-27 से हराने वाली छह सदस्यों वाली टीम को बृजेंद्र सिंह चौधरी ने लीड किया।



### मनिका बत्रा, मानव ठक्कर करेंगे भारतीय टीम की अगुवाई

**लंदन।** ओलंपियन मनिका बत्रा, साथियान ज्ञानशेखरन, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई मंगलवार को यहां शुरु होने वाली आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026 में 10 सदस्यीय भारतीय टीम अगुवाई करेंगे। कल से 10 मई तक होने वाली इस विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के मैच ओवीओ एरिना वेम्बली में खेले जाएंगे। पुरुषों और महिलाओं के अलग-अलग प्रतियोगिताएं होंगी- क्रमशः स्वेथलिंग कप और कॉर्बिलन कप। हर टाई में पाँच एकल मैच होते हैं, जिसमें तीन रबर जीतने वाली पहली टीम आगे बढ़ती है।

# फुटबॉल क्लब नशे से उबारकर बना रहा चैम्पियन

### बाप-बेटे ने शुरू किया था सिरुकलाथुर क्लब, यहां के बच्चे विदेशी टीमों से भी जुड़े

**चेन्नई।** स्पेनिश फुटबॉल क्लब बार्सिलोना का एक मशहूर नारा है- 'मेस क्यू अन क्लब' (एक क्लब से बढ़कर)। तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले के एक छोटे से गांव सिरुकलाथुर में यह बात बिल्कुल सच साबित हो रही है। करीब 2,000 की आबादी वाले इस गांव में फुटबॉल सिर्फ 90 मिनट का खेल नहीं है, बल्कि यह युवाओं को नशे और भटकाव से दूर कर एक नई जिंदगी दे रहा है। 'सिरुकलाथुर गालटीपेट फुटबॉल क्लब' की शुरुआत 2014 के फीफा वर्ल्ड कप के दौरान डी. हरिकृष्णन ने की थी। जिस मैदान पर कभी कचरा फेंका जाता था, आज वहां हर हफ्ते 150 से ज्यादा बच्चे ट्रेनिंग लेते हैं। इस क्लब को 'ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन'



से टू-स्टार मान्यता मिल चुकी है।

क्लब के संस्थापक हरिकृष्णन का अपना सफर भी आसान नहीं था। 10वीं में फेल होने और आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। कोरोना काल में जब स्कूल बंद थे, तब उनके बेटे शिवारमन ने देखा कि गांव के बच्चे शराब, सिगरेट और नशे की लत का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में बाप-बेटे की इस जोड़ी ने बच्चों को वापस मैदान पर लाने की ठानी। क्लब ने महसूस किया कि दिहाड़ी मजदूरों और गरीब परिवारों के इन बच्चों को सही पोषण नहीं मिल पा रहा है। इसलिए क्लब ने ट्रेनिंग करने वाले बच्चों को नाश्ता और रात का खाना (हफ्ते में तीन दिन नॉन-वेज सहित) देना शुरू किया। एक बार हरिकृष्णन ने एक होनहार खिलाड़ी से नशे के इंजेक्शन तक छीने थे। उनका मकसद सिर्फ बेहतरीन खिलाड़ी बनाना नहीं है, बल्कि खेल के जरिए बच्चों को शिक्षा और रोजगार दिलाना है। कई बच्चे बड़े कॉलेजों में पढ़ रहे हैं।

### बड़े क्लबों से बढ़कर उपलब्धियां

इस छोटे से क्लब की उपलब्धियां किसी बड़े शहर की अकादमी से कम नहीं हैं। यहां के सात खिलाड़ी चेन्नईयिन एफसी की यूथ टीम में, एक बेंगलुरु एफसी और दो एफसी मद्रास में अपनी जगह बना चुके हैं। 2016 में क्लब का एक खिलाड़ी रिशिश ट्रेनिंग के लिए स्पेन गया और फिर स्वीडिश क्लब तक पहुंचा। यहां से संतोष ट्रॉफी,जूनियर नेशनल और यूनिवर्सिटी स्तर के 20 से ज्यादा खिलाड़ी निकले हैं। सिरुकलाथुर गांव में अब सुबह की शुरुआत फुटबॉल से होती है। संकरी गलियों और कच्चे रास्तों से निकलकर ये बच्चे अब बड़े मैदानों पर अपना नाम रोशन कर रहे हैं। यहां फुटबॉल सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि गरीबी और भटकाव से बाहर निकलने का सबसे मजबूत रास्ता बन चुका है।


### दिलीप कुमार ने मुख्य सतर्कता अधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया

**नयी दिल्ली।** इंडियन रेलवे मैकेनिकल इंजीनियर सेवा (आईआरएसएमई) के वरिष्ठ अधिकारी दिलीप कुमार ने सोमवार को भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।उनके पास ट्रेन संचालन, रोलिंग स्टॉक के रखरखाव और मानव संसाधन प्रबंधन में दो दशकों से अधिक का अनुभव है।उन्होंने भारतीय रेलवे में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिनमें पूर्व मध्य रेलवे के अपर मंडल रेल प्रबंधक और बिहार के नालंदा में हरनौत के मुख्य कारखाना प्रबंधक का पद शामिल है।

# मेकमायट्रिप का अडानी एयरपोर्ट्स से करार

### ऑनलाइन कर सकेंगे ड्यूटी फ्री शॉपिंग

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन ट्रैवल पोर्टल मेकमायट्रिप ने अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के साथ करार किया है जिसके तहत अंतर्राष्ट्रीय यात्री ड्यूटी फ्री स्टोर से सामान की प्री-बुकिंग करा सकेंगे।दोनों कंपनियों ने सोमवार को इस संबंध में हुए करार की घोषणा की।इसके तहत अडानी एयरपोर्ट्स द्वारा संचालित हवाई अड्डों पर प्रस्थान और आगमन दोनों के लिए ड्यूटी-फ्री प्री-बुकिंग सेवा शुरू की गई है।यात्री 10 से अधिक श्रेणियों में 100 से अधिक ब्रांड और 14,000 से अधिक एसकेयू में से उत्पाद ब्राउज कर सकते हैं और अपनी यात्रा से पहले मेकमायट्रिप पर उन्हें प्री-बुक




कर सकते हैं।

साथ ही विभिन्न श्रेणियों में विशिष्ट ऑनलाइन ऑफर के लाभ भी ले सकते हैं।यह सेवा अंतर्राष्ट्रीय प्रस्थान और आगमन दोनों यात्रियों के लिए उपलब्ध है।इस पहल का उद्देश्य एयरपोर्ट पर ब्राउजिंग और कतार में खड़े होने में लगने वाले समय को कम करना है। इससे चेक-इन से लेकर बोर्डिंग और आगमन तक समय प्रबंधन बेहतर होता है।अडानी एयरपोर्ट्स फिलहाल मुंबई, अहमदाबाद, लखनऊ, मेंगलुरु, जयपुर और तिरुवनंतपुरम में ड्यूटी-फ्री आउटलेट्स संचालित करता है।अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण बंसल ने कहा, मेकमायट्रिप के माध्यम से ड्यूटी-फ्री प्री-बुकिंग को सक्षम बनाकर, हम अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए अधिक सुविधा ला रहे हैं।

### शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को चार पैसे की बढ़त के साथ ही 94.12 पर बंद हुआ। रुपया आज सुबह शुरुआती कारोबार में 11 पैसे टूटकर 94.27 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर की निरंतर मांग और सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर व्यापक रुझान से रुपया दबाव में है।

वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 94.25 पर खुला। फिर टूटकर शुरुआती कारोबार में 94.27 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की गिरावट दिखाता है। वहीं रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 94.16 पर बंद हुआ था।

# सन फार्मा 3.99 अरब डॉलर में करेगी अमेरिकी दवा कंपनी का अधिग्रहण

**मुंबई।** भारतीय दवा कंपनी सन फार्मा इसी क्षेत्र की अमेरिकी कंपनी ऑर्गानॉन का 3.99 अरब डॉलर में अधिग्रहण करेगी।दोनों कंपनियों की संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस संबंध में पक्का समझौता हो गया है।यह अधिग्रहण सन फार्मा की एक पूर्ण स्वामित्व वाली विदेशी सहयोगी कंपनी के माध्यम से किया जायेगी।इस सौदे के तहत ऑर्गानॉन के शेयरधारकों को प्रति इक्विटी शेयर 14 डॉलर का भुगतान किया जायेगा।इस घोषणा के बाद सन फार्मा का शेयर आज सात प्रतिशत चढ़कर 1,733 रुपये पर पहुंच गया।ऑर्गानॉन का वर्तमान उद्यम मूल्यांकन 11.75 अरब डॉलर है।पिछले साल उसका राजस्व 6.2 अरब डॉलर और परिचालन लाभ




1.9 अरब डॉलर रहा था।कंपनी पर 31 दिसंबर 2025 को 8.6 अरब डॉलर का कर्ज था और उसके पास 57.4 करोडॉ डॉलर की नकदी थी।

इस अधिग्रहण के बाद सन फार्मा का राजस्व 12.4 अरब डॉलर पर पहुंच जायेगा और वह दुनिया की 25 सबसे बड़ी दवा कंपनियों में शामिल हो जायेगी।वह दुनिया की सातवीं सबसे बड़ी बायोसिमिलर कंपनी हो जायेगी जिसकी मौजूदगी 150 देशों में होगी।दोनों कंपनियों के निदेशकमंडलों ने इस सौदे को मंजूरी प्रदान कर दी है।अब आवश्यक नियामकीय अनुमोदन प्राप्त करना तथा ऑर्गानॉन के शेयरधारकों की स्वीकृति मिलनी शेष है। सन फार्मा के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप सांघवी ने कहा, यह सौदा सन फार्मा के लोगों तक पहुंचने और जीवन को स्पर्श करनेज् के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

# चावल, गेहूं के दामों में तेजी

### चीनी, खाद्य तेलों में नरमी, दालों में घटबढ़


**नयी दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया।चावल के साथ गेहूं में भी तेजी देखी गयी।चीनी और खाद्य तेलों के भाव टूट गये जबकि दालों के दामों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़कर 3,849 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी।गेहूं चार रुपये महंगा हुआ और 2,784 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।आटे की कीमत 10 रुपये घट गयी।दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा।तुअर दाल और मसूर दाल की औसत कीमत 23-23 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी।उड़द दाल 14 रुपये महंगी हुई।मूंग दाल में 33 रुपये और चना दाल में 11 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गयी।मलेशिया के



बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा 62 रिंगिट टूटकर 4,535 रिंगिट प्रति टन रह गया।जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.42 प्रतिशत नीचे 71.03 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 92 रुपये और सूरजमुखी तेल की 67 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।सरसों तेल 39 रुपये और मूंगफली तेल 34 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया।वनस्पति 23 रुपये और पाम ऑयल 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ।मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 25 रुपये प्रति क्विंटल नीचे बोला गया।

### रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को चार पैसे की बढ़त के साथ ही 94.12 पर बंद हुआ। रुपया आज सुबह शुरुआती कारोबार में 11 पैसे टूटकर 94.27 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर की निरंतर मांग और सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर व्यापक रुझान से रुपया दबाव में है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 94.25 पर खुला। फिर टूटकर शुरुआती कारोबार में 94.27 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की गिरावट दिखाता है।



# सोना 1.52 लाख और चांदी 2.45 लाख के पार

### वैश्विक बाजार में सोने और चांदी के भाव में मिलाजुला रुख रहा

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के वायदा भाव में सोमवार को मजबूत रिकवरी दर्ज की गई। शुरुआती गिरावट के साथ खुलने के बावजूद, घरेलू मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दोनों कीमती धातुओं के दाम तेजी से ऊपर चढ़े और खबर लिखे जाने तक बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हालांकि रुख कुछ मिला-जुला रहा। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट दिन की शुरुआत 4 रुपये की मामूली गिरावट के साथ 1,52,695 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हुई थी, जबकि इसका पिछला बंद भाव 1,52,699 रुपये था। हालांकि, बाजार खुलते ही इसमें तेजी आ गई और खबर लिखे जाने



तक यह 114 रुपये की बढ़त के साथ 1,52,813 रुपये पर कारोबार कर रहा था। दिन के कारोबार में सोने ने 1,53,008 रुपये का उच्च और 1,52,640 रुपये का निचला स्तर छुआ।

गौरतलब है कि इस साल सोने का सर्वोच्च स्तर 1,80,779 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा है। चांदी के वायदा भाव में भी इसी तरह का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मई कॉन्ट्रैक्ट 961 रुपये की बड़ी गिरावट के साथ 2,43,675 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला था, जिसका पिछला बंद भाव 2,44,636 रुपये था। लेकिन जल्द ही यह गिरावट खत्म हुई और खबर लिखे जाने के समय चांदी 516 रुपये की तेजी के साथ 2,45,152 रुपये पर ट्रेड कर रही थी। दिन के दौरान इसने 2,45,473 रुपये का उच्चतम और 2,43,253 रुपये का न्यूनतम स्तर देखा। इस वर्ष चांदी 4,20,048 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोने और चांदी के वायदा भाव में नरमी का रुख रहा। सोना 4,713.20 डॉलर प्रति औंस पर खुला, जो पिछले बंद भाव 4,740.90 डॉलर से कम था। खबर लिखे जाने तक यह 1.70 डॉलर की गिरावट के साथ 4,739.20 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

वहीं कॉमेक्स पर चांदी 75.50 डॉलर प्रति औंस पर खुली और खबर लिखे जाने तक 0.04 डॉलर की मामूली तेजी के साथ 75.45 डॉलर प्रति औंस पर देखी गई, हालांकि यह अपने पिछले बंद भाव (76.41 डॉलर) से अभी भी नीचे थी। इस साल सोने ने 5,586.20 डॉलर और चांदी ने 121.79 डॉलर प्रति औंस का उच्चतम स्तर छुआ था।

# कान्हा में लौटेंगे जंगली भैंसें, काजीरंगा से शुरू हो रहा ऐतिहासिक ट्रांसलोकेशन

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव 28 अप्रैल को सूपखार में करेंगे जंगली भैंस पुनर्स्थापन का शुभारंभ

भोपाल (स्वतंत्र मत)





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चीता पुनर्स्थापना की ऐतिहासिक सफलता के बाद अब जंगली भैंसों की वापसी से प्रदेश की जैव-विविधता में एक नया आयाम जुड़ेगा। प्रदेश में एक सदी से अधिक समय से विलुप्त हो चुकी जंगली भैंस (वाइल्ड बफेलो) प्रजाति की पुनर्स्थापना की रणनीति अब साकार हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 28 अप्रैल को बालाघाट जिले के सूपखार एवं टोपला क्षेत्र में कार्यक्रम के अंतर्गत जंगली भैंस पुनर्स्थापन अभियान का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री सूपखार में 4 जंगली भैंसों को उनके नए प्राकृतिक आवास में छोड़ेंगे। इनमें 3 मादा और एक नर जंगली भैंसा शामिल हैं। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, अधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहेंगे। इस पहल से भैंस प्रजाति के संरक्षण के साथ ही राज्य का वन पारिस्थितिकी तंत्र भी सशक्त बनेगा।

***काजीरंगा से कान्हा तक ऐतिहासिक ट्रांसलोकेशन***- इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत असम के काजीरंगा से जंगली भैंसों को कान्हा टाइगर रिजर्व लाया जा रहा है। पहले चरण में 4 भैंसों का दल अपनी यात्रा प्रारंभ कर चुका है। कुल 50 भैंसों के समूह को 'फाउंडर पॉपुलेशन' के रूप में लाने का लक्ष्य निर्धारित है। इस सीजन में 8 भैंसों को स्थानांतरित किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया काजीरंगा और कान्हा के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अनुभवी पशु-चिकित्सकों की निगरानी में वैज्ञानिक तरीके से संपन्न की जा रही है।

***वन्यजीव सरंक्षण और जैव विविधता सहयोग का विस्तार***- इस परियोजना के साथ ही मध्यप्रदेश और असम के बीच वन्यजीव आदान-प्रदान का नया अध्याय भी जुड़ रहा है। असम से गैंडे (राइनो) के दो जोड़े मध्यप्रदेश लाए जाएंगे, जिन्हें भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में रखा जाएगा। इसके बदले में मध्यप्रदेश, असम की मांग के अनुसार 3 बाघ और 6 मगरमच्छों का स्थानांतरण करेगा। इस पर गुवाहाटी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंता विश्व सरमा के बीच हुई बैठक में सहमति बनी थी।

***भैंस'-जैव-विविधता को समृद्ध बनाने की एक और पहल***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि चीता पुनर्स्थापना के बाद अब जंगली भैंसों की वापसी से प्रदेश की जैव-विविधता में एक नया आयाम जुड़ेगा। यह पहल एक प्रजाति के संरक्षण के प्रयास के साथ ही प्रदेश के वन पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश पहले ही 'टाइगर स्टेट' और 'लेपर्ड स्टेट' के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। जंगली भैंसों का पुनर्स्थापन इस गौरव को और सुदृढ़ करेगा।

***कान्हा सबसे उपयुक्त प्राकृतिक आवास***- भारतीय वन्यजीव संस्थान (देहरादून) द्वारा किए गए अध्ययन में कान्हा टाइगर रिजर्व को जंगली भैंसों के पुनर्स्थापन के लिए सबसे उपयुक्त पाया गया है। यहाँ के विस्तृत घासभूमि क्षेत्र, पर्याप्त जल स्रोत और न्यूनतम मानव हस्तक्षेप इस प्रजाति के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ प्रदान करते हैं। सूपखार में जंगली भैंसों को छोड़े जाने के साथ यह 'वाइल्ड-टू-वाइल्ड' पुनर्स्थापना परियोजना एक नए चरण में प्रवेश करेगी। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे कान्हा की घासभूमि पारिस्थितिकी को मजबूती मिलेगी और जैव-विविधता संतुलन को नया जीवन मिलेगा। यह पहल मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में संचालित एक और ऐतिहासिक संरक्षण अभियान है, जो आने वाले समय में देश के लिए एक मॉडल के रूप में स्थापित होगा।



# भोपाल-इंदौर मेट्रो में ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम शुरू

## टिकट विंडो के सामने अब लाइन नहीं लगेगी, टिकट एवं वॉलेट रिचार्ज पर छूट

भोपाल (स्वतंत्र मत)

भोपाल और इंदौर के मेट्रो स्टेशन पर सोमवार से ऑटोमैटिक फेयर कनेक्शन सिस्टम शुरू हो गया। इसके चलते अब यात्रियों को स्टेशन पर टिकट के लिए लंबी कतार नहीं लगाना पड़ेगी। वह इलेक्ट्रॉनिक तरीके से मेट्रो स्टेशन में एंट्री और एग्जिट कर सकेंगे। नई सुविधा के साथ ही टिकट और वॉलेट रिचार्ज पर भी छूट दी जा रही है। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने इस सिस्टम की शुरुआत की है। पहले दिन कई यात्रियों ने मेट्रो में सफर किया और नए सिस्टम से ही टिकट ली। भोपाल-इंदौर मेट्रो का ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम आधुनिक, इलेक्ट्रॉनिक और कैशलेस टिकटिंग है। यह सिस्टम यात्रियों को बिना किसी मैन्युअल हस्तक्षेप (जैसे टिकट काउंटर पर लंबी कतार) के मेट्रो स्टेशन पर एंट्री करने, सफर करने और बाहर निकलने की सुविधा देता है। नए सिस्टम के साथ ही राउंड ट्रिप (आवागमन) टिकट पर कुल किराए में 5 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। इससे उन यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा, जो एक ही दिन में आना और जाना करते हैं। ग्रुप में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए भी विशेष प्रावधान किया गया है। समूह टिकट पर कुल किराए में 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। यह सुविधा (एकल-समूह टिकट पर) न्यूनतम 8 एवं अधिकतम 40 यात्रियों के समूह के लिए उपलब्ध है।



# शादी में गया था परिवार चोरों ने तोड़ दिया ताला

हटा (स्वतंत्र मत)

हटा थाना क्षेत्र के रमा कवि वार्ड में रविवार रात अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे नगदी रूपये सहित लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात चुरा लिए। सोमवार सुबह परिवार को जानकारी लगी तब पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। यह चोरी की घटना संदेह भी पैदा कर रही है। मकान मालिक शादी में गए थे जबकि उनके दामाद और कुछ रिश्तेदार घर में सो रहे थे। पीड़ित मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। जानकारी के अनुसार हटा थाना क्षेत्र के रमा कवि वार्ड निवासी मोती पिता रामकिशुन साहू 45 ने बताया कि उनके बड़े भाई की बेटी की शादी रविवार रात नगर के ढोलियाखेड़ा स्थित मैरिज गार्डन से थी। परिवार के साथ वह भी शादी समारोह में शामिल होने गए थे। उनके बड़े दामाद उनके साले सहित अन्य रिश्तेदार वापस आकर घर में रुके हुए थे और रात में सभी सो गए थे। पीड़ित ने बताया वह भी रात करीब तीन बजे आ गए थे। सुबह कुछ रिश्तेदार सुबह से ही जल्दी चले गए थे। वही उसकी पत्नी ने जैसी ही अलमारी खोली तो डिब्बे में रखे हुए सोने-चांदी के आभूषण और 70 हजार रुपए गायब थे। उन्होंने दो बेटियों की शादी के लिये बनवाए गले का हार व अन्य गहने बनवाए थे। चांदी के आभूषण और छोटे बच्चों के लिये बनवाए कंगन सहित 70 हजार रुपए गायब थे। सामान बिखरा हुआ था। जिसे देखकर उनके होश उड़े गए जिसकी जानकारी उन्होंने अपने पति को दी। पीड़ित परिवार ने रिश्तेदारों से पूछताछ कीए लेकिन कोई सुराग नही लगा। पीड़ित ने बताया उनकी करीब 6 लाख रुपए की चोरी हुई है। वही घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

# भोपाल मंडल के यात्रियों के लिए खुशखबरी, बनारस-हडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस कल से चलेगी

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बनारसङ्कहडपसर अमृत भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन विशेष फेरे का संचालन 28 अप्रैल से करने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 02531 बनारस-हडपसर उद्घाटन स्पेशल का शुभारंभ बनारस से शाम 4:45 बजे होगा। यह ट्रेन अत्याधुनिक अमृत भारत रेक के साथ चलेगी, जिसमें कुल 22 कोच होंगे। यह विशेष ट्रेन भोपाल मंडल के कई प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को सीधी और सुविधाजनक यात्रा सुविधा मिलेगी। निर्धारित समयानुसार ट्रेन बीना स्टेशन पर सुबह 5:15 बजे पहुंचेगी और 5¬20 बजे प्रस्थान करेगी। इसके बाद रानी कमलापति स्टेशन पर सुबह 7:35 बजे आगमन और 7:40 बजे प्रस्थान, नर्मदापुरम में 8:50 बजे आगमन और 8:55 बजे प्रस्थान, इटारसी में 9:25 बजे आगमन और 9:30 बजे प्रस्थान तथा हरदा में 10:20 बजे आगमन और 10:25 बजे प्रस्थान का समय तय किया गया है। इसके बाद यह ट्रेन खंडवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड, कोपरगांव, अहिल्यानगर और दौंड कॉर्ड लाइन से होते हुए अगले दिन रात्रि 00¬55 बजे हडपसर पहुंचेगी। इस नई सेवा के शुरू होने से पूर्व एवं पश्चिम भारत के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को तेज, आरामदायक और आधुनिक रेल सुविधा उपलब्ध होगी।

# प्रदेश में गर्मी के साथ ओले-बारिश का दौर

## खजुराहो-नौगांव दिन में तपे, रात में राहत

## उज्जैन समेत 13 जिलों में आज लू का अलर्ट

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मध्य प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी के साथ ओले, बारिश और आंधी का दौर चल रहा है। खजुराहो और नौगांव दिन में सबसे गर्म रहे, लेकिन रात में राहत रही। रविवार को खजुराहो में पारा 45 डिग्री और नौगांव में 44.6 डिग्री दर्ज किया गया था। रात में खजुराहो में 24.4 डिग्री और नौगांव में 24 डिग्री रहा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में रात के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर में न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री रहा। इंदौर में 25.2 डिग्री और उज्जैन में 23 डिग्री दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे में 15 जिलों में बारिश हुई। इनमें भोपाल, इंदौर, नीमच, रतलाम, शाजापुर, सीहोर, रायसेन, विदिशा, सागर, छतरपुर, नरसिंहपुर, राजगढ़, बुरहानपुर, खरगोन और खंडवा शामिल हैं। शाजापुर के अकोदिया में ओले गिरे। इंदौर में 47डिग्री, सागर में 44डिग्री, सीहोर में 41 डिग्री और भोपाल में 37 डिग्री प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली।

# किसानों की सुविधा सर्वोपरि, उपार्जन व्यवस्था सुधारने कलेक्टर ने दिए निर्देश

दमोह (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने उपार्जन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अवकाश के दिन का उपयोग करते हुए उन्होंने व्यवस्थाओं की जानकारी और कमियों पर फीडबैक लिया ताकि समय रहते व्यवस्था में आवश्यक सुधार किया जा सके। उन्होने कहा सरकार के अनुरोध पर भारत सरकार ने गेहू खरीदी का लक्ष्य 100 लाख मीट्रिक टन बढ़ा दिया है। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी किसान अपनी उपज बेचने से वंचित न रहे। कलेक्टर ने बैठक में यह निर्देश दिए गए कि प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर बारदाना, पर्याप्त तौल कॉटे, पल्लेदार, छाया और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो। पहले प्रति केंद्र 1000 मीट्रिक टन प्रतिदिन का लक्ष्य था जिसे बढ़ाकर 2250 मीट्रिक टन कर दिया गया है। इसके अनुरूप सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाएं ताकि किसानों को लंबा इंतजार न करना पड़े। उन्होंने कहा किसानों की उपज की सही मात्रा ही खरीदी जाए और तौल के तुरंत बाद उन्हें पक्की रसीद दी जाए जिससे भुगतान को लेकर किसी प्रकार की चिंता न रहे। उन्होंने परिवहन व्यवस्था को लेकर ट्रांसपोर्टरों को निर्देश दिए खरीदी के बाद तत्काल उठाव किया जाए ताकि इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा सके और किसानों को समय पर भुगतान मिल सके। साथ ही कंट्रोल रूम को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा प्राप्त शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि समस्या पूरी तरह खत्म हुई है या नहीं। कलेक्टर ने सर्वेयरों को भी निर्देशित किया है कि शासन द्वारा तय मानकों के अनुसार ही उपज की जांच की जाए। उन्होंने बताया भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से कई मानकों में छूट मिली है जिसका सीधा लाभ किसानों तक पहुंचना चाहिए। प्रशासन का उद्देश्य किसानों को सहज, पारदर्शी और समयबद्ध उपार्जन व्यवस्था उपलब्ध कराना है।


**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS NAZREEN ABDUL LATEEF I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS NAZREEN LATEEF W/O ABDUL LATEEF RESIDENT OF 112, EKTA VIHAR, NEAR GANESH TEMPLE, PREM NAGAR, JABALPUR (M. P.) 482001.


# किसानों के लिए वरदान साबित होगी सेमरखों सीतानगर विस्तारीकरण परियोजना: सांसद लोधी

## 14000 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित सेमरखों सीतानगर विस्तारीकरण, परियोजना का सांसद ने किया निरीक्षण

दमोह (स्वतंत्र मत)



सांसद राहुल सिंह लोधी सेमरखों-सीतानगर विस्तारीकरण परियोजना के निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा हिंडोरिया एवं आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से सिंचाई हेतु पानी की समस्या बनी रही है जिसे दूर करने के लिए यह परियोजना महत्वपूर्ण साबित होगी। सांसद लोधी ने बताया सीतानगर परियोजना के प्रथम चरण के पूर्ण होने के बाद लगभग 33 गांव लक्ष्मण कुटी के आसपास के क्षेत्र में छूट गए थे। इसके अलावा हिंडोरिया से जुड़े 20 अन्य गांव भी परियोजना से वंचित रह गए थे। हाल ही में नोहटा में मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा इन सभी 53 गांवों जिसमें आमखेड़ा, आनुए अनवारी, बम्होरी, बरखेड़ा, भदोली, भोरखेड़ा, बिलतरा सड़क, चैनपुरा चनदोरा, छापरी, दमोह, धरमपुरा, गुंजी, हरदुवानी, हिंडोरियाए हिन्नाई, इमलाई, झागरी, कादीपुर, करैया हजारी, करैया राख, खजरी दमोह, खेरुवा, खिरिया, कुवाटनखेड़ी, लक्ष्मणधाम, लिधौरा, लुहररा, मानपुरा, महंतपुर, मड़िया, महुआखेड़ा, मंडला खिरिया, कारासूखी, नोनपानी, पटना पायरा, पिपरिया कलां पिपरिया खुर्द, रायपुर, राजघाट पिपरिया, समन्ना माल, समन्ना रैयतवाड़ी, सिमरी राजाराम सिंगपुर, सुखी, पिपरिया, सुरखी तानखेड़ी, तिदोनी, उमरी, उमरिया परियोजना में शामिल करने का आग्रह किया गया था, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक पहल करते हुए प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

सांसद ने बताया खड़ेरा और बलारपुर के बीच एक वाटर प्वाइंट स्थापित किया जाएगा जहां से पानी को पाइपलाइन केनाल के माध्यम से लिफ्ट कर लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित सेमरखों जलाशय तक पहुंचाया जाएगा वर्तमान में जलाशय की ऊंचाई 11 मीटर है जिसे बढ़ाकर 33 मीटर किया जाएगा। इससे जहां अभी 650 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो रही है। उन्होंने कहा परियोजना पूर्ण होने के बाद लगभग 20 गुना यानि 14000 हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगी। सांसद लोधी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगी। साथ ही किसानों से अपील की कि वे धैर्य रखें क्योंकि सभी जनप्रतिनिधि मिलकर उनके खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

## प्रतिबंध के बाद नरवाई में लगी आग

**हटा।** प्रशासन द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के बावजूद किसानों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। सोमवार को दमोह नाका क्षेत्र में नरवाई में लगी आग ने अचानक विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई जिससे आसपास के क्षेत्रों में अफरा.तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से खेतों में खड़ी फसल के अवशेष जलकर राख हो गए, वहीं पास के इलाकों में धुआं फैलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म. प्र. )**

N.I.T. No. /PWD/e-tendering/PRO/ 104 **निविदा सूचना** Dated 27/4/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_ 503309_1 Date 27/4/2026 | सं.क्रं. 5 कस्तूरबा गांधी वार्ड अंतर्गत आगा चौक स्थित सार्वजनिक व्यायाम शाला के रिक्त स्थल में दो कक्षों का निर्माण कार्य (अध्यक्ष मद) तृतीय निविदा | 3 माह<br>रु. 4.12 लाख | रु. 2,000/-<br>रु. 4120/- | 7/5/2026 |
| 2 | 2026_UAD_ 503309_2 Date 27/4/2026 | सं.क्रं. 5 महात्मा गांधी वार्ड अंतर्गत आगा चौक के पास सेल्फी प्वाइंट निर्माण कार्य (पार्षद मद) प्रथम निविदा | 3 माह<br>रु. 4.22 लाख | रु. 2,000/-<br>रु. 4220/- | 13/5/2026 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग)**
**नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय नगरपालिका परिषद नैनपुर जिला-मण्डला (म.प्र.)**

Office of Municipal Council Nainpur, District Mandla (M.P)
Phone No. 07646 240106, Email ID cmonanpur@mpurban.gov.in

क्रमांक 260/न.पा./2026 नैनपुर दिनांक 24/04/2026

**// निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2026_UAD_503158_1 दि 27.04.2026 | मेन रोड इन्टेकवेल से डब्ल्यू.टी.पी. तक पुरानी पाईप लाईन बदलने का कार्य | 03 Month 29,52,110/- | 5,000/- 22,200/- | 29.05.2026 |

शर्त- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद, नैनपुर**




> दीनदयाल चौक पर हुई दर्दनाक घटना

## बस के नीचे आया आया युवक, मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** दीनदयाल चौक पर सोमवार को सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब युवक चलती बस में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। मृतक युवक सिवनी जिले के लखनादौन का निवासी बताया जा रहा है। वह दीनदयाल बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहा था। जैसे ही एक बस वहां से गुजरी, युवक ने चलती बस में चढ़ने की कोशिश की, लेकिन अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने के कारण वह सीधे सड़क पर गिर पड़ा। हादसे की खबर मिलते ही विजयनगर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

> स्वाती-दीपाली ने मुक्केबाजी में दिखाया अपना दमखम

## मप्र के खिलाड़ियों ने दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर।** इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में रायपुर में छत्तीसगढ़ विरूद्ध मप्र के बीच खेली गई फाइट नाइट मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में मप्र के महिला, पुरूष मुक्केबाजों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए 8 में से 6 मुकाबले जीत लिए। हितकारिणी बॉक्सिंग क्लब की महिला मुक्केबाज दीपाली केवट व स्वाती ठाकुर ने अपने अपने वर्ग में जोरदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ की महिला मुक्केबाजों पर जमकर मुक्के बरसाए और स्वर्ण पदक प्राप्त किया।





### 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण मामला

# फाइनल हियरिंग के लिए 2 बैच में बांटी याचिकाएं

### मप्र हाईकोर्ट में आज होगी मामले की सुनवाई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण मामले को लेकर सोमवार को मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें दायर की गई 86 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने फाइनल हियरिंग के लिए 2 बैच में याचिकाओं को बांट दिया है। 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर पक्ष और विपक्ष में याचिकाओं के लिए 2 बैच बनाए गए हैं। हाईकोर्ट पहले 27 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती देने वालों की ओर से सुनवाई करेगी। इसके बाद फिर दूसरे बैच को सुना जाएगा। मंगलवार को 11 बजे से 1.30 तक के बीच ओबीसी आरक्षण से संबंधित मामले की सुनवाई के लिए समय तय किया गया है। आरक्षण बढ़ाने के खिलाफ में सीनियर एड प्रदीप सचिन सचेंती जिरह करेंगे, जबकि राज्य सरकार की ओर से



असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज पक्ष रखेंगे। सोमवार को मप्र हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ में ओबीसी आरक्षण से संबंधित 86 याचिकाएं सूचीबद्ध थी।

### निर्धारित किया समय

उक्त याचिकाओं की सुनवाई हाईकोर्ट द्वारा पूर्व में दोपहर 12.30 से सुनवाई करने का आदेश पारित किया गया था, लेकिन दो डिवीजन बैंचो के अवकाश पर होने के कारण ओबीसी आरक्षण के प्रकरणों की सुनवाई 12.30 बजे से नहीं हो सकी, और प्रकरणों की सुनवाई शाम 4.35 से 5.10 तक मुख्य न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा एवं न्यायमूर्ति विनय सराफ की खंडपीठ द्वारा की गई। सुनवाई में खंडपीठ द्वारा सभी पक्षों के अधिवक्ताओं से कितने समय बहस में कंज्यूम किए जाएंगे की अंडरटेकिंग ली गई। आज मंगलवार को हाई कोर्ट ने निर्धारित किया की सर्वप्रथम ओबीसी आरक्षण के विरुद्ध दायर याचिकाकर्ताओ के अधिवक्ताओं को सुना जाएगा। तत्पश्चात मप्र शासन को इसके बाद ओबीसी पक्ष में दायर याचिकाओं मे अधिवक्ता को सुना जाएगा।

ओबीसी आरक्षण के पक्ष में दायर याचिकाओं मे याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता वरुण ठाकुर, शशांक रतनू, दिव्य वीर सिंह आदि ने पक्ष रखा। मप्र शासन की ओर से विशेष अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर विनायक प्रसाद शाह, शासन की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह तथा ए.एस.ज़ी. के.एम नटराज तथा ओबीसी आरक्षण के विरोध में दायर याचिका कर्ताओं की ओर से आदित्य संगी, अंशुमान सिंह, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी एवं प्रदीप सांचेती ने रखा।

## स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यों में लाएं तेजी: निगमायुक्त

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत शहर में संचालित विभिन्न गतिविधियों और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में स्वच्छता के मानकों को और अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ विभागीय समन्वय पर विशेष जोर दिया गया। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, उद्यान, वर्कशॉप तथा विद्युत विभाग सहित अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं के अधिकारियों से बिंदुवार चर्चा की और प्रगति की जानकारी ली। निगमायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को कचरा संग्रहण और नाली सफाई में निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए। उद्यान विभाग को पार्कों के रखरखाव और डिवाइडरों पर वृक्षारोपण की स्थिति सुधारने को कहा। विद्युत विभाग को स्ट्रीट लाइट्स की सुचारू व्यवस्था और लोककर्म विभाग को सड़कों के संधारण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में निगमायुक्त श्री अहिरवार ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में सफलता केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।



## हितकारिणी वूमेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्लेसमेंट अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन

### कार्यक्रम में उपस्थित रहीं महाविद्यालय की द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राएं

### टीसीएस से आए विशेषज्ञ, विद्यार्थियों को दी महत्वपूर्ण जानकारियां

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी वूमेंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी के सानिध्य में प्लेसमेंट सेल द्वारा प्लेसमेंट अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस),



पुणे से पधारे आशीष चौबे ने नेशनल क्वालीफायर टेस्ट (एनक्यूटी) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि बीए, बीएससी, बीकॉम. तथा बीएड की स्नातक छात्राओं के लिए भी टीसीएस में रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। इसके लिए टीसीएस द्वारा गैर-तकनीकी श्रेणी में भी परीक्षा आयोजित की जाती है।

***सफल अभ्यर्थियों को मिला प्रमाणपत्र***- परीक्षा के उपरांत सफल अभ्यर्थियों को एक प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है, जो दो वर्षों तक मान्य रहता है। यह प्रमाणपत्र न केवल टीसीएस, बल्कि अन्य कंपनियों में भी रोजगार प्राप्त करने में सहायक होता है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कुमारी रिया कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, डॉ. निधि माथुर, ज्योति शर्मा तथा कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे एवं प्रीति नामदेव का विशेष योगदान रहा।

## हिरन नदी के उद्गम स्थल से नर्मदा संगम तक चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

### कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को लंबित पत्रों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर कड़े निर्देश दिए। बैठक में सबसे महत्वपूर्ण चर्चा जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर हुई, जिसके तहत हिरन नदी के पुनर्जीवन की वृहद कार्ययोजना तैयार की गई है। यह अभियान नदी के उद्गम स्थल से नर्मदा संगम तक चलाया जाएगा, जिसमें सामाजिक सांस्कृतिक यात्रा के माध्यम से जन जागृति लाने और तकनीकी घटकों के जरिए जल संरक्षण सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसका समापन गंगा दशहरा के पावन अवसर पर होगा। प्रशासनिक दक्षता और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण की स्व गणना प्रक्रिया को लेकर सभी शासकीय विभागों, संगठनों और नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने सीएम हेल्पलाइन और लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए।

***नियमित करें फील्ड विजिट***- कलेक्टर श्री सिंह ने मैदानी स्तर पर प्रशासन की पहुंच बढ़ाने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे नियमित फील्ड विजिट करें, गांवों में रात्रि विश्राम करें और छात्रावासों का सूक्ष्म निरीक्षण करें। शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्होंने 15 मई तक स्कूलों की पानी टंकियों की सफाई, जर्जर भवनों को हटाने और सांदीपनि विद्यालयों में बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की समयसीमा निर्धारित की।

## लाखों की नगदी और जेवर ले उड़े चोर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पाटन थाने में विवेक बबेले उम्र 37 वर्ष निवासी पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह घर मे ताला लगाकर सपरिवार जबलपुर चला गया था। दूसरे दिन उसके पिताजी घर वापस आये, जिन्होने फोन कर बताया कि दरवाजे का ताला टूटा है। वह तुरंत घर पहुंचा अंदर जाकर देखा अलमारियों एवं पेटी का ताला टूटा व सामान बिखरा हुआ था। जिसमें रखे सोने-चांदी के जेवर और नगद 1 लाख 80 हजार रूपए गायब थे। कोई अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोडकर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रूपये चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## नो एंट्री बेअसर, सड़कों पर जारी भारी वाहनों का तांडव

### शहर की बिगड़ैल ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। नो एंट्री लागू होने के बावजूद भारी वाहनों का शहर में खुलेआम प्रवेश जारी है, जिससे मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बन रही है और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त आरोप लगाते हुए युवा कांग्रेस ने शहर अध्यक्ष सतेन्द्र (सोनू) कुकरेले और पूर्व प्रदेश सचिव राजा रैकवार के नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) अंजना तिवारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। शहर अध्यक्ष सतेन्द्र (सोनू) कुकरेले और पूर्व



प्रदेश सचिव राजा रैकवार ने बताया कि शहर के कछपुरा, माल गोदाम, दीनदयाल चौक, बरेला मार्ग सहित सीमावर्ती इलाकों से रोजाना भारी वाहन बेधड़क शहर में दाखिल हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इन क्षेत्रों में तैनात पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद नियमों का उल्लंघन जारी है। सीमावर्ती इलाकों में तैनात कुछ पुलिसकर्मी कार्रवाई करने के बजाय केवल वसूली में लगे हुए हैं। हाल ही में एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें एक पुलिसकर्मी पर अपने सहयोगी के माध्यम से वसूली कराने के आरोप लगे थे। बड़ा फुहारा, गुरंदी बाजार सहित अन्य इलाकों में दिनदहाड़े भारी वाहनों से सामान उतारते देखा जा सकता है। इन वाहनों के कारण सड़कें संकरी हो जाती हैं और यातायात बाधित होता है, जिससे जाम की समस्या और भी विकराल रूप ले लेती है। युवा कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि नो एंट्री क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जाए, सीमावर्ती इलाकों में कड़ी निगरानी रखी जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो युवा कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर कपिल भोजक, अभ्युत बाजपेयी, नितिन सिंह, सौरभ यादव आदि उपस्थित रहे।

## 2 मासूमों को मिला राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नया जीवनदान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला जबलपुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत हृदय रोग से ग्रसित 11 माह की बालिका दिव्यांशी बर्मन पिता दुर्गेश बर्मन, निवासी- वार्ड नं. 10, ग्राम तिघरा, विकासखण्ड सिहोरा को आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से सफल सर्जरी कर नया जीवन प्रदान किया। मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्शिया खान के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य परीक्षण करने पहुंची आर.बी.एस.के. टीम डॉ. संगीता कश्तवार ने पाया कि 11 माह की बालिका दिव्यांशी बर्मन जन्म से हृदय रोग से ग्रसित है। उनके द्वारा इसकी जानकारी डी.ई.आई.एम. सुभाष शुक्ला को दी गई, सुभाष शुक्ला द्वारा जिला अस्पताल के विषय विशेषज्ञ से उक्त बालक की जांच कराकर, अनुशंसा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. नवीन कोठारी से की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार डॉ. अमजद खान जिला नोडल अधिकारी आर.बी.एस.के. कार्यक्र म एवं सुभाष शुक्ला जिला प्रबंधक, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये बालिका का रजिस्ट्रेशन कराकर परिजन की सहमति उपरांत बालिका को नारायणा हृदयालय मुम्बई महाराष्ट्र रैफर किया गया।

# अमर शहीद स्मृति मेला जबलपुर के मनोरंजन का पर्याय: बाबू विश्वमोहन





### गोलबाजार मैदान में लगे भव्य मेले का हुआ शुभारंभ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

एक से एक बढ़कर देशी-विदेशी झूले, शीश महल की भुलभुलैया जैसे दर्जनों आकर्षणों से भरी अमर शहीद स्मृति मेले का शुभारंभ रविवार सायंकाल गोलबाजार मैदान में धूमधाम से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि उद्योगपति एवं समाजसेवी बाबू विश्वमोहन ने कहा, यह मेला शहीदों की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने में एक मील की कड़ी है। ऐसे प्रयासों की जितनी प्रशंसा की जाए कम हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक पं. नित्य निरंजन खंपरिया ने मेले के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संयोजक मंडल के जादूगर एसके निगम ने इस मेले की भावनाओं को शब्द दिए और कहा जब दर्शकों के दिमाग और दिल पर खुशियों की लहर आती है, तो एक सकारात्मक लहर चलती है।

### *अतिथियों का पगड़ी पहनाकर हुआ सम्मान*

इस मेले के माध्यम से वर्तमान पीढ़ी को मोबाइल और नेट की दुनिया से बाहर लाकर स्वस्थ्य, जमीनी भारतीय मनोरंजन से रूबरू करा रहे हैं। इस अवसर पर विजय जायसवाल के अथक प्रयासों का सम्मान किया गया। संचालन राजेश पाठक प्रवीण एवं प्रतुल श्रीवास्तव ने किया। अतिथियों का पगड़ी बंधन व मालाओं से राजीव गुप्ता, विजय नेमा, संतोष नेमा, मनीष जायसवाल, आर के तहगुनिया ने किया। आभार प्रदर्शन लायन नरेंद्र जैन ने किया। ज्ञातव्य रहे कि यह मेला सायंकाल 5.30 से 10.30 बजे तक आमजन के लिए प्रतिदिन 45 दिनों तक प्रारंभ रहेगा। इस अवसर पर प्रतुल श्रीवास्तव, राजेंद्र टेहनगुरिया, राजीव गुप्ता, नरेंद्र जैन, राजेश पाठक प्रवीण, आदि उपस्थित रहे।

## खोई हुई नाबालिग को लेकर शहर आ रहा पुलिस का वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

प्रयागराज में मप्र पुलिस की एक गाड़ी ओवरब्रिज पर हादसे का शिकार हो गई। चलती गाड़ी का पिछला पहिया निकल गया, लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। वाहन में सवार सभी पुलिसकर्मी और नाबालिग सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना सोमवार सुबह करीब 9 बजे की है। जैसे ही गाड़ी ओवरब्रिज पर पहुंची, ड्राइवर साइड का पिछला पहिया अचानक निकल गया। ड्राइवर ने तुरंत ब्रेक लगाकर गाड़ी को नियंत्रित किया और वहीं रोक दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यदि गाड़ी कुछ फीट और आगे बढ़ती तो ओवरब्रिज से नीचे गिर सकती थी। जानकारी के मुताबिक जबलपुर में 16 वर्षीय नाबालिग के लापता होने की शिकायत लार्डगंज थाना में दर्ज कराई गई थी।

South Avenue Mall | moviemagic | RUBY moviemagic

RECLINERS AT JUST ₹99*, MONDAY TO THURSDAY!

| | |
|---|---|
| MICHAEL (ENG) | RUBY 9:40 AM, 4:45 PM, 7:10 PM<br>RUBY 9:40 PM |
| BHOOTH BANGLA (HINDI) | 9:00 AM, 12:10 PM, 3:20 PM, 6:30 PM & 9:40 PM<br>RUBY 10:05 AM, 1:00 PM, 4:00 PM<br>RUBY 7:00 PM, 10:00 PM |
| LEE CRONIN'S THE MUMMY (HINDI) | 10:15 AM |
| DHURANDHAR THE REVENGE (HINDI) | 12:50 PM, 5:00 PM & 9:15 PM |

@moviemagic_jbp
MOVIE MAGIC NOW WITH 5 BIG SCREENS
Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE
Bulk Booking / Advertising 9425807507
Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**